RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित


# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net | वर्ष 33 ■ अंक 275 ■ मुंबई, रविवार 27 अप्रैल 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00 | संरक्षक : आरएन सिंह


आखिर क्यों पाकिस्तान कर रहा 'गंदा काम'?
पेज-4


यूपी में दलितों पर हमले और मूर्तियों के अपमान पर मायावती का फूटा गुस्सा
पेज-6


पर्थ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारतीय महिला टीम का आगाज
पेज-9


माधुरी के खातिर डॉ. नेने ने दांव पर रखा कैरियर
पेज-10

## Short News एक नजर

### भारत में 10 साल में 17 करोड़ लोग अत्यंत गरीबी से बाहर

**नई दिल्ली।** भारत 2011-12 और 2022-23 के बीच बेहद गरीबी में रह रहे 17.1 करोड़ लोगों को बाहर निकालने में सफल रहा है। विश्व बैंक ने भारत को लेकर गरीबी और समानता पर अपनी रिपोर्ट में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा, 'पिछले एक दशक में भारत ने गरीबी को काफी हद तक कम किया है। अत्यंत गरीबी यानी प्रतिदिन 2.15 डॉलर से कम पर जीवन यापन करने वाले लोगों की संख्या 2011-12 में 16.2 प्रतिशत से घटकर 2022-23 में 2.3 प्रतिशत पर आ गई। इससे 17.1 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आ गए हैं।'

### 'नाबालिग के ब्रेस्ट छूना रेप की कोशिश नहीं'

**कोलकाता।** इलाहाबाद हाईकोर्ट के बाद अब कलकत्ता हाईकोर्ट ने कहा है कि नशे की हालत में नाबालिग लड़की के ब्रेस्ट छूने की कोशिश करना, प्रिवेंशन ऑफ चिल्ड्रन फ्रॉम सेक्शुअल ऑफिंस (POCSO) एक्ट के तहत रेप की कोशिश नहीं है। हालांकि, कोर्ट ने इसे गंभीर यौन उत्पीड़न की कोशिश माना लेकिन आरोपी को जमानत दे दी।

### पटाखा फैक्ट्री में ब्लास्ट, तीन की मौत

**सहारनपुर।** यूपी के सहारनपुर के देवबंद में शनिवार सुबह एक पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट हो गया। हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है। मौतों का आंकड़ा बढ़ सकता है, क्योंकि घटना के वक्त फैक्ट्री के अंदर 10 से ज्यादा लोग मौजूद थे। विस्फोट इतना जोरदार था कि पूरी बिल्डिंग ढह गई। शवों के चीथड़े 100 से 150 मीटर दूर तक जा गिरे। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि धमाके की आवाज 2 किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। पुलिस ने 3 लोगों को गिरफ्तार किया है। हादसे से गुस्साए परिजनों ने हाईवे जाम कर दिया। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि अवैध फैक्ट्री चलाई जा रही थी।

### सड़क हादसे में सात लोगों की मौत



**नूंह/फरीदाबाद।** गुरुग्राम के सटे हरियाणा के ही नूंह जिले में दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर शनिवार सुबह एक भीषण सड़क हादसा हो गया। इस घटना में 7 लोगों की मौत हो गई, जबकि 4 लोग घायल हो गए। पुलिस ने मृतकों के शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। वहीं, घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। हादसे के बाद आरोपी ड्राइवर मौके से फरार हो गया। जानकारी के अनुसार, नूंह के थाना फिरोजपुर झिरका सीमा के गांव इब्राहिमवास के पास शनिवार सुबह करीब 10 बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर एक बेकाबू पिकअप गाड़ी ने सफाई कर रहे 11 सफाई कर्मचारियों को रौंद डाला। इस दर्दनाक सड़क हादसे में 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक ने अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।



# ईरान के पोर्ट पर धमाका, पांच की मौत

### 700 से ज्यादा घायल; ज्वलनशील पदार्थों को रखने में लापरवाही से हादसा

**महानगर नेटवर्क**

**तेहरान**

ईरान के बंदर अब्बास पोर्ट पर शनिवार को विस्फोट में 5 लोगों की मौत हो गई और 700 से ज्यादा घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक शुरुआती जांच में पता चला है कि घटनास्थल पर ज्वलनशील पदार्थों के स्टोरेज में लापरवाही से यह हादसा हुआ। ईरानी अधिकारियों ने बताया कि यह विस्फोट बंदर अब्बास पोर्ट के ठीक बाहर शाहिद राजाई पोर्ट के सिना कंटेनर यार्ड में हुआ। यहां पर ट्रांसपोर्ट कंटेनर्स रखा जाता है, जिसमें ऑयल और अन्य पेट्रोकेमिकल फेसिलिटी भी है। ईरानी मीडिया का कहना है कि विस्फोट की वजह से किसी एनर्जी इन्फ्रास्ट्रक्चर को नुकसान नहीं पहुंचा है। ईरान को अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंधों की वजह से जरूरी इक्विपमेंट नहीं मिल पाते हैं, इस वजह से यहां पर अक्सर इंडस्ट्रीयल दुर्घटनाएं होती रहती हैं। अमेरिका के साथ नए परमाणु समझौते को लेकर चर्चा के बीच बंदरगाह पर भीषण विस्फोट की खबर सामने आई है।

# आतंकियों के अंत की कार्रवाई तेज

### कई ठिकाने ध्वस्त, हथियारों का बड़ा जखीरा जब्त

**महानगर नेटवर्क**

**श्रीनगर**

जम्मू-कश्मीर के कुपवाड़ा जिले में सुरक्षा बलों ने शनिवार को आतंकी ठिकाने को ध्वस्त कर दिया। साथ ही, हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। पहलगाम में 26 लोगों की हत्या के कुछ दिन बाद यह कदम उठाया गया है। पुलिस अधिकारी ने बताया कि खुफिया जानकारी के आधार पर यह कार्रवाई की गई। उत्तर कश्मीर जिले के सेदोरी नाला, मुश्तकाबाद माछिल के जंगली इलाके में सुरक्षा बलों ने तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन के दौरान आतंकी ठिकाने का पता लगाया गया और उसे ध्वस्त कर दिया गया। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मौके से हथियारों और गोला-बारूद का बड़ा जखीरा जब्त किया गया। इनमें 5 एके-47 राइफल, 8 एके-47 मैगजीन, एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, 660 राउंड एके-47 गोला-बारूद, एक पिस्तौल राउंड और 50 राउंड एम4 गोला-बारूद शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ी सफलता है। आतंकवादी क्षेत्र में शांति और व्यवस्था को भंग करने वाली गतिविधियों की योजना बना रहे थे, जिसे विफल कर दिया गया। साथ ही एलओसी पर भारत और पाकिस्तान की तरफ से लगातार गोलीबारी जारी है। एलओसी से पाकिस्तान अपने आतंकियों को दूर ले जा रहा है।



### हिट लिस्ट में 14 आतंकी

खुफिया एजेंसियों ने केंद्र शासित प्रदेश में सक्रिय रूप से सक्रिय 14 स्थानीय आतंकवादियों की एक सूची तैयार की है।

**इन संगठनों के आतंकी हैं शामिल**

पहचाने गए गुर्गों के पाकिस्तान समर्थित तीन प्रमुख आतंकी संगठनों से जुड़े होने की खबर है। इनमें हिजबुल मुजाहिदीन, लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और जैश-ए-मोहम्मद (JeM) इनमें से 3 हिजबुल मुजाहिदीन से, 8 LeT से और 3 JeM से जुड़े हैं।

**इन आतंकियों के नाम हैं-** आदिल रहमान डेन्टू (21), आसिफ अहमद शेख (28), अहसान अहमद शेख (23), हारिस नजीर (20), आमिर नजीर वानी (20), यावर अहमद भट, आसिफ अहमद खांडे (24), नसीर अहमद वानी (21), शाहिद अहमद कुटे (27), आमिर अहमद डार, अदनान सफी डार, जुबैर अहमद वानी (39), हारून रशीद गनई (32) और जाकिर अहमद गनी (29)।

### पाकिस्तानी PM बोले- निष्पक्ष जांच को तैयार

▸▸ पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा है कि वे पहलगाम अटैक की हर निष्पक्ष जांच में शामिल होने को तैयार हैं। शरीफ ने कहा कि पाकिस्तान को बदनाम किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पर हर बार आरोप लगते हैं और यह बर्दाश्त नहीं है।



▸▸ पाकिस्तानी प्रधानमंत्री जांच की बात कर रहे हैं और दूसरी ओर पाकिस्तान की फौज ने लगातार दूसरे दिन LoC पर गोली बारी की। पाकिस्तान फौज ने इसका जवाब दिया। नुकसान की खबर नहीं है।

▸▸ भारत सरकार ने सभी मीडिया हाउस के लिए एडवाइजरी जारी की है कि डिफेंस ऑपरेशन और फोर्स के मूवमेंट की कवरेज न करें।

▸▸ द कश्मीर रेजिस्टेंस फ्रंट ने पहलगाम हमले के 3 दिन बाद अटैक की जिम्मेदारी लेने से इंकार कर दिया है। हमले के बाद सबसे पहले TRF ने ही इसकी जिम्मेदारी ली थी।

# 'कांग्रेस में हम पूरी तरह फंसे हुए और अलग-थलग...'

**महानगर नेटवर्क**

**हैदराबाद**

हैदराबाद में भारत शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने कहा कि कुछ साल पहले, कांग्रेस पार्टी में हम पूरी तरह से फंसे हुए और अलग-थलग महसूस करते थे। यह एक नई, आक्रामक और एक ऐसी राजनीति है, जिसमें विपक्ष से बात नहीं की जाती बल्कि विपक्ष को कुचलने का विचार होता है। राहुल गांधी ने कहा कि हम अपने इतिहास में वापस पहुंचे और हमने कन्याकुमारी से कश्मीर तक पैदल चलने का फैसला किया। कन्याकुमारी से हमारी यात्रा शुरू हुई और जैसे हम धीरे-धीरे आगे बढ़े तो धीरे-धीरे और लोग भी हमारी यात्रा में शामिल होते चले गए। कांग्रेस नेता ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में लोकतांत्रिक राजनीति बदल गई है और जो उपकरण पहले काम करते थे, वे अब काम नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि नए प्रकार के राजनेताओं का निर्माण करने की आवश्यकता है।



राहुल गांधी ने कहा कि जैसा कि हम सभी जानते हैं, लोकतांत्रिक राजनीति पूरी दुनिया में मौलिक रूप से बदल गई है, एक दशक पहले जो नियम लागू होते थे, वे अब लागू नहीं होते। जब मैं पार्टी के युवा सदस्यों से बात करता हूं, तो वे पाते हैं कि 10 साल पहले जो साधन काम करते थे, वे अब काम नहीं करते।

# गुंडों को सबक सिखाना हमारा धर्म : भागवत



**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

पहलगाम हमले के बाद संघ प्रमुख मोहन भागवत ने कहा है कि अहिंसा हमारा धर्म है और गुंडों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म है। हम अपने पड़ोसियों का कभी अपमान या नुकसान नहीं करते लेकिन फिर भी अगर कोई बुराई पर उतर आए तो दूसरा विकल्प क्या है? राजा का कर्तव्य प्रजा की रक्षा करना है, राजा को अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अहिंसा हमारा स्वभाव है, हमारा मूल्य है, लेकिन कुछ लोग नहीं बदलेंगे, चाहे कुछ भी करो। वे दुनिया को परेशान करते रहेंगे। इससे पहले संघ प्रमुख ने कहा था कि ये लड़ाई धर्म और अधर्म के बीच है। एक कार्यक्रम में भागवत ने कहा कि भारत की प्राचीन दृष्टि पर आधारित जीवन व्यवस्था स्थापित होनी चाहिए। पुस्तक में आठ सूत्र पूर्ण हैं, लेकिन भाष्य काल और परिस्थिति के अनुसार बदलते हैं।

### हिंदू समाज को अपने धर्म को समझने की जरूरत: भागवत

▌हिंदू समाज को अपने धर्म को समझने की जरूरत है। हिंदू मैनिफेस्टो शास्त्रार्थ के माध्यम से शुद्ध परंपरा को सामने लाएगा और कालानुरूप स्वरूप स्थापित करेगा। यह पुस्तक विश्व कल्याण के लिए है, और इसका व्यापक प्रचार-प्रसार होना चाहिए।

### आततायियों को सबक सिखाना भी हमारा धर्म: भागवत

▌उन्होंने कहा कि अहिंसा हमारा स्वभाव है, लेकिन आततायियों को सबक सिखाना भी धर्म है। पड़ोसियों को तंग नहीं करते, लेकिन उपद्रव करने वालों को दंड देना राजा का कर्तव्य है। भ्रष्टाचारियों को छोड़ना उचित नहीं, क्योंकि धर्म में अर्थ और काम को मर्यादा में रखना जरूरी है। धर्म को केवल कर्मकांड तक सीमित नहीं करना चाहिए; यह सत्य, करुणा और सुचिता है।

# पोप फ्रांसिस दफनाए गए



**महानगर नेटवर्क**

**वेटिकन**

ईसाई कैथोलिक धर्मगुरु पोप फ्रांसिस का शव रोम के सांता मारिया मैग्गियोरे बेसिलिका में दफना दिया गया है। शव को दफनाने से पहले यहां एक छोटी प्रार्थना रखी गई। पोप को दफनाने की प्रक्रिया का लाइव टेलीकास्ट नहीं हुआ। ये जगह सेंट पीटर्स स्क्वायर से करीब 4 किमी दूर है। पोप फ्रांसिस ने अपनी अंतिम इच्छा में कहा था कि उन्हें जमीन में एक साधारण कब्र में दफनाया जाए, जिस पर केवल Franciscus (उनके नाम फ्रांसिस का लैटिन रूप) लिखा हो। सेंट पीटर्स स्क्वायर पर पोप के अंतिम संस्कार की रस्में 1:30 बजे से शुरू होकर करीब तीन घंटे चलीं। पोप के अंतिम संस्कार में ढाई लाख लोग जुटे। 170 देशों के प्रतिनिधि पोप के अंतिम दर्शन करने पहुंचे। इनमें भारतीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, अर्जेंटीना के राष्ट्रपति जेवियर मिलेई, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों शामिल हैं।

# महाराष्ट्र से 107 पाकिस्तानी लापता

### राज्य में पांच हजार से अधिक पाकिस्तानी



**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने देश में मौजूद सभी पाकिस्तानी नागरिकों को 48 घंटे के भीतर देश छोड़ने को कहा है। महाराष्ट्र में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों को देश छोड़ने का अल्टीमेटम दिया गया है। मिली जानकारी के अनुसार राज्य में 5 हजार 23 पाकिस्तानी नागरिक रह रहे हैं, इनमें से 107 पाकिस्तानी नागरिक लापता बताए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार 5 हजार 23 पाकिस्तानी नागरिकों में चार से साढ़े हजार नागरिक लंबी अवधि का वीजा लेकर यहां आए हैं। बाकी के पाकिस्तानी नागरिक छोटी अवधि का वीजा या सार्क वीजा पर आए हैं। इन नागरिकों को देश छोड़ने के लिए कहा गया है। नागपुर में 2458 पाकिस्तानी दर्ज किए गए है। इसके बाद ठाणे शहर में 1106 पाकिस्तानी नागरिक पाए गए है। मुंबई में 14 पाकिस्तानी नागरिक है। जलगांव में 393, नवी मुंबई में 239, पिंपरी चिंचवड में 290, छत्रपति संभाजीनगर में 58 पाकिस्तानी नागरिक पाए गए हैं।

# पाकिस्तान भी जवाब देगा, शांत नहीं बैठेगा : शरद पवार

**महानगर संवाददाता**

**मुंबई**

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) के प्रमुख शरद पवार ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ की जा रही कड़ी कार्रवाइयों पर सावधानी बरतने की सलाह दी है और चेताया है कि इस तरह के कदमों के जवाब में पाकिस्तान भी चुप नहीं बैठेगा। सिंधुदुर्ग में एक कार्यक्रम के दौरान पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा, "आज हम कुछ निर्णय लेते हैं, लेकिन कल पाकिस्तान भी उसका जवाब देगा... मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान शांत बैठेगा।"



SYMBIOSIS
INTERNATIONAL (DEEMED UNIVERSITY)
॥वसुधैव कुटुम्बकम्॥ (Established under Section 3 of the UGC Act, 1956)
Re-accredited by NAAC with 'A++' Grade | Awarded Category - I by UGC

Launches
SAII (साई)
SYMBIOSIS
ARTIFICIAL INTELLIGENCE INSTITUTE

Symbiosis Artificial Intelligence Institute (SAII), located at Lavale, Pune, is a pioneering initiative by Symbiosis International (Deemed University) to offer an inclusive, interdisciplinary, and future-oriented model of AI education. With a strong emphasis on innovation, ethics, and social impact, SAII aims to play a transformative role in shaping India's AI future.

| B.Sc. (AI) | B.B.A. (AI) |
| --- | --- |
| Health Sciences | Financial Technologies |
| Sports Sciences | Marketing Technologies |
| Data Science | Technologies for Global Supply Chain |
| Cyber Security | HR Technologies |
| Agriculture | Media & Creative Industries |

Eligibility: Students from all academic streams (Science, Commerce, Arts) who have completed Std. XII with a minimum of 50% marks (45% for SC/ST) are eligible to apply.

Scan the QR code to register and apply for the preferred programme

Scan for Whatsapp
admissions@saii.siu.edu.in
02231044353
saii.siu.edu.in
Dr. M. S. Shejul
Registrar, SIU
Scan for the Website

# मुंबई पुलिस बोली- पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा तहव्वुर

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

मुंबई पुलिस के मुताबिक 2008 मुंबई आतंकी हमले का मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा पूछताछ में सहयोग नहीं कर रहा है। मुंबई पुलिस की क्राइम ब्रांच ने दिल्ली में NIA दफ्तर में आरोपी राणा से करीब 8 घंटे पूछताछ, जिसमें उसने घुमा-फिराकर जवाब दिए थे। दिल्ली में NIA भी राणा से पूछताछ कर रही है। यह पता लगाने की कोशिश जारी है कि लश्कर-ए-तैयबा (LeT) और पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी ISI ने 26/11 हमले के लिए 3 साल से ज्यादा समय तक क्या तैयारी की और क्या योजना बनाई थी। राणा से उन लोगों के बारे में भी सवाल पूछे जा रहे हैं, जिनके नाम हमले के दौरान आतंकियों और उनके हैंडलर्स के बीच इंटरसेप्ट की गई बातचीत में सामने आए थे।



# कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से अगस्त तक चलेगी

### आवेदन शुरू, 750 भारतीय जा सकेंगे

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

कैलाश मानसरोवर यात्रा 30 जून से 25 अगस्त के बीच होगी। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को आवेदन प्रक्रिया के लिए वेबसाइट खोल दी है। तीर्थयात्री http://kmy.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। 13 मई, 2025 आवेदन करने की अंतिम तारीख है। इस साल उत्तराखंड और सिक्किम के रास्ते यात्रियों का 15 जत्था कैलाश मानसरोवर जाएगा। 5 जत्थे में 50-50 यात्री उत्तराखंड से लिपुलेख दर्रे को पार करते हुए मानसरोवर जाएंगे। वहीं, 10 जत्थे में 50-50 यात्रियों का ग्रुप सिक्किम से नाथुला होते हुए यात्रा करेगा। कैलाश मानसरोवर चीन के कब्जे वाले तिब्बत में है। विदेश मंत्रालय हर साल यात्रा का आयोजन करता है। हालांकि पिछले पांच सालों से चीन कैलाश मानसरोवर की यात्रा के लिए भारतीयों को इजाजत नहीं दे रहा था। दोनों देशों के बीच सीमा विवाद और कोविड के लहर इसकी वजह थी।



## आतंकी हमले में मारे गए पर्यटकों के परिजनों से मिले सीएम फडणवीस



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मृत्युमुखी हुए पर्यटक कौस्तुभ गणबोटे और संतोष जगदाळे के घर जाकर मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री फडणवीस ने परिजनों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिस प्रकार आपने अब तक साहस दिखाया है,उसी तरह आगे भी मजबूत बने रहें। राज्य सरकार इस दुख की घड़ी में आपके साथ खड़ी है। इस अवसर पर गंगानगर,कोंढवा स्थित गणबोटे परिवार के निवास पर नगरविकास राज्यमंत्री माधुरी मिसाळ, विधायक योगेश टिळेकर,सुनील कांबले, पूर्व मंत्री हर्षवर्धन पाटील,कौस्तुभ गणबोटे की पत्नी संगीता गणबोटे, पुत्र तुषार और कुणाल,तथा पुत्रवधू कोमल गणबोटे उपस्थित रहे। वहीं, कर्वेनगर स्थित संतोष जगदाले के निवास पर राज्यमंत्री माधुरी मिसाल, विधायक भीमराव तापकीर,सुनील कांबले, स्वर्गीय संतोष जगदाले की पत्नी प्रगती जगदाले और बेटी आशावरी जगदाले समेत अन्य परिजन मौजूद रहे। इस दौरान गणबोटे परिवार और जगदाले परिवार ने मुख्यमंत्री के समक्ष घटना की पूरी जानकारी साझा की।

# वर्ष 2034 तक CM रहेंगे देवेंद्र फडणवीसः बावनकुले

### मुख्यमंत्री की प्रतिक्रिया, राजनीति में बदलते रहते हैं रोल

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

महाराष्ट्र के राजस्व मंत्री और प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस राज्य के अब तक के सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री हैं और वे वर्ष 2034 तक इस पद पर बने रहेंगे। बावनकुले के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए, फडणवीस ने कहा कि उनका बस चलता तो वे मुझे 100 साल तक मुख्यमंत्री बनाए रखते। यह उनकी शुभकामनाएं हैं,लेकिन राजनीति में रोल बदलते रहते हैं। कोई भी लंबे समय तक नहीं रहता। बावनकुले ने कहा कि देवेंद्र फडणवीस ने विकसित महाराष्ट्र का जो संकल्प तैयार किया है, उसे पूरा करने के लिए अगले 9 साल तक उनके नेतृत्व की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि देवेंद्र फडणवीस 2034 तक मुख्यमंत्री बने रहेंगे, क्योंकि उन्होंने विकसित महाराष्ट्र का रोडमैप तैयार किया है। वह महाराष्ट्र के अब तक के सबसे बेहतरीन मुख्यमंत्री हैं। चंद्रशेखर बावनकुले ने विकास योजना का जिक्र करते हुए कहा कि



फडणवीस की निरंतर नेतृत्व क्षमता उस लक्ष्य को हासिल करने के लिए अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि हमारे पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रूप में केंद्र में और फडणवीस के रूप में राज्य में दोहरे इंजन की सरकार है। इस दोहरे नेतृत्व से महाराष्ट्र एक विकसित राज्य बनेगा। उन्होंने पार्टी और राज्य के लोगों से एकजुट होकर फडणवीस के नेतृत्व में आगे बढ़ने का आह्वान किया। बावनकुले ने कहा कि हमें एकजुट होकर फडणवीस के पीछे खड़ा रहना चाहिए ताकि यह सपना साकार हो सके। जब पत्रकारों ने फडणवीस से 2034 तक मुख्यमंत्री बने रहने संबंधी बावनकुले की टिप्पणियों के बारे में पूछा तो उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा 'शुभकामनाएं'। वहीं फडणवीस को लेकर बावनकुले की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए शिवसेना नेता रामदास कदम ने कहा कि अगर वह 2080 तक भी मुख्यमंत्री रहें तो हमें कोई दिक्कत नहीं है। हमारी शुभकामनाएं उनके साथ हैं। पुणे में जब मुख्यमंत्री से बावनकुले के बयान में संबंध में सवाल किया तो उन्होंने मुस्कुराते हुए कहा कि बावनकुले का बस चलता तो वे मुझे 100 साल सीएम बनाए रखते। यह उनकी शुभकामनाएं हैं। राजनीति में रोल बदलते रहते हैं। कोई भी इतने लंबे समय तक नहीं रहता। जब रोल बदलेगा तो बदलेगा।

## धार्मिक स्थलों पर 12 दिनों तक विशेष सफाई

### रोजाना दो घंटे तक होगा सफाई अभियान



**मुंबई।** मनपा प्रशासन ने मुंबई के प्रमुख अस्पताल पूर्व और पश्चिम एक्सप्रेस हाईवे की सफाई के बाद अब धार्मिक स्थलों की सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा। मनपा 28 अप्रैल से लेकर अगले बारह दिनों तक धार्मिक स्थलों पर यह सफाई अभियान चलायेगी। यह अभियान प्रत्येक दिन सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुंबई के सभी धर्म स्थल पर चलाया जाएगा। मनपा की एक अधिकारी ने बताया कि यह अभियान मुंबई के गैर सरकारी संगठनों नागरिकों और घनकचरा विभाग के कर्मचारियों के सामूहिक प्रयासों से चलाया जाएगा। मनपा उपायुक्त किरण दिघावकर ने बताया कि इसके पहले पूर्व मुंबई में 'संपूर्ण स्वच्छता अभियान चलाया गया था। 17 से 22 मार्च तक प्रतिदिन रात 10 बजे से सुबह 6 बजे तक पूर्वी और पश्चिमी एक्सप्रेसवे की व्यापक सफाई की गई। इसी तरह 1 से 4 अप्रैल तक मुंबई के प्रमुख खेल के मैदानों में और फिर 7 अप्रैल से मुंबई के स्कूलों में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसी अभियान के तहत अब मुंबई के धार्मिक स्थलों की सफाई के लिए विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा। दिघावकर ने कहा कि मनपा 28 अप्रैल से 9 मई तक रोजाना सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक मुंबई के सभी धार्मिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया जाएगा।

## भिवंडी में फर्निचर गोदाम जलकर खाक

**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**



शनिवार सुबह भिवंडी के रहनाल गांव स्थित मणि सूरत कॉम्प्लेक्स में भीषण आग लग गई,जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। आग इतनी भयंकर थी कि कई किलोमीटर दूर से धुएं का घना गुबार दिखाई दे रहा था। फिलहाल फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं और आग बुझाने का प्रयास लगातार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह कॉम्प्लेक्स तीन मंजिला इमारत है,जिसमें फर्नीचर और प्लाइवुड का बड़ा स्टॉक रखा गया था। आग ने पूरी बिल्डिंग को अपनी चपेट में ले लिया है,जिससे भारी आर्थिक नुकसान की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय पुलिस और प्रशासन ने आसपास के क्षेत्र को खाली करवा लिया है और आम जनता से इलाके से दूर रहने की अपील की है। एहतियातन आसपास के अन्य गोदामों और इमारतों को भी खाली कराया जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक,अभी तक किसी के हताहत या घायल होने की कोई खबर नहीं है,लेकिन आग के कारण संपत्ति को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। दमकल कर्मी आग पर काबू पाने के लिए जी-जान से जुटे हुए हैं। स्थानीय लोग घटनास्थल के पास जमा हो गए थे, जिन्हें पुलिस ने सुरक्षा के लिहाज से दूर किया। घटना के वास्तविक कारण का अब तक पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है।भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचाव के लिए प्रशासन ने सुरक्षा उपायों की समीक्षा करने और कॉम्प्लेक्स के सभी गोदामों में अग्नि सुरक्षा मानकों को सख्ती से लागू करने के संकेत दिए हैं। आग पर पूरी तरह काबू पाने के बाद नुकसान के सही आंकलन और आग लगने के कारणों की विस्तृत जांच की जाएगी।

## नकली नोट की रिश्वत

### नयानगर पुलिस स्टेशन के उपनिरीक्षक रिश्वत लेते रंगेहाथ गिरफ्तार

**ठाणे।** नयानगर पुलिस स्टेशन में तैनात उपनिरीक्षक रामनाच उमाजी तांडालकर (उम्र 56 वर्ष) को 50 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ठाणे ने रंगेहाथ गिरफ्तार कर लिया। शिकायतकर्ता के भाई के खिलाफ एमडी ड्रग्स बेचने के आरोप में मामला दर्ज किया गया था। भाई को जमानत पर छोड़ने और मामले में अच्छा फीडबैक (IOTS रिपोर्ट) देने के एवज में तांडालकर ने 70 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी। शिकायत के बाद एसीबी ने जाल बिछाया और 25 अप्रैल को तांडालकर को नकली और असली नोटों के साथ रिश्वत स्वीकारते हुए पकड़ लिया। एसीबी



अधिकारियों ने बताया कि आरोपी उपनिरीक्षक के पास से 5 हजार रुपये असली और 45 हजार रुपए नकली नोट बरामद हुए हैं, जिन पर 'चिल्ड्रेन बैंक ऑफ इंडिया' अंकित था। पूरी कार्रवाई वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में की गई। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने नागरिकों से अपील की है कि यदि किसी लोकसेवक द्वारा रिश्वत मांगी जाए तो तुरंत एसीबी ठाणे कार्यालय से संपर्क करें या टोलफ्री नंबर 1064 पर शिकायत दर्ज कराएं।

## शिखर परिषद के लिए मनपा के 500 इंजीनियरों की नियुक्ति

### इंजीनियरों ने जताई नाराजगी

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स स्थित जिओ वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में 1 से 4 मई के बीच आयोजित होने जा रहे वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट शिखर परिषद के लिए मनपा के लगभग 500 इंजीनियरों और कर्मचारियों की नियुक्ति संपर्क अधिकारी और स्वयंसेवक के रूप में की गई है। इस नियुक्ति के कारण मानसून पूर्व मुंबई में चल रहे नागरिक कार्यों पर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है। मनपा के इस इस फैसले का मुंबई म्युनिसिपल इंजीनियर एसोसिएशन ने विरोध किया है और इस संबंध में आयुक्त को पत्र भी सौंपा है। इंजिनियर एसोसिएशन का कहना है कि मानसून में लोगों को परेशानी हुई तो उसके जिम्मेदार मनपा आयुक्त होंगे। बता दें कि शिखर परिषद कार्यक्रम 1 मई से शुरू होगा, लेकिन अधिकारियों की ड्यूटी 26 अप्रैल से ही शुरू हो जाएगी। इन 500 अधिकारियों में से लगभग 400 कार्यकारी इंजीनियर और सहायक इंजीनियर स्तर के हैं। इनमें से कई अधिकारी सड़क,मानसून जल निकासी, सीवेज प्रबंधन और अन्य परियोजना विभागों में कार्यरत हैं। वर्तमान में मानसून से पहले के कार्यों की योजना बनाकर उन्हें समय सीमा में पूरा करना जरूरी है और इसके लिए इंजीनियर सक्रिय रूप से लगे हुए हैं। इन कार्यों की समीक्षा अतिरिक्त आयुक्त और प्रमुख अभियंता द्वारा की जाती है।

एसोसिएशन के अध्यक्ष रमेश भुतेकर देशमुख ने कहा कि वर्तमान में मनपा इंजीनियरों के 50% पद रिक्त हैं, जिससे मौजूदा इंजीनियर पर काम का अत्यधिक बोझ है। मनपा इंजीनियरों की कई पदोन्नतियां लंबित हैं, जिससे अनेक सहायक और कार्यकारी इंजीनियर अतिरिक्त जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। जिओ सेंटर में दी जा रही ड्यूटी तकनीकी न होकर प्रशासनिक है, इसलिए इंजीनियरों की नियुक्ति न की जाए, ताकि मानसून पूर्व काम प्रभावित न हो।

## प्री-मानसून समीक्षा बैठक में नालों की सफाई पर जोर


**कल्याण।** नगर निगम आयुक्त अभिनव गोयल के कार्यालय में मानसून पूर्व तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में आगामी मानसून सीजन के मद्देनजर शहर के विभिन्न वार्डों में किए जाने वाले आवश्यक उपायों के संबंध में गहन चर्चा की गई। इस बैठक में आयुक्त ने नालों की सफाई का काम जल्द से जल्द पूरा करने तथा उनमें जमा गाद को प्रारंभिक चरण में ही हटाने के निर्देश दिए। साथ ही बड़े,मध्यम नालों के साथ-साथ छोटे नालों के पास स्थित जीवीपी स्थानों पर प्रतिदिन सफाई करने के आदेश दिए गए।

## तीन माह में तीन लाख रुपए वसूले

### एसटी चालकों की जेब पर भारी पड़ी यातायात नियमों की अनदेखी

**महानगर संवाददाता**
**ठाणे**

ठाणे जिले में एसटी चालकों द्वारा यातायात नियमों के उल्लंघन पर भारी जुर्माना लगाया जा रहा है, जो अब सीधे उनकी जेब से वसूला जा रहा है। नियमों के अनुसार, यदि कोई एसटी चालक ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करता है, तो सबसे पहले जुर्माने की राशि एसटी महामंडल द्वारा भरी जाती है और फिर उस राशि की कटौती चालक के वेतन से किस्तों में की जाती है। पिछले तीन महीनों में जिले के आठ गैरेजों के 100 से अधिक एसटी चालकों



पर कार्रवाई करते हुए तीन से साढ़े तीन लाख रुपए का जुर्माना वसूला गया है। मिली जानकारी के अनुसार, चालकों को यातायात नियमों के प्रति अधिक सतर्क बनाने के लिए एसटी विभाग ने व्यापक जनजागरूकता अभियान शुरू किया है। डिपो परिसर में सूचना बोर्ड लगाए गए हैं और चालकों को प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। इन प्रयासों के चलते पिछले वर्ष की तुलना में इस साल जुर्माने की घटनाओं में कुछ कमी आई है, जिससे विभाग को सकारात्मक परिणाम मिल रहे हैं। जुलाई 2024 से जिले में कई स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिससे यातायात नियमों के उल्लंघन पर नजर रखना आसान हो गया है। इसी का नतीजा है कि पिछले साल यातायात नियम तोड़ने वाले चालकों से करीब 25 लाख रुपये का जुर्माना वसूला गया था।

## ठाणे में क्लस्टर योजना के खिलाफ उबाल

**ठाणे।** ठाणे महानगरपालिका द्वारा प्रस्तावित क्लस्टर डेवलपमेंट योजना के खिलाफ मानपाड़ा, आजाद नगर और मनोरमा नगर सहित कई इलाकों में नागरिकों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद गुट) के राष्ट्रीय महासचिव और विधायक डॉ. जितेंद्र आव्हाड के नेतृत्व में हजारों लोगों ने सड़कों पर उतरकर अपने गुस्से का इज़हार किया। स्थानीय नागरिकों ने अपने घरों पर लिखे सर्वे नंबरों को सफेद रंग से पोतते हुए यह स्पष्ट कर दिया कि वे जबरन थोपी जा रही इस योजना को स्वीकार नहीं करेंगे। डॉ. आव्हाड ने मौके पर उपस्थित पत्रकारों से बात करते हुए प्रशासन पर तीखा हमला बोला और सवाल उठाया कि जब जनता इस योजना के खिलाफ है तो इसे बलपूर्वक लागू करने की जिद क्यों की जा रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जनमत का सम्मान सर्वोपरि है और जब लोग स्पष्ट रूप से असहमति जता रहे हैं तो जबरदस्ती करना लोकतांत्रिक मूल्यों के खिलाफ है।

## पालतू जानवरों के लिए बनेगी श्मशान भूमि

**महानगर संवाददाता**
**भायंदर**

राज्य में पालतू जानवरों के लिए श्मशान भूमि बनाने का प्रस्ताव सरकार द्वारा पास किया गया है। राज्य सरकार द्वारा इसके लिए सभी स्थानिक स्वराज संस्थाओं को धन कचरा प्रकल्पों के पास पालतू जानवरों के लिए श्मशान भूमि बनाने का निर्देश दिया है। कुत्तों,बिल्ली,सफेद चूहों एवं गौवंश जैसे पालतू जानवरों की मुत्यू के बाद उनका अंत्य संस्कार करने में काफी दिक्कत होती हैं । इन जानवरों के शवों को कही पर भी डाल दिया जाता हैं। इस कारण वहां के परिसरों में दुर्गंध फैलती हैं और वहां के लोगों को कई तरह की बीमारी हो रही हैं। इस समस्या पर ध्यान देते हुए प्रताप सरनाईक ने 2023 से ही सरकार से इन जानवरों के लिए श्मशान भूमि बनाने की मांग की थी,जिसको अब राज्य सरकार ने मंजूर



कर लिया है। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक के जनसंपर्क अधिकारी अभिजीत भोसले ने एक प्रेस विज्ञप्ति द्वारा बताया की इस श्मशान भूमि की शुरुआत मीरा-भायंदर एवं थाने शहर से की जा रही हैं। इन दोनों महानगर पालिका में स्थित श्मशान भूमि के बगल में स्थित आरक्षित जगहों पर इन जानवरों के लिए गैस शव दाहनी द्वारा इन पालतू जानवरों का अंत्य संस्कार शुरू होने जा रहा हैं । जानवरों के लिए बनाएं गए इन श्मशान भूमि का जल्दी ही उद्घाटन भी होने जा रहा है।

## राज्यपाल के हाथों निशानेबाज माने का सम्मान



**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन ने अंतर्राष्ट्रीय कोल्हापुर निशानेबाज शाहू तुषार माने को शिवाजी छत्रपति खेल पुरस्कार से सम्मानित किया। सम्मान समारोह मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस,उपमुख्यमंत्री अजित पवार , खेल मंत्री दत्तात्रेय भरणे और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री चंद्रकांत पाटिल की उपस्थिति में बालेवाड़ी के म्हाळुंगे स्थित शिवाजी छत्रपति खेल परिसर के बैडमिंटन हॉल में आयोजित किया गया। निशानेबाज शाहू माने ने 2017 में जापान में आयोजित विश्व एशियाई चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीता था। इस प्रदर्शन के कारण उनका चयन यूथ ओलंपिक गेम्स के लिए हुआ था। 2018 में उन्होंने ब्यूनस आयर्स में आयोजित ओलंपिक खेलों में रजत पदक जीता,जिससे वे युवा ओलंपिक खेलों में निशानेबाजी स्पर्धा में पदक जीतने वाले पहले भारतीय एथलीट बन गए,उन्होंने दोहा में आयोजित 2019 एशियाई चैंपियनशिप में 1 स्वर्ण और 1 कांस्य पदक जीता।

## नालासोपारा से धर दबोचा गया नाइजीरियन नागरिक

### अवैध शराब और नगदी बरामद

**नालासोपारा।** नालासोपारा पूर्व के प्रगतिनगर क्षेत्र में तुलिंज पुलिस ने एक नाइजीरियन नागरिक को गिरफ्तार कर उसके पास शराब,नगदी और अन्य सामग्री बरामद किया है। नाइजीरियन नागरिक भारत में अवैध रूप से रह रहा था। उसके खिलाफ तुलिंज पुलिस स्टेशन में विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार,गुप्त सूचना के आधार पर तुलिंज पुलिस ने नाईजीरियन नागरिक (एजिता गेट्रिच,उम्र- 28 वर्ष) नालासोपारा पूर्व के प्रगति नगर,हाइटेंशन रोड,तारा बिल्डिंग,रूम नं.108 में कार्रवाई की। इस दौरान रूम से अलग-अलग कंपनियों के शराब की खेप बरामद किया। पुलिस ने बताया कि, नाइजीरियन नागरिक के पास से हजारों रुपए नगदी और अन्य सामग्री भी जब्त की गई है।

## अनधिकृत होर्डिंग-बैनर्स पर मनपा की बड़ी कार्रवाई

**महानगर संवाददाता**
**भिवंडी**

भिवंडी-निज़ामपुर शहर महानगरपालिका प्रशासन ने शहर की सुंदरता बिगाड़ने वाले अनधिकृत होर्डिंग,बैनर और पोस्टरों के खिलाफ सख्त रवैया अपनाया है। आयुक्त तथा प्रशासक अनमोल सागर के स्पष्ट आदेश के तहत यह कार्रवाई तेज़ी से शुरू कर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, अतिक्रमण विभाग के उपआयुक्त विक्रम दराड़े के मार्गदर्शन में 23 अप्रैल से 25 अप्रैल तक विशेष मुहिम चलाई गई। इस दौरान प्रभाग समिति क्रमांक 1 से



5 के अंतर्गत कुल 271 बैनर्स, 217 पोस्टर्स और 357 विभिन्न प्रकार के झंडे हटाकर जब्त किए गए। यह सारा सामान कोंनवाडा में जमा किया गया है। मनपा आयुक्त अनमोल सागर ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि आगे किसी ने शहर में बिना अनुमति कोई भी बैनर, पोस्टर या झंडा लगाया तो उसके खिलाफ Maharashtra Prevention of Defacement of Property Act, 1991 के तहत सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस विशेष अभियान को सभी प्रभाग अधिकारियों एवं बिट निरीक्षकों ने मिलकर सफलतापूर्वक अंजाम दिया। मनपा प्रशासन ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे शहर की सुंदरता बनाए रखने में सहयोग करें और भविष्य में अनधिकृत विज्ञापन सामग्रियाँ न लगाएँ।

## शिक्षा के नाम पर धोखा

### भिवंडी में अवैध स्कूलों की भरमार

**भिवंडी।** भिवंडी- निजामपुर शहर महानगरपालिका ने शहर में बिना सरकारी अनुमति के चल रही 18 अवैध प्राथमिक और माध्यमिक शालाओं की सूची सार्वजनिक करते हुए नागरिकों से अपील की है कि वे अपने बच्चों का प्रवेश इन स्कूलों में न कराएं, अन्यथा बच्चों का शैक्षणिक नुकसान हो सकता है। महानगरपालिका के प्राथमिक शिक्षा विभाग के अनुसार, इन स्कूलों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। संबंधित संचालकों को नोटिस भेजी जा चुकी है और शीघ्र ही उनके विरुद्ध फौजदारी मामले भी दर्ज किए जाएंगे। मनपा प्रशासन ने यह भी स्पष्ट किया है कि इन अवैध स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को नजदीकी मान्यता प्राप्त स्कूलों में समायोजित किया जाएगा, जिससे उनका शैक्षणिक वर्ष बर्बाद न हो। अवैध स्कूलों की सूची इस प्रकार हैः

रॉयल इंग्लिश स्कूल, पटेल कंपाउंड, धामणकर नाका , नोबेल इंग्लिश स्कूल, अवचितपाड़ा,3. अलरजा उर्दू प्राथमिक स्कूल, गैबी नगर, मराठी प्राथमिक स्कूल, पाईपलाइन, टेमघर, इंग्लिश प्राथमिक व माध्यमिक स्कूल, टेमघर, द लर्निंग प्राथमिक स्कूल, टेमघर पाड़ा , एकता इंग्लिश पब्लिक स्कूल, फातमा नगर, नागांव, एकता उर्दू पब्लिक स्कूल, फातमा नगर, नागांव , ए.आर. रहमान उर्दू प्राथमिक स्कूल, फातमा नगर, नागांव, जवेरिया उर्दू प्राथमिक स्कूल, गैबीनगर ।

## आज हार्बर लाइन पर तथा विद्याविहार और ठाणे के बीच मेगा ब्लॉक

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

मध्य रेल, मुंबई मंडल रविवार को अपने उपनगरीय खंडों पर विभिन्न इंजीनियरिंग और रखरखाव कार्यों को करने के लिए निम्नानुसार मेगा ब्लॉक परिचालित करेगा। विद्याविहार और ठाणे के बीच 5वीं और 6वीं लाइन पर सुबह 8.00 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक रहेगा। डाउन मेल/एक्सप्रेस ट्रेन डायवर्ट ट्रेन संख्या 11055,11061 और 16345 को विद्याविहार स्टेशन पर डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और ठाणे स्टेशन पर 5वीं लाइन पर फिर से डायवर्ट किया जाएगा और ब्लॉक अवधि




के दौरान निर्धारित समय से 10 से 15 मिनट देरी से चलेंगी। अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेनें अर्थात ट्रेन संख्या 11055,11061 और 16345 को विद्याविहार स्टेशन पर डाउन फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और ठाणे स्टेशन पर 5वीं लाइन पर फिर से डायवर्ट किया जाएगा और अपने निर्धारित समय से 10 से 15 मिनट देरी से चलेंगी।

अप मेल/एक्सप्रेस ट्रेन 11010, 12124, 13201, 17221, 12126, 12140 और 22226 को ठाणे स्टेशन पर अप फास्ट लाइन पर डायवर्ट किया जाएगा और विद्याविहार स्टेशन पर 6वीं लाइन पर फिर से डायवर्ट किया जाएगा और ब्लॉक अवधि के दौरान अपने निर्धारित समय से 10 से 15 मिनट देरी से चलेगी।

सीएसएमटी मुंबई और चूनाभट्टी/बांद्रा स्टेशनों के बीच अप हार्बर लाइन 11.10 बजे से 16.10 बजे तक और डाउन हार्बर लाइन 11.40 बजे से 16.40 बजे तक सीएसएमटी मुंबई से वाशी/बेलापुर/पनवेल के लिए 11.16 बजे से 16.47 बजे तक छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं और सीएसएमटी मुंबई से बांद्रा/गोरेगांव के लिए 10.48 बजे से 16.43 बजे तक छूटने वाली डाउन हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी।

पनवेल/बेलापुर/वाशी से सीएसएमटी मुंबई के लिए 9.53 बजे से 15.20 बजे तक छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं और गोरेगांव/बांद्रा से सीएसएमटी मुंबई के लिए 10.45 बजे से 17.13 बजे तक छूटने वाली अप हार्बर लाइन सेवाएं रद्द रहेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान कुर्ला-पनवेल के बीच 20 मिनट की आवृत्ति पर विशेष सेवाएं चलेंगी। ब्लॉक अवधि के दौरान हार्बर लाइन के यात्रियों को सुबह 10 बजे से शाम 6 बजे तक मेन लाइन और पश्चिमी रेलवे के माध्यम से यात्रा करने की अनुमति है। ये रखरखाव मेगा ब्लॉक बुनियादी ढांचे के रखरखाव और संरक्षा के लिए आवश्यक हैं। यात्रियों से अनुरोध है कि वे इस असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग करें।

## विदेश से मंगवाया हीरा

### न तो पैसे दिए न ही लौटाए हीरे

**महानगर संवाददाता**
**मुंबई**

हीरा व्यापार से जुड़े घनश्याम नानजीभाई पटेल (46), मेशर्स योगी स्टार एलएलपी के भागीदार हैं, उन्होंने बीकेसी पुलिस स्टेशन में धोखाधड़ी की शिकायत दर्ज करवाई है। पटेल के अनुसार, उन्होंने और उनके भाई परेश नानजीभाई पटेल ने मिलकर योगी स्टार एलएलपी के माध्यम से देश-विदेश में हीरे की खरीद-बिक्री का व्यवसाय शुरू किया था।

शिकायत के अनुसार, ब्रोकर समीर चौकसी के माध्यम से अमेरिकी कंपनी मेशर्स जास डायमंड इंक (शिकागो, यूएसए) के साझेदार



आशिष सोनी, जसवंत सोनी और चिंतन सोनी ने भारतीय बाजार से आईजीआई सर्टिफाइड लैब ग्रोन पॉलिश्ड डायमंड्स की आवश्यकता बताई थी। भरोसे के आधार पर, 2022 में पटेल ने लगभग 3490.77 कैरेट हीरे, जिसकी कीमत 18.5 करोड़ रुपये थी, उसे कंपनी को भेजा था।

शुरुआत में कंपनी ने समझौते के अनुसार कुछ भुगतान और हीरे वापस किए। परंतु शेष बकाया हीरे न लौटाते हुए और भुगतान से इनकार करते हुए, कीमत घटाने का दबाव बनाने लगे। बार-बार अनुरोधों के बावजूद, न तो हीरे वापस किए गए और न ही उनकी बची हुई राशि चुकाई गई।

पटेल ने अपनी शिकायत में बताया है कि इस प्रकार से उनकी और उनकी कंपनी की कुल 5.36 करोड़ की धोखाधड़ी की गई है। बीकेसी पुलिस ने शिकायत दर्ज कर ली है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# शिंदे गुट के विधायक पर भड़के मुख्यमंत्री फडणवीस

## बोलना बंद नहीं करेंगे तो लेना होगा एक्शन ■ गायकवाड ने पुलिस विभाग को बताया निकम्मा

महानगर संवाददाता
मुंबई

एकनाथ शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड के बयान से मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस खासे नाराज हैं,उन्होंने कहा कि गायकवाड का बयान ठीक नहीं है। मैं एकनाथ शिंदे से कहूंगा कि वे कड़े शब्दों में समझा दें,वे बार-बार बोलेंगे तो उनके खिलाफ एक्शन लेनी होगी। शिंदे गुट के विधायक ने विवादित बयान देते हुए कहा था कि महाराष्ट्र पुलिस जितना निकम्मा विभाग दुनिया में कहीं नहीं है।

पुणे में पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री फडणवीस ने कहा कि पुलिस के बारे में ऐसा बयान देना ठीक नहीं है। मैं खुद उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से कहूंगा कि वे गायकवाड़ को कठोर शब्दों में चेतावनी दें। वे बार-बार बोलेंगे तो यह चलेगा नहीं, उनके खिलाफ एक्शन लेना पड़ेगा।



गायकवाड ने कहा कि महाराष्ट्र में पुलिस जितना निकम्मा विभाग दुनिया में कहीं नहीं है। पुलिस विभाग का मतलब है कि जब सरकार कोई कानून बनाती है तो उसका हफ्ता बढ़ जाता है। शराब बंदी की तो शुरू करने के लिए तत्काल हफ्ता बढ़ जाता है। अगर राज्य और देश की पुलिस ईमानदारी से काम करे, तो दुनिया से सारे अपराध खत्म हो सकते हैं। पुलिस को ही अपना कर्तव्य ईमानदारी से निभाना चाहिए। गायकवाड ने कहा कि उन्होंने एक खबर पढ़ी कि एक पुलिसकर्मी चोरों का मास्टरमाइंड निकला। साथ ही बुलढाणा में दो पुलिस कर्मचारी ऐसे थे, जिनकी चोरों के साथ साझेदारी थी। जब वे उन चोरों को पकड़ने जाते थे, तो वे उन्हें पहले ही बुला लेते थे, इतना ही नहीं, बल्कि चोरों का माल उनके घरों में रहता था। मैं अभी उनका नाम नहीं लूंगा। अगर राज्य में पुलिस कभी सच में ईमानदारी से काम करे, तो हर कोई सीधा-सादा हो जाएगा, अपराध खत्म हो जाएगा। विधायक गायकवाड अक्सर अपने विवादित बयानों की वजह से चर्चा में रहे हैं। इसके पहले उन्होंने आरक्षण मुद्दे पर बोलते हुए राहुल गांधी की जीभ काटने वाले को 11 लाख इनाम देने का ऐलान देने की घोषणा की थी। इस बार उन्होंने राज्य के गृह विभाग को निशाना साधा है। बता दें कि राज्य में गृह विभाग की कमान मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस संभाल रहे हैं।

# आज मिल मजदूरों का आंदोलन

**मुंबई।** मिल मजदूर यूनियन ने रविवार 27 अप्रैल को एक मार्च का आयोजन किया है। जिसमें मांग की गई है कि मिल मजदूरों को मुंबई में ही घर दिए जाएं और शेलू और वांगनी में 81,000 आवास परियोजनाओं के संबंध में सरकार का फैसला रद्द किया जाए। मि मजदूर और उनके उत्तराधिकारी रविवार को सुबह 10 बजे बांद्रा पश्चिम स्थित मुंबई उपनगरीय जिला संरक्षक मंत्री आशीष शेलार के कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। इस मार्च के सिलसिले में उपमुख्यमंत्री और आवास मंत्री एकनाथ शिंदे ने शुक्रवार को मिल श्रमिकों और म्हाडा अधिकारियों की एक संयुक्त बैठक की। इस बैठक में म्हाडा को आदेश दिया गया है कि वह साइट सर्च करके 10 दिन के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करें कि क्या मुंबई में श्रमिकों को घर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इस बीच, मिल वर्कर्स यूनियन रविवार के मार्च पर अडिग है, क्योंकि इस बैठक में कोई ठोस निर्णय नहीं लिया जा सका।

**इस मार्च में बड़ी संख्या में श्रमिक भाग लेंगे**

यूनिटी ने रविवार को आशीष शेलार के कार्यालय पर धावा बोलना का निर्णय लिया है, ताकि वे अपनी मांगों से उन्हें अवगत करा सकें तथा यह सुनिश्चित कर सकें कि वे इन मांगों पर राज्य सरकार के साथ बातचीत करें।

# भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने किया दगडूशेठ गणपति के दर्शन

## "आतंकी हमलों का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए गणेशजी पीएम को शक्ति प्रदान करें"



महानगर संवाददाता
मुंबई

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने पुणे के प्रसिद्ध श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति मंदिर में गणराज का आशीर्वाद लिया। गणेशजी की विधिवत पूजा-अर्चना के पश्चात पत्रकारों से संवाद करते हुए नड्डा ने हाल ही में हुए पहलगाम आतंकी हमले की कड़ी निंदा की और कहा कि यह हमला भारत की संप्रभुता पर सीधा आघात है। नड्डा ने प्रार्थना करते हुए कहा,"गणपति बप्पा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इतनी शक्ति प्रदान करें कि वे आतंकवाद के विरुद्ध निर्णायक कदम उठाते हुए देश को सुरक्षित और संप्रभु बनाए रखें और आतंक के आकाओं को करारा जवाब दे सकें।"उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आतंकवादियों और उनके समर्थकों को जल्द ही उनकी हरकतों का करारा जवाब दिया जाएगा। देश की अखंडता और सुरक्षा से कोई भी समझौता नहीं किया जाएगा। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री मुरलीधर मोहोल भी उपस्थित थे। श्रीमंत दगडूशेठ हलवाई गणपति ट्रस्ट के अध्यक्ष सुनील रासने, कोषाध्यक्ष महेश सूर्यवंशी, महासचिव व वर्तमान विधायक हेमंत रासने, उत्सव प्रमुख अक्षय गोडसे सहित कई गणमान्य पदाधिकारी और भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता भी कार्यक्रम में शामिल हुए। पूजा के दौरान वातावरण में गूंजते 'गणपति बप्पा मोरया' के जयघोष ने माहौल को भक्ति भाव से सराबोर कर दिया। नड्डा ने पुणेवासियों से भी अपील की कि वे देश की एकता, सुरक्षा और विकास के लिए संगठित होकर प्रधानमंत्री मोदी के हाथों को मजबूत करें।

# मानसूनी बीमारियों से निपटने के लिए मनपा ने तैयार किया खाका



महानगर संवाददाता
मुंबई

मानसून के दौरान होने वाली बीमारियों की रोकथाम के लिए मनपा प्रशासन ने प्रभावी उपाय योजनाओं का खाका तैयार किया है। मनपा ने प्रत्येक वार्ड में मानसूनी बीमारियों से निपटने के लिए वार रूम बनाया जाएगा। जिसमे सहायक आयुक्त, चिकित्सा अधिकारी और कीट नियंत्रण अधिकारी के समन्वय से कार्रवाई होगी। इस तरह की जानकारी मनपा के अधिकारियों ने दी। मुंबई में मानसून के दौरान फैलने वाली मानसूनी बीमारियों की रोकथाम के लिए विभिन्न एजेंसियों की सक्रिय भागीदारी से मच्छर जनित रोगों पर नियंत्रण के उपाय किए जा रहे हैं। इस संदर्भ में सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों, निजी अस्पतालों और दवाखानों के डॉक्टरों, साथ ही निर्माण स्थलों पर कार्यरत सुरक्षा अधिकारियों और मजदूरों को विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके अलावा निजी अस्पतालों और क्लीनिकों की मदद से मरीजों की खोज, बीमारी का सही पहचान और इलाज कर मरीज को पूरी तरह स्वस्थ करने का प्रयास किया जाएगा।

# अंधेरी की इमारत में भीषण आग

## महिला का दम घुटने से मौत, छह लोग अस्पताल में भर्ती

महानगर संवाददाता
मुंबई

शनिवार तड़के अंधेरी पश्चिम स्थित लोखंडवाला के एक इमारत में आग लगने की घटना घटी। इस घटना में 34 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि छह अन्य अस्पताल में भर्ती कराए गए हैं,जिसमे कुछ की हालत गंभीर बनी हुई है।

मिली जानकारी के अनुसार फायर ब्रिगेड को सुबह 2:39 बजे अंधेरी पश्चिम में लोखंडवाला में आग लगने की सूचना मिली। आग की जानकारी मिलते ही दमकल की गाड़िया तत्काल घटना स्थल पर पहुंची। फायर जवानों ने आग को फैलते और गंभीरता देखते हुए आग को लेवल-1 की आग घोषित करना पड़ा। जिस इमारत में आग लगी थी, वह इमारत अशोक एकेडमी



लेन के पास स्थित है। आग इमारत की पहली मंजिल पर स्थित रूम नंबर 104 में लगी थी। फायर जवानों की तैरता के चलते आग को और फैलने नहीं दिया गया। जिस इमारत में लाग लगी थी वह आठ मंजिला इमारत है। फायर ब्रिगेड के अधिकारियों के अनुसार आग की चपेट में बिजली की वायरिंग, एसी यूनिट, लकड़ी का फर्नीचर,सहित अन्य दस्तावेज और घरेलू सामान आ गए थे। फायर जावन आग पर पूरी तरह सुबह 5:30 बजे तक काबू पा सके।

आग के कारण दम घुटने से सात लोग प्रभावित हुए। दमकल जवानों ने उन्हें निजी वाहनों और एम्बुलेंस के जरिए पास के अस्पतालों में पहुंचाया। आग की चपेट में आने से अचेत पड़ी महिला अभिना कार्तिक संजनवलिया (34) को कोकिलाबेन अस्पताल ले जाया गया,जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इसी तरह धुए से दम घुटे अन्य छह लोग,जिसमे अर्पणा गुप्ता,दया गुप्ता,रिहान गुप्ता और 10 दिन का शिशु प्रद्युम्न गुप्ता सभी कोकिलाबेन अस्पताल के आईसीयू में इलाज के लिए भर्ती कराया गया है। जबकि एक अन्य निवासी कार्तिक संजय बलिया को कूपर अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, वहीं पोलम गुप्ता का ट्रॉमा अस्पताल में इलाज हुआ और उन्हें छुट्टी दे दी गई। अस्पताल में भर्ती छह मरीजों में कुछ मरीजों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# महारेरा ने जुर्माने की राशि वसूलने के लिए नियुक्त किये अधिकारी




**मुंबई।** महारेरा ने घर खरीदारों को समय पर घर न देने वाले बिल्डरों से जुर्माने की राशि वसूलने के लिए 12 राजस्व अधिकारी नियुक्त किए हैं। महारेरा ने घर खरीददार उपभोक्ताओं को समय पर घर देने वाले बिल्डरों से वसूली के लिए रिकवरी वारंट जारी किए गए हैं। हालांकि संबंधित जिलाधिकारियों द्वारा वसूली की प्रक्रिया धीमी रही है। जिससे बिल्डरों पर बकाया राशि अब भी लगभग 689. 98 करोड़ रुपए पहुंच गई है। बकाया राशि वसूलने के लिए महारेरा ने राजस्व अधिकारी नियुक्त नियुक्त किया है। मुंबई शहर,मुंबई उपनगर, ठाणे, रायगढ़, पालघर और पुणे में बकाया वसूली को गति देने के लिए राज्य सरकार ने इन छह जिलों में 12 समर्पित राजस्व वसूली अधिकारियों की नियुक्ति की है। इन छह जिलों में कुल 689. 98 करोड़ रुपए की बकाया राशि है। राजस्व विभाग द्वारा किए गए इस निर्णय से संबंधित शिकायतकर्ता ग्राहकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। अब तक महारेरा ने कुल 912 . 12 करोड़ रुपए के वसूली आदेश जारी किए हैं। इन शिकायतों के अनुसार जब यह सिद्ध होता है कि ग्राहकों के साथ धोखाधड़ी हुई है और महारेरा कानून का उल्लंघन किया गया है। बिल्डर को ग्राहक द्वारा दी गई पूरी राशि को ब्याज सहित लौटाने का आदेश दिया जाता है। बिल्डर आदेश का पालन नहीं करता, तो महारेरा वसूली आदेश जारी करता है और जिलाधिकारियों के माध्यम से बिल्डर की संपत्ति जब्त कर उसकी नीलामी कर ग्राहक को राशि लौटाई जाती है। अब तक 222 .13 करोड़ रुपए की वसूली पूरी हो चुकी है और ग्राहकों को उनकी राशि वापस मिल चुकी है लेकिन अब भी 689. 98 करोड़ रुपए की वसूली बाकी है जिससे बड़ी संख्या में ग्राहक मुआवजे और वापसी की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

**इस तरह का है बकाया**

बिल्डरों द्वारा घर उपभोक्ताओं को समय पर घर नहीं देने के मामले में लगे दंड में मुंबई उपनगर के बिल्डर पर सबसे अधिक 325 . 43 करोड़ रुपए का बकाया वसूली है, इसके बाद पुणे में 177 .37 करोड़ रुपए की वसूली शेष है। जिलाधिकारियों द्वारा प्रभावी ढंग से वसूली न किए जाने के कारण बकाया राशि लगातार बढ़ती जा रही है और इसका सीधा नुकसान ग्राहकों को हो रहा है।

# बंगाल में हिंसा संविधान का अपमानः शेलार

## पश्चिम बंगाल में हिंसा के खिलाफ आंदोलन

महानगर संवाददाता
मुंबई

पश्चिम बंगाल में हिंदू नरसंहार के खिलाफ भाजपा बंगाली प्रकोष्ठ ने प्रदेश भाजपा कार्यालय के बाहर धरना दिया। भाजपा बंगाली प्रकोष्ठ ने मांग की कि हिंदुओं की सुरक्षा के लिए बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। इस मौके पर मुंबई भाजपा अध्यक्ष और आईटी मंत्री आशीष शेलार ने कहा कि पश्चिम बंगाल में धार्मिक भावना भड़काकर हिंसा, हिंदुओं की हत्या कर कानून का विरोध संविधान का अपमान है। धरना आंदोलन में वरिष्ठ नेता भाई गिरकर, बंगाली प्रकोष्ठ के संयोजक रंजन चौधरी, सुभाशत दास, महासचिव निरंजन बोस, मीरा रोड प्रकोष्ठ की




महिला अध्यक्ष मंजुला बसक, रहम दत्ता आदि उपस्थित थे। मंत्री शेलार ने कहा कि भाजपा ममता सरकार द्वारा हिंदुओं पर किए जा रहे क्रूर अत्याचारों के खिलाफ खड़ी है। उन्होंने कहा कि कहा जाता है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता, लेकिन फिर आतंकवादी हमलों में केवल एक विशेष धर्म के लोग ही क्यों शामिल होते है? हिन्दू एकजुट होते दिखने पर तत्काल जातिगत मतभेद पैदा करने वाले नेताओं में महाराष्ट्र के कई वरिष्ठ नेता शामिल हैं। उन्होंने महाराष्ट्र के एक वरिष्ठ नेता का नाम न लेते हुए उन पर निशाना साधा। उन्होंने यह भी कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि मोदी सरकार पहलगाम हमले के सभी दोषियों को कड़ी सजा देगी। बंगाली प्रकोष्ठ ने मांग की कि पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए और हिंदुओं को सुरक्षा प्रदान की जाए। इस अवसर पर ममता सरकार के खिलाफ ममता सरकार मुर्दाबाद, ममता इस्तीफा दो तथा राष्ट्रपति शासन लागू करो जैसे नारे लगाए गए। मुर्शिदाबाद में हुई हिंसा और पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में जान गंवाने वालों को दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई।

# मुस्लिम फेरीवालों का नाम पूछकर पिटाई

## 10 लोगों पर एफआईआर दर्ज

महानगर संवाददाता
मुंबई

दादर इलाके में मुस्लिम फेरीवालों के साथ मारपीट के मामले में भाजपा नेत्री अक्षरा तेंदुलकर समेत उनके नौ साथियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। यह एफआईआर शौरभ मिश्रा नामक व्यक्ति की शिकायत पर दादर पुलिस द्वारा दर्ज की गई है। शिकायत के अनुसार,पहलगाम आतंकी हमले के बाद इस घटना को अंजाम दिया गया, जिसमें अक्षरा तेंदुलकर ने अपने समर्थकों के साथ मिलकर मुस्लिम फेरीवालों से उनके नाम पूछे और फिर उनके साथ मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें अक्षरा तेंदुलकर और अन्य लोगों को फेरीवालों के साथ दुर्व्यवहार करते हुए देखा जा सकता है। वीडियो सामने आने के बाद पुलिस ने गंभीरता से मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता




(बीएनएस) की धारा 189(2), 191(2), 115(2), 351(2), 352 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1) और 135 के तहत केस दर्ज किया है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है और सभी आरोपियों से पूछताछ जारी है। शुरुआती जानकारी के मुताबिक, पुलिस ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज भी जब्त कर लिए हैं ताकि घटना के पूरे क्रम को स्पष्ट किया जा सके।

# सीसीटीवी कैमरों से जीआरपी रखेगी स्टेशनों पर नजर

महानगर संवाददाता
मुंबई

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद मुंबईकरों की सुरक्षा के मद्देनजर रेलवे पुलिस सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से सभी स्टेशनों पर पैनी नजर बनाए हुए है। यह जानकारी रेलवे पुलिस आयुक्तालय ने दी है।

मुंबई रेलवे पुलिस आयुक्तालय के अंतर्गत कुल 139 रेलवे स्टेशन आते हैं। प्रतिदिन लोकल ट्रेनों के करीब साढ़े सात से आठ हजार फेरे होते हैं, जिनमें से लगभग 75 से 80 लाख यात्री यात्रा करते हैं। आयुक्तालय



के अंतर्गत सभी रेलवे स्टेशनों पर सीसीटीवी प्रणाली द्वारा यात्रियों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से सतत और प्रभावी निगरानी रखी जा रही है। सभी पुलिस थानों के अंतर्गत पुलिस मित्र, शांति समिति, यात्रियों के साथ-साथ यात्री संगठनों, कैंटीन कर्मियों, रेलवे कर्मचारियों,सफाईकर्मियों, हमालों और जूता पालिश करने वालों के साथ व्यक्तिगत संपर्क बनाए रखा जाता है। इससे सुरक्षा के दृष्टिकोण से आवश्यक जानकारी समय पर मिलती है तथा किसी भी संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु या गतिविधि की तत्काल सूचना प्राप्त होती है। प्रत्येक वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक के लिए कम से कम दो घंटे क्षेत्र में मौजूद रहना अनिवार्य किया गया है। वहीं, हर पुलिस अधिकारी को दिन में कम से कम चार घंटे गश्त करना अनिवार्य है। इसके साथ ही यात्रियों के तलाशी अभियान भी नियमित रूप से चलाया जा रहा है।

# एमएसईडीसीएल के दो अभियंता रिश्वत लेते गिरफ्तार

**नवी मुंबई।** भ्रष्टाचार निरोधी ब्यूरो (एसीबी) ने एक महत्वपूर्ण कार्रवाई करते हुए महाराष्ट्र राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (एमएसईडीसीएल), भिंगारी विभाग, पनवेल कार्यालय के दो अभियंताओं को रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए अभियंताओं के नाम संदीप अण्णासाहेब डावरे,उप कार्यकारी अभियंता और प्रथमेश नवचंद्र चौगले, कनिष्ठ अभियंता, हैं। एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार एक ठेकेदार को एमएसईडीसीएल के भिंगारी विभाग में सिविल कार्य करने का ठेका मिला था। मार्च 2025 के अंत में एक काम का बिल ठेकेदार के खाते में जमा हो चुका था,जबकि दूसरे काम के बिल के लिए



साइट निरीक्षण एवं मंजूरी की प्रक्रिया जारी थी। इसी प्रक्रिया में उपरोक्त अभियंताओं ने बिल राशि पर प्रतिशत के अनुसार प्रत्येक से 92,000 की रिश्वत की मांग की थी,जो कुल 1,84,000 होती है। शिकायतकर्ता ने एसीबी में शिकायत दर्ज करवाई थी। शिकायत की पुष्टि होने के बाद 25 अप्रैल को पनवेल के एमएसईडीसीएल कार्यालय में जाल बिछाकर दोनों अभियंताओं को रिश्वत लेते हुए पकड़ा गया।

# बेस्ट की बस ने युवक को कुचला

## पुलिस ने दर्ज किया एफआईआर, जांच जारी

महानगर संवाददाता
मुंबई

प्रभादेवी इलाके में एक सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान चली गई। युवक डिलीवरी बॉय का काम करता था। डिकैथलॉन बिल्डिंग के सामने आप्पासाहेब मराठे रोड, प्रभादेवी की है। पिता की शिकायत पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेस्ट बस रूट नंबर 171 के चालक ने बस को अत्यंत लापरवाही से और तेजी से चलाते हुए सड़क पर चल रहे युवक सूर्यकांत जंगम (21), को ठोकर मार दी। वह वर्ली कोलीवाड़ा, इलाके का रहनेवाला है। टक्कर के कारण वह सड़क पर गिर पड़ा और बेस्ट बस के पिछले टायर के नीचे आ गया। सिर में गंभीर चोट लगने के कारण उसकी मौके पर ही मृत्यु हो गई। इस दुर्घटना को लेकर इलाके में आक्रोश का वातावरण फैल गया। मामले में पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 281 (लापरवाही से वाहन चलाना) और 106 (मौत कारक लापरवाही) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामला दर्ज करने के बाद इसकी जांच पुलिस द्वारा की जा रही है। पुलिस उपनिरीक्षक साठे इस मामले की जांच कर रहे हैं। आरोपी चालक की जल्द गिरफ्तारी की संभावना जताई जा रही है। प्रभादेवी क्षेत्र में इस दुखद घटना ने एक बार फिर सड़क सुरक्षा और सार्वजनिक वाहनों की जवाबदेही पर सवाल खड़े कर दिए हैं।


**पश्चिम रेलवे**

**टीआरडी सिस्टम की विश्वसनीयता में सुधार**

वरि. मंडल विद्युत अभियंता (कर्ष.), पश्चिम रेलवे, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा ई-निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-एमएमसीटीओईएसडब्ल्यू (ईएसडब्ल्यू)/5/2025 आमंत्रित की जाती है. कार्य का नाम : चर्चगेट – विरार अनुभाग में ओएचई के क्षतिग्रस्त कॉपर कॉन्टैक्ट वायर फीडर्स के प्रतिस्थापन के जरिए टीआरडी सिस्टम की विश्वसनीयता में सुधार. कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 59,26,841/-. बोली सुरक्षा : ₹ 1,18,500/-. जमा करने की तिथि एवं समय : 19.05.2025 को 15.00 बजे के पश्चात, निर्धारित प्रपत्र में. खुलने की तिथि एवं समय : 19.05.2025 को 15.30 बजे. वेबसाइट विवरण : निविदा वेबसाइट www.ireps.gov.in के जरिए देखी और जमा की जा सकती है. 0080

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly


# एक साल से मनपा की नहीं तैयार हो पाई होर्डिंग पॉलिसी

## किसी बड़ी दुर्घटना का है इंतजार

महानगर संवाददाता
मुंबई

घाटकोपर में हुई भीषण होर्डिंग दुर्घटना के बाद मनपा प्रशासन ने नई होर्डिंग पॉलिसी बनाने निर्णय लिया था। होर्डिंग दुर्घटना की घटना होकर एक साल बीत जाने के बावजूद मनपा प्रशासन अभी तक पॉलिसी नहीं तैयार कर पाई है। मनपा की लापरवाही को लेकर लोगों ने असंतोष वयक्त किया है और आरोप लगाया है कि मनपा किसी और बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रही है। मनपा प्रशासन होर्डिंग दुर्घटना के बाद नई होर्डिंग पॉलिसी बनाने का लिए गए निर्णय के बाद एक मसौदा तैयार किया है, जिसमें डिजिटल समेत सभी प्रकार



के विज्ञापन होर्डिंग शामिल किए गए हैं। इस नई पॉलिसी के अनुसार डिवाइडर,फुटपाथ, इमारत की छतों, सुरक्षा दीवारों आदि स्थानों पर विभिन्न प्रकार के विज्ञापन होर्डिंग लगाने पर रोक लगाई गई है। नागरिकों से इस पॉलिसी पर शिकायत और सुझाव भी मांगे गए थे। मसौदा कुछ महीने बाद मनपा आयुक्त भूषण गगरानी के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था,लेकिन अभी तक इसकी अंतिम मंजूरी नहीं मिल पाई है। अगले महीने घाटकोपर दुर्घटना को एक वर्ष पूरा हो जाएगा और इस बीच मनपा होर्डिंग पॉलिसी को लागू करने में गंभीरता नहीं दिखा पाई है। घाटकोपर दुर्घटना के बाद मनपा ने अतिरिक्त मनपा आयुक्त (शहर) की अध्यक्षता में एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया था। इस समिति में सह पुलिस आयुक्त (ट्रैफिक),मनपा उपायुक्त (विशेष), लाइसेंस अधीक्षक,एक प्रतिष्ठित पर्यावरण विशेषज्ञ संस्था के प्रतिनिधि और मुंबई आईआईटी के दो विशेषज्ञ और औद्योगिक संरेखन विभाग के एक विशेषज्ञ शामिल थे। समिति द्वारा दी गई सिफारिशों को इस पॉलिसी में शामिल किया गया है। नई पॉलिसी के अनुसार, विज्ञापन होर्डिंग का अधिकतम आकार 40 फीट लंबाई और चौड़ाई तक सीमित रहेगा।

# आतंकवादियों के खिलाफ ठाणे में फूटा जनाक्रोश

## हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों ने किया प्रदर्शन

महानगर संवाददाता
ठाणे

कश्मीर घाटी में हाल ही में हुए भीषण आतंकी हमले के विरोध में ठाणे शहर में शनिवार हिंदु जनजागृति समिति और अन्य हिंदुत्वनिष्ठ संगठनों ने जोरदार आंदोलन किया। शाम 5:30 बजे ठाणे पश्चिम स्थित सैटिस पुल के नीचे एकत्रित हुए राष्ट्रप्रेमियों ने पाकिस्तान के खिलाफ नारेबाजी करते हुए केंद्र सरकार से कड़ी सैन्य कार्रवाई की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में पाकिस्तान विरोधी फलक थामे हुए "मोदीजी घुसके मारो, देश तुम्हारे साथ है", "आतंकवाद का एक ही नाम पाकिस्तान", "वंदे मातरम्", "भारत माता की जय" जैसे ओजस्वी नारों से वातावरण गुंज गया। आंदोलन के दौरान उपस्थित नागरिकों ने सरकार को सौंपे जाने वाले निवेदन पर भी स्वेच्छा से हस्ताक्षर किए।

हिंदु जनजागृति समिति ने मांग की कि कश्मीर में व्यापक 'कोंबिंग ऑपरेशन' चलाकर आतंकियों का संपूर्ण सफाया किया जाए, आतंकी हमलों से प्रभावित इलाकों में स्थायी सैन्य ठिकाने बनाए जाएं और कश्मीरी हिंदुओं, पर्यटकों व व्यावसायिकों की सुरक्षा के लिए विशेष योजना लागू की जाए। समिति ने यह भी कहा कि 1990 में हुए कश्मीरी हिंदुओं के नरसंहार और पलायन की पुनरावृत्ति को रोकना अत्यावश्यक है। स्थानीय सहयोग के बिना ऐसे हमले संभव नहीं हैं, अतः आतंकवादियों के साथ-साथ उनके मददगारों पर भी 'आतंकवाद विरोधी कानून' के तहत कठोरतम कार्रवाई होनी चाहिए। आंदोलन में बजरंग दल, अखिल भारत हिंदू महासभा, सहयोग गोविंद पथक, सनातन संस्था सहित अनेक संगठनों के प्रतिनिधियों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्स्फूर्त सहभाग लिया।


**पश्चिम रेलवे**

**ब्रिज तथा ट्रैक वर्क्स का मजबूतीकरण**

वरि. डीईएन (दक्षिण), मुंबई सेंट्रल, मुंबई द्वारा निम्नलिखित निविदा आमंत्रित की जाती हैं. अ.क्र. 1. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/23 दि. 21.04.2025. कार्य एवं स्थान : चर्चगेट – विरार अनुभाग – एसएसई (पी.वे) अंधेरी अनुभाग अंतर्गत हार्बर लाइन्स पर ब्रि. क्र. 20 का मजबूतीकरण. कार्य की अनुमानित लागत : ₹ 1,37,06,536.48. ईएमडी : ₹ 2,18,500/-. अ.क्र. : 2. ई-निविदा सूचना क्र. : बीसीटी/25-26/24, दि. 21.04.2025. कार्य एवं स्थान : चर्चगेट – विरार अनुभाग : वरि. डीईएन (दक्षिण) अनुभाग अंतर्गत वर्ष 24-25 में मंजूर ट्रैक वर्क्स के संबंध में टीआरआर (पी) - 7.429 टीकेएम, तथा टीआरआर (पी) – 17.29 टीकेएम. कार्य की अनुमानित लागत : ₹. 1,54,10,294.76. ईएमडी : ₹. 2,27,100/-. उपरोक्त सभी निविदाओं के जमा करने की तिथि एवं समय : 16.05.2025 को 15.00 बजे तक, खुलने की तिथि एवं समय : 16.05.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट www.ireps.gov.in का अवलोकन करें. 0073

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly

## राहुल को सुप्रीम फटकार

कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी को वीर सावरकर पर की गई विवादित टिप्पणी के मामले में सुप्रीम कोर्ट को कड़ी फटकार लगानी पड़ी है। अदालत ने राहुल गांधी से कहा कि उन्हें स्वतंत्रता सेनानियों का मजाक नहीं उड़ाना चाहिए और यदि भविष्य में ऐसे बयान दिए गए तो अदालत इस पर संज्ञान लेगी। यह मामला राजनीतिक और कानूनी दृष्टि से महत्वपूर्ण बन चुका है, क्योंकि यह बयान न केवल राहुल गांधी के लिए बल्कि अन्य नेताओं के लिए भी एक चेतावनी बन सकता है। राहुल गांधी ने 17 दिसंबर 2022 को महाराष्ट्र के अकोला में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान वीर सावरकर पर एक विवादित टिप्पणी की थी। उन्होंने सावरकर को अंग्रेजों का नौकर और पेंशन लेने वाला बताया था। राहुल गांधी का यह बयान भारतीय राजनीति और इतिहास के संदर्भ में अत्यधिक संवेदनशील माना गया, क्योंकि वीर सावरकर भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के एक प्रमुख नेता थे। उनके योगदान को लेकर विभिन्न दृष्टिकोण रहे हैं, लेकिन राहुल गांधी का यह बयान आलोचनाओं के साथ-साथ कानूनी विवादों का कारण बना। सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी के बयान पर सख्त नाराजगी जताई। अदालत ने कहा कि स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। न्यायमूर्ति ने राहुल गांधी से कहा, आप एक जिम्मेदार राजनेता हैं, आपको इस प्रकार के गैर-जिम्मेदाराना बयान नहीं देने चाहिए। इसके साथ ही अदालत ने चेतावनी दी कि अगर भविष्य में इस प्रकार के बयान दिए गए, तो वह इस मामले पर गंभीरता से विचार करेगा और संज्ञान ले सकता है। सुनवाई के दौरान जस्टिस दीपांकर दत्ता ने यह भी कहा कि राहुल गांधी ने बिना इतिहास को पूरी तरह समझे ऐसा बयान दिया. उन्होंने कहा कि आप उन लोगों के बारे में कैसे ऐसा कह सकते हैं जिन्होंने देश को आज़ादी दिलाई? राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी अंग्रेज अधिकारियों को पत्र भेजते थे तो लिखते थे- योर फेथफुल सर्वेंट। तो क्या उसके चलते आप महात्मा गांधी को भी अंग्रेजों का नौकर कहेंगे। स्वतंत्रता सेनानियों का अपमान करना गलत है। बहुत समय से राहुल गाँधी और कॉन्ग्रेस पार्टी लगातार वीर विनायक दामोदर सावरकर का अपमान करने में लगी हुई रही है । "मैं माफ़ी नहीं माँगूँगा, मैं सावरकर नहीं हूँ" – सावरकर मनुस्मृति को मानते थे तो संविधान के बिल्कुल उलट है। सावरकर को संविधान में भारतीयता भी नहीं दिखा था।राहुल गाँधी बार-बार ये डायलॉग बोलते रहे हैं और कॉन्ग्रेस पार्टी इसका वीडियो भी शेयर कर रही है। ये अलग बात है कि राफेल से लेकर 'मोदी' सरनेम वाले लोगों को गाली देने तक, राहुल गाँधी अदालतों में माफ़ी माँगते रहे हैं। इतने चुनाव हारने के बावजूद बार-बार एक महान स्वतंत्रता सेनानी का अपमान किया जा रहा है। राहुल दोहराते है कि मैं सावरकर नहीं हूं तो दरअसल में राहुल गाँधी सावरकर बन भी नहीं सकते। जब राहुल गाँधी के दादी के पिता जवाहरलाल नेहरू नहीं बन पाए, तो राहुल गाँधी क्या बनेंगे। जवाहरलाल नेहरू जब नाभा जेल में थे, तब उनके पिता ने न जाने कहाँ-कहाँ पैरवी कर के उन्हें 12 दिनों में ही निकलवा लिया था। जबकि, वीर सावरकर ने 11 वर्षों तक जेल भी नहीं, बल्कि उससे भी खौफनाक कालापानी की सज़ा भुगती। उनके भाई गणेश भी उसी जेल में थे, लेकिन दोनों की मुलाकात तक नहीं होती थी। भले ही आज सावरकर की देशभक्ति पर आज कांग्रेस के नेता राहुल गांधी सवाल उठाते रहे हैं लेकिन उनकी दादी इंदिरा गांधी ने आज से 42 साल पहले 20 मई 1980 को सावरकर को "देश का महान सपूत" कहा था। तकरीबन दो साल पहले साल 2018 के अक्टूबर माह की बात है कि जब पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और भाजपा आईटी सेल के मुखिया अमित मालवीय वीर सावरकर और पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से जुड़े एक मसले पर एकराय थी। अमित मालवीय ने एक ट्वीट किया था, जिसमें एक इमेज पोस्ट की गई थी। जिसमें इंदिरा गांधी और वीर सावरकर की तस्वीरें दिखाई दे रही हैं। इस इमेज में इंदिरा गांधी के वीर सावरकर के बारे में दिया गया बयान दिखाई दे रहा है। जिसमें इंदिरा गांधी ने कहा था कि सावरकर द्वारा ब्रिटिश सरकार की आज्ञा का उल्लंघन करने की हिम्मत करना हमारी आजादी की लड़ाई में अपना अलग ही स्थान रखता है। इस तस्वीर में एक और बात बताई गई कि इंदिरा गांधी ने महान स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर के योगदान को पहचाना था। उन्होंने साल 1970 में वीर सावरकर के सम्मान में एक डाक टिकट जारी किया था। इसके साथ पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने सावरकर ट्रस्ट में अपने निजी खाते से 11,000 रुपए दान किए थे। इतना ही नहीं इंदिरा गांधी ने साल 1983 में फिल्म डिवीजन को आदेश दिया था कि वह 'महान क्रांतिकारी' के जीवन पर एक डॉक्यूमेंट्री फिल्म बनाएं।' राहुल को यह जान लेना चाहिए कि विचारों से असहमत होते हुए भी कांग्रेस ने अपने पूर्वजों को नमन करने के लिए भारत को पोर्ट ब्लेयर (अंडमान निकोबार) में उमड़ते देखा है। वीर सावरकर से राजनैतिक दल विरोध रख सकते हैं, लेकिन भारत की जनता नहीं। वह जनता सेल्युलर जेल के सामने हजारों की संख्या में सलाम करने के लिए जाती रहती हैं। उस हजारों की संख्या में पूर्व प्रधानमंत्री आदरणीय मनमोहन सिंह जी भी थे, जिन्होंने अंडमान निकोबार के हवाई अड्डे का नाम 2005 में वीर सावरकर कर दिया था। सीधी बात है कि राहुल गाँधी, आप सावरकर बन भी नहीं सकते। भारत के सूचना आयुक्त उदय माहुरकर ने अपनी पुस्तक में बताया है कि कैसे कई स्वतंत्रता सेनानी वीर सावरकर से प्रेरित थे। उन्होंने लिखा है कि कैसे वामपंथी बार-बार इस तथ्य को नज़रअन्दाज़ करते हैं कि बलिदानी भगत सिंह वीर सावरकर की पुस्तक '1857 का स्वतंत्रता समर' से प्रेरित थे।वीर सावरकर ने सन् 1952 में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के साथ हुई अपनी एक 12 साल पुरानी मुलाकात का भी जिक्र किया था। नेताजी के बॉम्बे स्थित आवास पर हुई इस बैठक में सावरकर ने उन्हें एक महत्वपूर्ण सलाह दी थी। ये सलाह ये थी कि वैश्विक मंच पर दुश्मन के दुश्मन को दोस्त माना जाए और राष्ट्रमण्डली में कोई भी देश अस्थायी दुश्मन नहीं होता।

**कटाक्ष** | सुरेश मिश्र

*मानवता की कर रहे, अब वो सब फरियाद*
*भाईचारे की नहीं, आई जिनको याद*
*आई जिनको याद, पूछकर धरम हमारे*
*बड़ी क्रूरता से चुन-चुनकर गोली मारे*
*कह सुरेश जब बंद हो रहा हुक्का पानी*
*आज रहे चिचियाय, नमो कर मत मनमानी*

# आखिर क्यों पाकिस्तान कर रहा 'गंदा काम'?

> पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तान पर भारत के कड़े रुख के मद्देनजर उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों ने जान बूझ कर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे जैसे कि पहले हुआ करता था! क्योंकि पाकिस्तान अब चीन के खेमे में जा चुका है। आज चीन के साथ रूस, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश हैं, जिनमें से कई के साथ भारत के रिश्ते हैं हालांकि उनका यह बयान भारत और रूस के लिए आंख खोलने वाला है।

जब अंतर्राष्ट्रीय महकमे में पाकिस्तान को आतंकवाद पैदा करने की फैक्ट्री मान लिया गया है, तब भी यदि उसके खिलाफ कोई मजबूत वैश्विक कार्रवाई नहीं हुई तो ऐसा सिर्फ इसलिए कि वह दुनियावी हथियार और सुरक्षा उपकरण निर्माता कम्पनियों और उनके संरक्षक मूल राष्ट्रों के हाथों का खिलौना बन चुका है। ये देश कोई और नहीं बल्कि अमेरिका, रूस, चीन, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल, जर्मनी, तुर्किये आदि जैसे देश हैं जिन्हें मौत का सौदागर कहना ज्यादा उचित रहेगा! दरअसल, यह बात मैं नहीं कह रहा हूँ बल्कि इसका एक क्लू पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के बयानों से मिला है, जिसके बाद अपने पाठकों को 'ह' से 'हलंत' तक की बात समझा रहा हूँ। वैसे तो भारतीय नेतृत्व के लिए भी यह बात जानना-समझना जरुरी है हालाँकि उसके पिछले एक दशक के रूख से यही प्रतीत होता है कि वह सबकुछ समझ रहा है और बार-बार दुनिया को यह नसीहत भी दे रहा है कि यह युद्ध नहीं बल्कि बुद्ध का समय है। ऐसे में संभव है कि भारत को युद्ध की जाल में उलझाकर चीन को बर्बाद करना अमेरिका-ब्रिटेन समेत नाटो देशों की यह एक नई चाल हो, जैसा कि उन्होंने रूस के खिलाफ यूक्रेन को भड़का कर अपना नापाक लक्ष्य पूरा किया। चूँकि चीन-रूस के प्रगाढ़ रिश्तों से अमेरिका-चीन के रिश्ते खटाई में पड़ते जा रहे हैं, वहीं भारत का नेतृत्व रूस, अमेरिका और चीन से एकसमान रिश्ते रखना चाहता है ताकि युद्ध की बजाय विकास को गति दी जा सके। ऐसे में अंतर्राष्ट्रीय जगत के सामने कटोरा लेकर खड़ा रहने वाले देश पाकिस्तान को 'उनके' ही इशारे पर पहलगाम आतंकी हमले को अंजाम दिलवा दिया, ताकि मोदी सरकार के सब्र की बांध टूटे, फिर वह पाकिस्तान पर हमला करे। तत्पश्चात पाकिस्तान को बचाने चीन आएगा और जब ऐसा होगा तो भारत-चीन के बीच भड़कने वाले युद्ध में पश्चिमी देश भारत का साथ देंगे और फिर जैसे यूक्रेन को



उसकी कीमती खनिज सम्पदा के लिए ब्लैक मेल किया कुछ वैसा ही भारत के साथ भी करेंगे हालाँकि भारत ने इस बार कूटनीतिक सर्जिकल लड़ाई को अपना नया हथियार बनाया और ताबड़तोड़ पांच प्रतिबन्ध उस पर थोप दिए। आगे सबक सिखाने की तैयारी में भारतीय नेतृत्व जुटा हुआ है। इसी बीच घबराए पाकिस्तान ने यानी उसके रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने पहलगाम में आतंकी हमले के बाद जो अर्द्धसत्य स्वीकार किया है, वह हैरान करने वाला बयान समझा जा रहा है लेकिन इसके पीछे की एक और कड्वी सच्चाई जिसे वे चालाकी पूर्वक छिपा लिए, वह है अमेरिका का मजबूत अंतर्राष्ट्रीय विकल्प बनते जा रहे चीन और उसके समर्थक उत्तरपूर्वी देशों और मध्य पूर्व के देशों का नाम, जो हर भारतीय को जानना चाहिए क्योंकि यदि उन्होंने ऐसी साफगोई दिखा दी होती तो चीन के साथ परवान चढ़ रहे रिश्ते खराब हो जाते! यहाँ यह भी संभव है कि भारत के कड़े रूख के मद्देनजर उन्होंने जान बूझ कर अमेरिका, ब्रिटेन आदि का नाम रणनीतिक रूप से लिया है क्योंकि पाकिस्तान के साथ उनके रिश्ते अब वैसे प्रगाढ़ नहीं रहे जैसे कि पहले हुआ करता था! ऐसा इसलिए कि पाकिस्तान अब उनके प्रबल प्रतिद्वंद्वी चीन के खेमे में जा चुका है। आज चीन के साथ रूस, उत्तर कोरिया, तुर्की, ईरान, जर्मनी आदि जैसे देश हैं, जिनमें से कई के साथ भारत के समझदारी भरे रिश्ते हैं हालाँकि उनका यह बयान भारत और रूस के लिए आंख खोलने वाला है। भारत को पता होना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय हथियार लॉबी दशकों से उसके पीछे पड़ी हैं। यहाँ के लोग भी यह महसूस कर रहे होंगे कि भारत में बढ़ते आतंकवादी हमलों, नक्सली हमलों और अंडरवर्ल्ड के गैंगवार के बाद हमारी सरकार ने आधुनिक हथियार और सुरक्षा उपकरण ख़रीदे । चूँकि आतंकवाद का 'बाप' पाकिस्तान और नक्सलवाद का बाप 'चीन' भारत के पड़ोसी हैं, इसलिए भारत इससे ज्यादा प्रभावित होता आया है। हमारी 'पिछली सरकारें' भी फर्जी धर्मनिरपेक्षता, मन्दिर-मस्जिद, आरक्षण और सामाजिक न्याय, भाषा और क्षेत्र के नाम पर भारतीयों को बरगलाती रहीं और आतंकवाद, नक्सलवाद और संगठित अपराध के खिलाफ भारतीयों में सद्‌प्रेरणा पैदा नहीं कीं क्योंकि विदेशी पूंजीपतियों के एजेंट भारतीय पूंजीपति भी यही चाहते थे। नई आर्थिक नीति की आड़ में इन लोगों ने भारत के जमे जमाये उद्योगों को मार दिया और अमेरिका के शह पर गुणवत्ता हीन चीनी सामानों से भारतीय बाजार को पाट दिया। जब मोदी सरकार, मनमोहन सरकार की 'देशद्रोही' कारगुजारियों को समझ पाई तो ताबड़तोड़ काउंटर वाले फैसले लिए। इससे परेशान चीनी-अमेरिकी पूंजीपतियों के गिरोह ने कृत्रिम कोरोना महामारी पैदा कर दी। भारत पर दबाव बनाने के लिए चीन गलवान घाटी में घुस आया। हालाँकि मोदी सरकार ने दृढ़ता पूर्वक अंतर्राष्ट्रीय षड्यंत्रों का मुकाबला करते हुए आपदा को अवसर में बदल दिया। उसके बाद रूस-यूक्रेन युद्ध और इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध और दक्षिण चीन सागर विवाद के बीच भारत ने संतुलनकारी रूख अपनाया। यही बात बार बार अमेरिका और पश्चिमी देशों को खटक रही है। अभी हाल ही में पाकिस्तान के बलूचिस्तान में खनिज सम्पदा निकालने में अमेरिका ने जो दिलचस्पी दिखाई है, उसके लिंक भी देर-सबेर कश्मीर कांड से जुड़ जाएंगे। पाकिस्तानी रक्षा मंत्री ने दो टूक स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। ख्वाजा आसिफ ने एक बातचीत के दौरान कहा- हम करीब 3 दशकों से अमेरिका के लिए यह गंदा काम कर रहे हैं। ख्वाजा आसिफ ने अपनी इस प्रवृति के लिए अमेरिका और पश्चिमी देशों को जिम्मेदार ठहराया। ख्वाजा ने एक बयान में माना कि पाक पिछले तीन दशकों से आतंकवाद को पाल रहा है। रक्षा मंत्री ने स्वीकार किया है कि पाकिस्तान आतंकी समूहों को धन मुहैया करा रहा है और उनका समर्थन कर रहा है। वायरल हो रहे इस आशय के एक वीडियो क्लिप में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री स्काई न्यूज के यल्दा हकीम से बातचीत कर रहे हैं, जब वह उनसे पूछती हैं, 'आप मानते हैं सर, कि पाकिस्तान का इन आतंकी संगठनों को समर्थन देने, प्रशिक्षण देने और धन मुहैया कराने का लंबा इतिहास रहा है?

**– कमलेश पांडेय**

## बौद्धिक संपदा: मानव रचनात्मकता और नवाचार

बौद्धिक संपदा मानव बुद्धि की वह रचनात्मक शक्ति है जो विचारों, आविष्कारों, कला, साहित्य और तकनीकी नवाचारों के रूप में प्रकट होती है। यह न केवल रचनाकारों को उनकी रचनाओं के लिए मान्यता और आर्थिक लाभ प्रदान करती है, बल्कि समाज को प्रगति और विकास के नए रास्ते भी दिखाती है। बौद्धिक संपदा नवाचार का आधार है क्योंकि यह रचनाकारों को उनकी मेहनत का फल प्राप्त करने का अवसर देती है और दूसरों को प्रेरित करती है कि वे भी कुछ नया और मूल सृजन करें। बौद्धिक संपदा मानव मस्तिष्क की रचनात्मकता का वह परिणाम है जो कानूनी रूप से संरक्षित होता है। यह रचनाकार को अपनी रचना पर विशेष अधिकार प्रदान करता है, जिससे वह इसका उपयोग, वितरण और लाभ प्राप्त कर सकता है। जैसे पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क, डिजाइन और फार्मुलें को रजिस्टर्ड करवा कर अपनी बौद्धिक संपदा पर विशेष अधिकार प्राप्त किया जा सकता है। बौद्धिक संपदा नवाचार का आधार है, क्योंकि यह रचनाकारों को प्रोत्साहन और संरक्षण प्रदान करती है। बौद्धिक संपदा रचनाकारों को उनकी रचनाओं के लिए आर्थिक और सामाजिक पुरस्कार प्रदान करती है। उदाहरण के लिए, एक वैज्ञानिक जो नई दवा का पेटेंट प्राप्त करता है, वह उसका व्यावसायिक उपयोग करके लाभ कमा सकता है। यह प्रोत्साहन दूसरों को भी नए विचारों पर काम करने के लिए प्रेरित करता है। बौद्धिक संपदा नवाचार में निवेश को आकर्षित करती है। कंपनियाँ और व्यक्ति अनुसंधान और विकास (R&D) में निवेश करने के लिए तैयार होते हैं, क्योंकि वे जानते हैं कि उनकी रचनाएँ कानूनी रूप से संरक्षित होंगी। पेटेंट और कॉपीराइट जैसे तंत्र रचनाओं को सार्वजनिक करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं। उदाहरण के लिए, पेटेंट आवेदन में आविष्कार का विवरण सार्वजनिक होता है, जिससे अन्य लोग उससे प्रेरणा ले सकते हैं। बौद्धिक संपदा कंपनियों को बेहतर उत्पाद और सेवाएँ विकसित करने के लिए प्रेरित करती है। ट्रेडमार्क और ब्रांड पहचान उपभोक्ताओं को गुणवत्ता का आश्वासन देती है, जिससे बाजार में स्वस्थ प्रतिस्पर्धा होती है। कॉपीराइट के माध्यम से साहित्य, कला और संगीत



को संरक्षित करके बौद्धिक संपदा सांस्कृतिक विरासत को जीवित रखती है और नए रचनात्मक कार्यों को प्रोत्साहित करती है। बौद्धिक संपदा आधुनिक अर्थव्यवस्था का एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। बौद्धिक संपदा आधारित उद्योग, जैसे प्रौद्योगिकी, फार्मास्यूटिकल्स, और मनोरंजन, लाखों लोगों को रोजगार प्रदान करते हैं। पेटेंट और ट्रेडमार्क द्वारा संरक्षित उत्पाद वैश्विक बाजार में प्रतिस्पर्धा करते हैं, जिससे निर्यात बढ़ता है। बौद्धिक संपदा नवाचार को बढ़ावा देकर अर्थव्यवस्था को ज्ञान-आधारित बनाती है, जो दीर्घकालिक विकास के लिए आवश्यक है। भारत में सूचना प्रौद्योगिकी (IT) और फार्मास्यूटिकल्स जैसे क्षेत्र बौद्धिक संपदा के उपयोग के कारण वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बन गए हैं। भारतीय कंपनियाँ पेटेंट और ट्रेडमार्क के माध्यम से अपनी पहचान स्थापित कर रही हैं।जो कि बौद्धिक संपदा का सटीक उदाहरण है। हालांकि बौद्धिक संपदा नवाचार का आधार है, इसके उपयोग में कई चुनौतियाँ भी हैं। बौद्धिक संपदा का अनधिकृत उपयोग, जैसे कि सॉफ्टवेयर पायरेसी, नकली उत्पाद, और कॉपीराइट उल्लंघन, रचनाकारों को आर्थिक नुकसान पहुँचाता है। वैश्विक स्तर पर पायरेसी के कारण अरबों डॉलर का नुकसान होता है।दूसरों के विचारों को बिना श्रेय दिए उपयोग करना (प्लैजियारिज्म) नैतिकता के सवाल उठाता है। यह रचनात्मकता को हतोत्साहित कर सकता है। कुछ मामलों में, बौद्धिक संपदा का अति-संरक्षण नवाचार में बाधा बन सकता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई पेटेंट बहुत व्यापक हो, तो अन्य लोग उस क्षेत्र में अनुसंधान करने से बच सकते हैं। विकसित देशों में कड़े बौद्धिक संपदा कानून विकासशील देशों के लिए दवाओं, प्रौद्योगिकी और शिक्षा तक पहुँच को सीमित कर सकते हैं। उदाहरण के लिए, महँगी दवाओं के पेटेंट के कारण गरीब देशों में उपचार की उपलब्धता कम हो सकती है। बौद्धिक संपदा के उल्लंघन से निपटने के लिए कानूनी प्रक्रियाएँ महँगी और समय लेने वाली होती हैं, जो छोटे रचनाकारों के लिए चुनौतीपूर्ण है। बौद्धिक संपदा का उपयोग करते समय कुछ उपाय अपनाए जाने चाहिए । व्यक्तियों और संगठनों को बौद्धिक संपदा के प्रकार और कानूनों के बारे में शिक्षित करना महत्वपूर्ण है। स्कूलों और विश्वविद्यालयों में इसके महत्व पर पाठ्यक्रम शामिल किए जा सकते हैं। दूसरों की रचनाओं का उपयोग करते समय अनुमति लेना और श्रेय देना नैतिकता का हिस्सा है। उदाहरण के लिए, किसी लेखक के उद्धरण का उपयोग करते समय उचित सन्दर्भ देना चाहिए। बौद्धिक संपदा के उपयोग से पहले संबंधित कानूनों की जाँच करें। पेटेंट, कॉपीराइट या ट्रेडमार्क के उल्लंघन से बचने के लिए विशेषज्ञों से परामर्श लें। रचनाकारों को अपनी रचनाओं को पंजीकृत करना चाहिए, जैसे कि पेटेंट या कॉपीराइट के लिए आवेदन करना। गोपनीय जानकारी को ट्रेड सीक्रेट के रूप में संरक्षित करने के लिए गैर-प्रकटीकरण समझौतों का उपयोग करें। डिजिटल राइट्स मैनेजमेंट और ब्लॉकचेन जैसी तकनीकों का उपयोग करके बौद्धिक संपदा को सुरक्षित किया जा सकता है। भारत में बौद्धिक संपदा के संरक्षण और उपयोग को बढ़ावा देने के लिए राष्ट्रीय बौद्धिक संपदा नीति (2016) लागू की गई है। भारत विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (WIPO) का सदस्य है और पेटेंट, कॉपीराइट, ट्रेडमार्क और डिजाइन से संबंधित कानूनों को लागू करता है। फिर भी, जागरूकता की कमी, पायरेसी और कानूनी प्रवर्तन में कमियाँ जैसी चुनौतियाँ मौजूद हैं। सरकार ने पेटेंट आवेदनों की प्रक्रिया को तेज करने और जागरूकता अभियान चलाने जैसे कदम उठाए हैं। बौद्धिक संपदा मानव रचनात्मकता और नवाचार का आधार है। यह रचनाकारों को प्रोत्साहन, संरक्षण और पुरस्कार प्रदान करती है, साथ ही समाज को प्रगति के नए अवसर देती है।

**– संदीप सृजन**

## अपने नेतृत्व पर भरोसा

पहलगांव हमले के बाद पाकिस्तानी प्रतिरक्षा मंत्री ख्वाजा आरिफ ने वो बातें दुनिया के सामने रखने की हिम्मत जुटाई है जो हमारे हुक्मरान विगत दो दशकों से छुपाने की कोशिश कर रहे हैं। पाकिस्तान के प्रतिरक्षा मंत्री आरिफ ने अपने एक हालिया साक्षात्कार में कहा, संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय देशों, जिसमें युनाइटेड किंग्डम भी शामिल है, के हितों के लिए पाकिस्तान ने पिछले तीन दशकों से आतंकवादी संगठनों को समर्थन, ट्रेनिंग और पैसा दे रहा है। उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इसके कारण पाकिस्तान को बहुत नुकसान उठाना पड़ा। ख्वाजा आसिफ ने कबूल करते हुए कहा, हम पिछले तीन दशकों से अमेरिका और पश्चिम, जिसमें ब्रिटेन भी शामिल है, के लिए यह गंदा काम करते आ रहे हैं। इस बयान से यह तो साबित हो गया है कि पाकिस्तान अभी भी अपनी ताकत का नकारात्मक उपयोग कर रहा है और दुनिया भर में एक खास मॉडल के आतंकवाद का कारखाना चला रहा है। इस बयान ने यह भी साबित कर दिया है कि इस खेल में अकेले पाकिस्तान ही केवल शामिल नहीं है, उसके साथ वो पश्चिमी ताकतें भी शामिल है जो आज भी साम्राज्यवादी मनोवृति से ग्रस्थ हैं। आधुनिक साम्राज्यवाद का इतिहास औटोमन साम्राज्य के पतन से प्रारंभ होता है। औटोमन को पाराभूत कर ग्रेट ब्रिटेन दुनिया का सम्राट बन गया। उसके राज्य में सूरज कभी अस्त नहीं होता था। वह दुनिया का एक मात्र भाग्यविधाता भी बन गया लेकिन सत्ता सदा एक के पास नहीं रहती है। प्रथम और दूसरे महायुद्ध ने पूरे पश्चिमी जमात को परेशान कर दिया और दुनिया पर शासन की पकड़ कमजोर होने लगी। इस युद्ध के कारण सबसे ज्यादा नुकसान फिरंगियों को उठाना पड़ा। इधर फ्रांस , रूस और अमेरिका में नयी शक्तियों का उदय होने लगा। नयी विचारधारा और राजनीतिक समीकरण के कारण रूस लगातार ताकतबर होता चला गया और उसने राजनीतिक साम्राज्यवाद के खिलाफ दुनिया को गोलबंद करना प्रारंभ कर दिया। पश्चिम के गुलाम देशों को समाजवादी रूस का साथ मिलने लगा और एक-एक कर तीसरी दुनिया के देश आजाद होने लगे लेकिन फिरंगियों ने यहां भी मौके का फायदा उठाया और दुनिया को अपने तरीके से डिजाइन किया। अमेरिका के साथ मिलकर एक पूजीवादी साम्राज्यवाद का मॉडल तैयार किया और उस पर काम करना प्रारंभ कर दिया। मध्य-पूर्व को अपने तरीके से विभाजित किया। भारत और पाकिस्तान का बंटवारा भी उसने अपने ढंग से किया। इंग्लैंड को भरोसा था कि भारत की तुलना में पाकिस्तान उसकी वफादारी ज्यादा करेगा। वह आज भी जारी है। आज जिस इस्लामिक आतंकवाद से दुनिया त्रस्त है उसका प्रणेता सऊदी अरब या कोई अन्य मुस्लिम देश कतई नहीं है। इस आतंकी मॉडल को भी डिजाइन करने का श्रेय फिरंगियों को ही जाता है। हमारे देश में लंबे समय तक अमेरिका और ब्रिटेन के खिलाफ सरकारें रही लेकिन जब से भारत में समाजवादी और भारतीय जनता पार्टी की सरकार आयी है तब से पश्चिम के खिलाफ प्रतिरोध के सुर मंद पड़ गए हैं।

**– गौतम चौधरी**

आज का कार्टून | साभार




## आतंक के खिलाफ भारत का जल युद्ध : निर्णायक मोड़

पहलगाम आतंकी हमले में 26 निर्दोष नागरिकों की मौत के बाद भारत सरकार ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त और दूरगामी असर वाले कदम उठाए हैं। इनमें सबसे गंभीर निर्णय सिंधु जल संधि पर रोक लगाने का है। यह वही संधि है जिसे भारत ने तीन युद्धों और अनेक आतंकी हमलों के बावजूद अब तक निभाया था। भारत और पाकिस्तान के बीच 1960 में कराची में हुए एक ऐतिहासिक समझौते के तहत सिंधु जल संधि अस्तित्व में आई थी। वर्ल्ड बैंक की मध्यस्थता में हुई यह संधि भारत के तत्कालीन प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू और पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान के बीच हुई थी। संधि के तहत सिंधु नदी प्रणाली की छह नदियों को पूर्वी (रावी, ब्यास, सतलुज) और पश्चिमी (सिंधु, झेलम, चेनाब) नदियों में विभाजित किया गया। इसमें भारत को पूर्वी नदियों के पूर्ण उपयोग का अधिकार दिया गया, जबकि पश्चिमी नदियों पर पाकिस्तान का प्राथमिक अधिकार तय हुआ — भारत को सीमित सिंचाई, घरेलू उपयोग और रन-ऑफ-रिवर हाइड्रो पावर के लिए उपयोग की छूट दी गई। भारत सरकार का यह फैसला उस नाराजगी की परिणति है जो बार-बार आतंकी हमलों, घुसपैठ और सीमापार छद्म युद्ध को लेकर वर्षों से उबल रही थी। पाकिस्तान, विशेषकर उसकी सेना और आईएसआई पर लंबे समय से आतंकवादी संगठनों को शह देने का आरोप लगता रहा है। भारत का मानना है कि सिंधु जल संधि जैसे



उदार कदमों का जवाब बार-बार भारत विरोधी गतिविधियों के रूप में मिला है। ऐसे में वियना संधि (1969) की धारा 62 में "फंडामेंटल चेंज ऑफ सर्कमस्टांसेज" के आधार पर संधि को समाप्त कर दिया है। सिंधु नदी प्रणाली पाकिस्तान के लिए जीवनरेखा के समान है। देश की लगभग 90% खेती इसी प्रणाली से जुड़ी है। पंजाब और सिंध प्रांतों में करोड़ों लोग पीने के पानी, सिंचाई और उद्योगों के लिए इन नदियों पर निर्भर हैं। मंगल और तारबेला जैसे प्रमुख हाइड्रोपावर डैम इन्हीं नदियों से जल लेकर पाकिस्तान की कुल बिजली का 30-50% तक उत्पादन करते हैं। भारत द्वारा पश्चिमी नदियों के जल पर नियंत्रण या मोड़ने की कार्रवाई से यह प्रणाली बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। ऐसे में इसका सीधा असर कृषि उत्पादकता, औद्योगिक उत्पादन, रोज़गार और अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा, जो पहले से ही गंभीर संकट में है। भारत पहले ही पूर्वी नदियों पर कई बांध और परियोजनाएं चला रहा है-भाखड़ा नागल (सतलुज), पोंग डैम (ब्यास), रंजीत सागर (रावी)। हाल के वर्षों में भारत ने पश्चिमी नदियों पर भी नियंत्रण बढ़ाने की दिशा में काम किया है-बगलीहार डैम, किशनगंगा प्रोजेक्ट, रतले, पाकल डुल जैसी परियोजनाएं शुरू की गई हैं। इनमें से कुछ चालू हैं और कुछ निर्माणाधीन। हालांकि, जल रोकने या मोड़ने की प्रक्रिया रातों-रात नहीं हो सकती। इसके लिए बड़े स्तर पर इंफ्रास्ट्रक्चर, इंजीनियरिंग और पर्यावरणीय तैयारी की आवश्यकता है। साथ ही, अत्यधिक जल रुकाव से जम्मू-कश्मीर और पंजाब में बाढ़ का खतरा बन सकता है। पाकिस्तान इस मुद्दे को अंतरराष्ट्रीय मंचों-जैसे यूएन, वर्ल्ड बैंक या हेग इंटरनेशनल कोर्ट-पर ले जाने की कोशिश कर सकता है। लेकिन भारत की कानूनी तैयारी और हालात की गंभीरता को देखते हुए इन मंचों से पाकिस्तान को कोई विशेष राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय समुदाय पहले ही पाकिस्तान की भूमिका को लेकर सशंकित रहा है, खासकर जब आतंकी गुटों की मौजूदगी उसके भू-भाग से जुड़ी हो। चीन एकमात्र देश है जो पाकिस्तान के पक्ष में खड़ा हो सकता है लेकिन जल विवाद में चीन की भूमिका भी सीमित रहेगी। बहरहाल, सिंधु जल समझौते को स्थगित करना भारत की रणनीतिक धैर्यसीमा का अंत दर्शाता है। यह केवल जल प्रबंधन का मामला नहीं, बल्कि राजनयिक दबाव, कूटनीतिक संदेश और आतंक समर्थकों के लिए चेतावनी है। अब यह पाकिस्तान पर है कि वह अपने रवैये में बदलाव लाता है या आत्मघाती जिद पर अड़ा रहता है।

**– राजेश जैन**


# बिहार के सवा करोड़ उपभोक्ताओं को बड़ी राहत

## 40 पैसे यूनिट सस्ती मिलेगी बिजली, 15995 करोड़ मंजूर

महानगर नेटवर्क

पटना

राज्य के बिजली उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए राज्य सरकार चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 में 15 हजार 995 करोड़ अनुदान के तौर पर खर्च करेगी। शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अध्यक्षता में हुई राज्य कैबिनेट की बैठक में इस अनुदान की मंजूरी दी गई। अनुदान की घोषणा होते ही ग्रामीण इलाके में घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिल गई है। महीने में 50 यूनिट से अधिक खपत करने वाले ग्रामीण घरेलू और बीपीएल श्रेणी (कुटीर ज्योति) के सवा करोड़ उपभोक्ताओं को अब 40 पैसे यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी,जबकि राज्य के 63 लाख से अधिक स्मार्ट प्रीपेड मीटर लगा रखे उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी। अब तक स्मार्ट मीटर लगा रखे उपभोक्ताओं को रिचार्ज कराने पर तीन फीसदी की छूट मिल रही



थी। अब ग्रामीण इलाकों में स्मार्ट मीटर लगा रखे घरेलू उपभोक्ताओं को 65 पैसे प्रति यूनिट सस्ती बिजली मिलेगी।

उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए राज्य सरकार पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में 652 करोड़ अधिक खर्च करेगी। वित्तीय वर्ष 2024-25 में राज्य सरकार ने 15 हजार 343 करोड़ का अनुदान दिया था। वित्तीय वर्ष 2025-26 में मुख्यमंत्री विद्युत उपभोक्ता सहायता योजना के तहत राज्य के विभिन्न श्रेणियों के 2.13 करोड़ विद्युत उपभोक्ताओं को सस्ती दर पर बिजली उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने 15 हजार 995 करोड़ खर्च करने का निर्णय लिया है। पिछले वित्तीय वर्ष से सरकार चार फीसदी अधिक राशि अनुदान मद में खर्च करेगी।

गौरतलब है कि वित्तीय वर्ष 2017-18 से ही बिहार विद्युत विनियामक आयोग अनुदानरहित बिजली दरें तय कर रही हैं। इसके बाद सरकार अनुदान की घोषणा करती है। सरकार घरेलू उपभोक्ताओं को 8130 करोड़, गैर घरेलू उपभोक्ताओं को 1349 करोड़, कृषि व सिंचाई सेवा मद में 5055 करोड़, छोटे उद्योगों को 223 करोड़ और बड़े उद्योगों को 105 करोड़ का अनुदान देगी। ग्रामीण घरेलू उपभोक्ताओं में 0 से 50 यूनिट तक बिजली की दर 2.45 रुपए प्रति यूनिट थी जो अब भी कायम है। ऊर्जा, योजना एवं विकास मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने बताया कि उत्पादन, संचरण एवं वितरण में बढ़ती लागत के कारण बिजली दर अधिक होती है। लेकिन उपभोक्ताओं को सस्ती बिजली देने के लिए राज्य सरकार अनुदान देती है। प्रयास है कि हर घर तक किफायती और निरंतर बिजली पहुंचे, जिससे बिहार के विकास को गति मिले।

# प्रचंड गर्मी के बीच भागलपुर के झोपड़पट्टी में लगी भीषण आग

## आधा दर्जन से अधिक झोपड़ियां जलकर राख

महानगर नेटवर्क

भागलपुर

भागलपुर के विक्रमशिला सेतु टीओपी के पास अचानक झोपड़पट्टी में भीषण आग लग गई। चंद मिनटों में आग ने इतना विकराल रूप ले लिया कि, इलाके में अफरा-तफरी मच गई। कई परिवारों का सब कुछ जलकर राख हो गया और लोग खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर हो गए हैं। बताया जा रहा है कि, खाना बनाते समय चूल्हे से निकली चिंगारी से आग लगी थी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते 8 झोपड़ियां इसकी चपेट में आ गईं। लोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। झोपड़ियों में रखा सारा सामान जलकर राख हो गया।

**फायर ब्रिगेड की घंटों मशक्कत के बाद बुझी आग**

घटना की खबर मिलते ही फायर ब्रिगेड की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। घंटों कड़ी मेहनत के बाद आग पर काबू पाया गया। हालांकि इस घटना में किसी के जान जाने की खबर नहीं है, लेकिन भारी आर्थिक नुकसान हुआ है।



### अब खुले आसमान के नीचे रहने को मजबूर लोग

आग लगने से कई परिवार बेघर हो गए हैं। उनके पास ना रहने का ठिकाना बचा है और ना ही घर का कोई सामान। प्रशासन की तरफ से राहत का काम शुरू कर दिया गया है। पीड़ितों को अस्थायी आश्रय और जरूरी सामान उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि वे फिलहाल के लिए सुरक्षित रह सकें।

## इधर जयमाल,उधर दनादन फायरिंग

**सुपौल।** सुपौल में शादी के दौरान गोली चलने से एक बच्ची की मौत से मातम पसर गया। घटना के बाद अफरातफरी मच गई और सब लोग भागने लगे। प्रतापगंज थाना क्षेत्र के चिलौनी उत्तर पंचायत के तीन टोलिया गांव में हर्ष फायरिंग में एक 14 वर्षीय बच्ची बबीता कुमारी जख्मी हो गई। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सिमराही में एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद मृतक के परिजनों के बीच कोहराम मच गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। बताया जाता है कि शुक्रवार की देर रात चिलौनी उत्तर पंचायत के तीन टोलिया गांव में चल रहे एक शादी समारोह में वरमाला के दौरान किसी ने हर्ष फायरिंग शुरू कर दी। इसी क्रम में स्टेज पर खड़ी 14 वर्षीय बच्ची बबीता कुमारी को गोली लगने से जख्मी होकर जमीन पर गिर गई। घटना के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

# बेतिया में अचानक चलने लगा बुलडोजर

## धड़ाधड़ हटाई गईं 100 से अधिक दुकानें, मचा हड़कंप

महानगर नेटवर्क

बेतिया

नगर के विभिन्न इलाकों में अतिक्रमणकारियों के खिलाफ नगर निगम ने बड़ी कार्रवाई किया है। सड़क व नाले को अतिक्रमण कर बनाए गए झोपड़ी, दुकानें, पान की गुमटी आदि को निगम के कर्मचारियों ने तहस-नहस कर दिया है। शनिवार को कड़ी धूप के बावजूद पूर्व निर्धारित योजना के तहत निगम के कर्मचारी दलबल के साथ सड़क पर निकले और अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू हुई। सड़क से अतिक्रमण हटाने की कमान नगर आयुक्त विनोद कुमार सिंह खुद संभाले थे। किसी भी स्थिति से निपटने के लिए बड़े संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। जेसीबी, हाइवा, ट्रैक्टर ट्रेलर लेकर निगम



के कर्मचारी सबसे पहले गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज अस्पताल की गेट पर पहुंचे और अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू हुई।

जेसीबी से सड़क किनारे रखे गए सामान को हटाए जाने लगा। निगम के अधिकारियों के तेवर और कार्रवाई होते देख नुकसान से बचने के लिए कई लोगों ने खुद से अपना अतिक्रमण हटाना शुरू कर दिया। जबकि दुकानदार सड़क पर फैले समान समेटने लगे। अस्पताल रोड़ से जंगी मस्जिद, संत कबीर चौक, सोवाबाबू चौक, सागर पोखरा तक सड़क व नाले से अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान जेसीबी से 100 से ज्यादा दुकानों, झुग्गी झोपड़ी, पान की गुमटियों को तहस-नहस कर दिया गया।

# मिड डे मील में मिला सांप

## बच्चों को जबरन खिलाया खाना 50 से अधिक बीमार

महानगर नेटवर्क

पटना

पटना के मोकामा प्रखंड के मेकरा गांव में उस वक्त अचानक अफरातफरी मच गई. जब सरकारी स्कूल में मिड डे मील खाने के बाद दर्जनों बच्चे बीमार हो गए. एक के बाद एक बच्चों को बीमार होते देख पूरे गांव में कोहराम मच गया. बच्चों ने बताया कि उनके भोजन में सांप गिर गया था. इसके बाद भी स्कूल के टीचरों ने जबरन भोजन कराया. पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है. राजधानी पटना के मोकामा प्रखंड के मेकरा गांव में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय में मिड-डे मिल खाने के बाद छात्रों की हालत बिगड़ गई. इस दौरान एक-एक करके स्कूल में पढ़ने वाले दर्जनों बच्चे बीमार हो गए. सभी बच्चों को चक्कर आने और उल्टी की शिकायत थी. देखते ही देखते पूरे गांव में कोहराम मच गया. स्कूल में लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई।



### खाने में निकला था सांप

बच्चों ने बताया कि मिड-डे मिल के लिए बने भोजन में सांप गिर गया था। उसे स्कूल के टीचरों ने भोजन से निकाल दिया और उसी भोजन को जबरन बच्चों को खिला दिया गया। कुछ बच्चों ने जब जहरीले भोजन को खाने से इंकार किया तो स्कूल के शिक्षकों के द्वारा उन्हें डराया धमकाया गया। बच्चों के बताया कि लगभग चार सौ छात्रों ने इस जहरीले भोजन को खाया।

# दुल्हन करती रही इंतजार,बारात निकलने से पहले आया हार्ट अटैक

## मौत से खुशी मातम में बदली

महानगर नेटवर्क

बांका

बांका के शम्भूगंज प्रखंड में बारात निकलने से ठीक पहले दूल्हे के दादा की मौत हो गई। इस घटना से दुल्हन सहित सभी परिवारजन हैरान और दुखी हैं। दो परिवारों में खुशी का दिन अचानक गम में बदल गया। बांका में दुल्हन सपना कुमारी अपने जीवनसाथी का इंतजार कर रही थी। मगर किस्मत को कुछ और ही मंजूर था। इंतजार कर रही दुल्हन को जब होने वाले पति के दादा की मौत के बारे में पता चला तो उसकी खुशियां गम में बदल गईं। शंभूगंज प्रखंड क्षेत्र के विरनौधा गांव में स्वर्गीय उत्तम मंडल की पुत्री सपना कुमारी की शादी भागलपुर जिले के शाहकुंड प्रखंड के दिनदयालपुर गांव निवासी प्रभास मंडल के पुत्र



विभाष कुमार से तय हुई थी। शादी की सभी पूर्व रस्में धूमधाम से पूरी कर ली गई थीं। लेकिन न बारात आई और न सेहरा बांधे दूल्हा। फिर देर रात एक मनहूस खबर आई, जिसने पूरे माहौल को गमगीन कर दिया।

जानकारी मिली कि विभाष कुमार के दादा सुरेश मंडल की बारात निकलने के समय अचानक दिल का दौरा पड़ने से मौत हो गई।

### गम में बदल गईं खुशियां

दुल्हन सपना कुमारी, जो पिया के नाम की मेंहदी लगा दूल्हे के सपने देख रही थी, एक पल में ही टूटकर रह गई। बारात का इंतजार कर रहे परिवार और ग्रामीणों की खुशी भी गम में बदल गई। मंडप में गूंजती शहनाइयों की आवाज थम गई और पंडाल में सन्नाटा पसर गया। ग्रामीणों ने बताया कि हलवाई भोज बना चुके थे, सजी-धजी मंडप में बारात के स्वागत की सारी तैयारी थी। लेकिन अचानक मिली इस दुखद सूचना ने सब कुछ बदल दिया। जहां शादी की तैयारी हो रही थी, वहां अब शोक सभा का माहौल बन गया। यह दर्दनाक घटना शंभूगंज और आसपास के गांवों में चर्चा का विषय बन गई है।

# दोस्त की बीवी से इश्क जानलेवा हुआ

## शादी से पहले निकला जनाजा

**मोतिहारी।** मोतिहारी में एक युवक को अपने दोस्त की बीवी से अवैध रिश्ता रखना महंगा पड़ा। प्रेमिका के पति ने चाकू गोदकर प्रेमी युवक की हत्या कर दी। मृतक की 18 जून को शादी होने वाली थी लेकिन उससे पहले ही जनाजा निकल गया। घटना मोतिहारी के रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के वार्ड 27 स्थित मलंग बाबा मंदिर के पास की है। कांड का आरोपी फरार है। एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर पुलिस पूछताछ कर रही है। इस कांड से इलाके में सनसनी फैल गयी है।




मृतक की पहचान 24 वर्षीय मुस्तफा अंसारी के रूप में की गयी है। मुस्तफा के बड़े भाई शौकत अंसारी ने बताया कि 18 जून को उसकी शादी होने वाली थी। घर में शादी की तैयारियां चल रही थी। इसी बीच मुस्तफा की हत्या कर दी गयी। बतया कि जब वह घर लौट रहा था तो देखा कि भाई की स्कूटी सड़क किनारे खड़ी थी।

# रेलवे की संपत्ति बेचने के मामले में CBI-विजिलेंस की रेड

## सासाराम में सीनियर सेक्शन इंजीनियर समेत तीन कर्मी गिरफ्तार

महानगर नेटवर्क

रोहतास

रोहतास में रेलवे की करोड़ों रुपए की संपत्ति की अवैध बिक्री के मामले में पटना सीबीआई और रेल विजिलेंस की टीम ने डेहरी और सोननगर के रेल कार्यालयों पर छापेमारी की। टीम ने एक सीनियर सेक्शन इंजीनियर समेत तीन रेलकर्मियों को गिरफ्तार किया है।

बता दें कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय-गया रेलखंड पर यह सीबीआई और रेल विजिलेंस की अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। छापेमारी में करोड़ों रुपए के लेनदेन और कई अवैध गतिविधियों के ठोस प्रमाण मिले हैं। गिरफ्तार रेलवे के अधिकारी राजकुमार सिंह




पूर्व मध्य रेल के डेहरी स्थित पथ निर्माण कार्यालय में सीनियर सेक्शन इंजीनियर हैं।

**जनवरी में हुआ था ट्रांसफर**

उनका ट्रांसफर इसी साल जनवरी में पटना के दानापुर से डेहरी हुआ था। आरोप है कि राजकुमार सिंह ने दानापुर से डेहरी तक करोड़ों रुपए की रेल संपत्ति बेच दी। सीबीआई को दो महीने पहले इसकी शिकायत मिली थी। टीम तब से राजकुमार सिंह की गतिविधियों पर नजर रख रही थी।




सीबीआई ने रेलकर्मी विनोद कुमार को भी डेहरी रेल परिसर से गिरफ्तार किया है।

राजकुमार सिंह का स्टोर सोननगर में था। वहां संविदा कर्मी भीम कुमार भी इस अवैध कार्य में शामिल था। रेलकर्मियों के अनुसार, दिन में खुलेआम ट्रकों में रेल संपत्ति भरकर बिक्री के लिए भेजी जाती थी।

# जद नेता की हत्या पर बवाल

## आक्रोशित भीड़ ने की आगजनी, पैसों के विवाद में हुआ था हमला

महानगर नेटवर्क

सीतामढ़ी

सीतामढ़ी में पैसे के लेनदेन के विवाद में राजद जिला उपाध्यक्ष सह डेऊआ निवासी राम जिनिश प्रसाद यादव से मारपीट हुई थी। गंभीर रूप से जख्मी राजद नेता की इलाज के दौरान शुक्रवार को पटना में मौत हो गयी। शव घर आने पर आक्रोशित लोगों ने सड़क जाम कर प्रदर्शन किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जाम समाप्त कराया। मृतक के बेटे के बयान पर दिनेश महतो सहित तीन को नामजद किया गया है। पुलिस ने दिनेश महतो को गिरफ्तार कर लिया है। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया गया। मृतक के पुत्र ने बताया कि लगमा गांव



निवासी दिनेश महतो ने रुपये लिया था। बार-बार मांगने पर वह टाल देता था। पिता 23 अप्रैल को तगादा करने उसके दुकान पर गए। इससे आक्रोशित होकर दिनेश ने उनपर हमला कर दिया। मारपीट में वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। घटना के बाद उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के बाद पटना रेफर कर दिया गया। पटना में इलाज के दौरान शुक्रवार को उनकी मौत हो गयी।

## रिटायर्ड डीएसपी के बेटे ने सिर में गोली मारी

**पटना।** बड़ी खबर बिहार की राजधानी पटना है जहां एक युवक ने सिर में गोली मारकर आत्महत्या कर ली है। मृतक रिटार्ड डीएसपी का बेटा था। कोतवाली थाना क्षेत्र के बंदर बगीचा स्थित कौशल्या अपार्टमेंट में शुक्रवार की देर रात की घटना है। मृतक की पहचान नीरज कुमार (40) के रूप में की गयी है। मृतक के कमरे से सुसाइड नोट मिला है जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। आरंभिक तौर पर पारिवारिक विवाद में आत्महत्या की बात बताई जा रही है। जानकारी के मुताबिक नीरज शराब पीने का आदि था और कोई काम नहीं करता था। उसका पत्नी से अक्सर झगड़ा होता रहता था।

**व्यापार**

# एअर इंडिया फिर रह गई फिसड्डी

## इस नई एयर लाइन ने ऐसे दिया झटका

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

देश में घरेलू एयरलाइन कंपनियों से पिछले मार्च में 1.45 करोड़ लोगों ने सफर किया. यह एक साल पहले की समान अवधि की तुलना में 8.79 प्रतिशत अधिक है. अकासा एयर लाइंस ने एयर इंडिया को समय से यात्रियों को पहुंचाने के मामले में नया रिकॉर्ड बनाया है. अकासा ने एयर इंडिया को टाइमिंग के मामले में पीछे छोड़ दिया है. शनिवार को जारी ऑफिशियल आंकड़ों में यह जानकारी दी गई. भारतीय एयरलाइन कंपनियों के जरिए पिछले साल मार्च में कुल 1.33 करोड़ लोगों ने यात्रा की थी.




डीजीसीए ने अपनी मासिक घरेलू यात्री परिवहन रिपोर्ट में कहा कि मार्च, 2025 के दौरान घरेलू एयरलाइन से यात्रा करने वाले यात्रियों की संख्या 145.42 लाख थी, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान यह संख्या 133.68 लाख थी. वहीं, बीते महीने में इंडिगो से कुल 93.1 लाख लोगों ने यात्रा की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 64 प्रतिशत रही. इसके अलावा एयर इंडिया ग्रुप की एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस से 38.8 लाख लोगों ने यात्रा की, जिससे उसकी बाजार हिस्सेदारी 26.7 प्रतिशत रही. डेटा के मुताबिक, देश में अकासा एयर इस साल मार्च में 7.2 लाख लोगों ने यात्रा की. वहीं, स्पाइसजेट से इस साल 4.8 लाख लोगों ने उड़ान भरी है, जिससे इन दोनों एयरलाइंस की मार्केट में कुल हिस्सेदारी 5 प्रतिशत और 3.3 प्रतिशत हो गई।

## यूनियन बैंक ने FD की ब्याज दरों में कटौती की

**नई दिल्ली।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स्ड डिपॉजिट (FD) पर मिलने वाले ब्याज में कटौती की है। इस बदलाव के बाद बैंक में FD कराने पर सामान्य नागरिकों को 3.50% से 7.15% तक का सालाना ब्याज मिलेगा। ब्याज दरों में बदलाव 3 करोड़ से कम की FD पर किया है। RBI के रेपो रेट में कटौती के बाद अब बैंक भी FD की ब्याज दरों में कटौती कर रहे हैं। इससे पहले हाल ही में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ने फिक्स डिपॉजिट की ब्याज दरों में 0.20% तक की कटौती की है। SBI में अब 1 साल की FD कराने पर 6.70% ब्याज मिल रहा है। केनरा बैंक और कोटक महिंद्रा बैंक सहित कई बैंकों ने भी FD पर ब्याज दरों में कटौती की है।

# इस हफ्ते सोने-चांदी में रही तेजी



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

इस हफ्ते सोने-चांदी के दामों में बढ़त रही। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (IBJA) की वेबसाइट के अनुसार पिछले शनिवार यानी 19 अप्रैल को सोना 94,910 रुपए पर था, जो अब (26 अप्रैल) को 95,631 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।

यानी इस हफ्ते इसकी कीमत 721 रुपए बढ़ी है। वहीं इस हफ्ते 22 अप्रैल को सोने ने 99,100 रुपए का ऑल टाइम हाई भी बनाया था। वहीं, चांदी की बात करें तो ये पिछले शनिवार को 95,151 रुपए पर थी, जो अब 97,684 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई है। इस तरह इस हफ्ते इसकी कीमत 2,533 रुपए बढ़ी है। वहीं 28 मार्च को चांदी ने 1,00,934 रुपए ऑल टाइम हाई बनाया था।

### इस साल अब तक 19,469 रुपए महंगा हो चुका है सोना

इस साल यानी 1 जनवरी से अब तक 10 ग्राम 24 कैरेट सोने का दाम 76,162 रुपए से 19,469 रुपए बढ़कर 95,631 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं, चांदी का भाव भी 86,017 रुपए प्रति किलो से 11,669 रुपए बढ़कर 97,684 रुपए पर पहुंच गया है। वहीं पिछले साल यानी 2024 में सोना 12,810 रुपए महंगा हुआ था।

# पीएनबी ने राष्ट्र नायकों को दी रक्षक प्लस योजना के जरिए श्रद्धांजलि

महानगर नेटवर्क

मुंबई

देश की सेवा करने वाले वीर सपूतों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराते हुए, पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी), सार्वजनिक क्षेत्र में देश के प्रमुख बैंक, ने अपनी महत्वपूर्ण 'पीएनबी रक्षक प्लस' योजना के तहत शहीद लांस नायक जितेंद्र कुमार यादव के परिवार को 1 करोड़ की वित्तीय सहायता प्रदान की। शहीद जितेंद्र कुमार यादव, ग्राम जगधरा, बलिया, के निवासी थे। यह शोकपूर्ण कार्यक्रम सिकंदरपुर, बलिया (उत्तर प्रदेश), में आयोजित किया गया, जिसमें कर्तव्य के दौरान एक दुखद दुर्घटना में अपनी जान गंवाने वाले सैनिक के सर्वोच्च बलिदान को सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी बलिया प्रवीण कुमार लक्षकार ने चेक सौंपते हुए कहा, "एक सैनिक के जीवन का कोई मुआवजा नहीं है। लेकिन जब पंजाब नेशनल बैंक जैसे संस्थान शहीदों के परिवारों का समर्थन करने के लिए आगे आते हैं, तो यह समाज को एक शक्तिशाली संदेश देता है - कि हमें उन लोगों के साथ खड़ा होना चाहिए जो हमारी रक्षा करते हैं।" इस पहल पर बोलते हुए, पीएनबी के कार्यकारी निदेशक, बिभु पी. महापात्रा, ने कहाः "पीएनबी में, हम मानते हैं कि हमारी भूमिका का विस्तार वित्तीय सेवाओं से कहीं आगे तक है - यह राष्ट्र और उन लोगों के प्रति गहरी प्रतिबद्धता पर आधारित है जो बहादुरी से इसकी रक्षा करते हैं।

# ओलेक्ट्रा ने लांच किया जीएफआरपी रीबार

महानगर नेटवर्क

हैदराबाद

ओलेक्ट्रा ने एमईआईएल बजट मीट के दौरान जीएफआरपी रीबार (ग्लास फाइबर प्रबलित पॉलिमर रीबार) लॉन्च किया है। यह कंक्रीट सुदृढीकरण में एक बड़ी तकनीकी सफलता मानी जा रही है। इस नए उत्पाद को एमईआईएल के प्रबंध निदेशक पी.वी. कृष्ण रेड्डी ने लॉन्च किया।

स्टील से दोगुना मजबूतः 950-1100 MPa की ताकत, स्टील से चार गुना हल्काः आसानी से हैंडल और ट्रांसपोर्ट किया जा सकता है, जंगरोधी, गैर-चुंबकीय और जल-प्रतिरोधीः लंबे समय तक चलने वाला उत्पाद, पर्यावरण के अनुकूलः स्टील का आदर्श विकल्प ओलेक्ट्रा के सीएमडी का बयानः ओलेक्ट्रा के सीएमडी के.वी. प्रदीप ने कहा, "यह उत्पाद इंफ्रास्ट्रक्चर उद्योग में क्रांति लाएगा। यह लागत बचत, कम रखरखाव और लंबी उम्र प्रदान करता है। इसके उपयोग से निर्माण परियोजनाओं में नए मानक स्थापित होंगे।

## LIC हाउसिंग फाइनेंस का होम लोन 0.25% सस्ता हुआ

**नई दिल्ली।** LIC हाउसिंग फाइनेंस ने लोन की ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की है। इस कटौती के बाद SBI से सभी तरह के लोन लेना अब सस्ता हो गया है। अब SBI की होम लोन की ब्याज दर सालाना 8% से शुरू होंगी। RBI ने हाल ही में रेपो रेट को 6.25% से घटाकर 6.00% किया है। जिसके बाद बैंकों ने भी FD और लोन की ब्याज दरों में कटौती शुरू कर दी है। इससे पहले SBI ने लोन की ब्याज दरों में 0.25% की कटौती की थी। कई बैंक समय से पहले लोन अदा करने पर पेनल्टी लगाते हैं।

# ओला इलेक्ट्रिक को केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने शो-कॉज नोटिस दिया

**नई दिल्ली।** इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी ओला एक बार फिर विवादों में है। इस बार ओला को केंद्रीय परिवहन मंत्रालय ने शो-कॉज नोटिस जारी किया है। मंत्रालय ने 7 दिन के भीतर कई अहम सवालों के जवाब मांगे हैं। अगर ओला ने समय पर जवाब नहीं दिया, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है। नोटिस के बाद ओला का शेयर शुक्रवार को 5.13% की गिरावट के साथ 49.72 रुपए पर बंद हुआ। इसके साथ ही ओला ने तीन दिन पहले महाराष्ट्र में 121 स्टोर्स पर कार्रवाई के निर्देश पर सफाई दी। ओला ने कहा है कि हमें महाराष्ट्र में शोरूम बंद करने संबंधी कोई नोटिस नहीं मिला है। हमने पहले ही 21 मार्च 2025 को एक्सचेंज को 4 राज्यों के ट्रेड सर्टिफिकेट नोटिस के बारे में जानकारी दे दी थी।




**22 अप्रैल को महाराष्ट्र में 121 स्टोर्स पर कार्रवाई के निर्देश दिए थे**

तीन दिन पहले महाराष्ट्र में ट्रांसपोर्ट विभाग ने ओला के 121 स्टोर्स बंद करने के निर्देश दिए हैं। ट्रांसपोर्ट विभाग ने ओला के 146 स्टोर्स की जांच की थी,इनमें 121 से ज्यादा स्टोर्स बिना ट्रेड सर्टिफिकेट के चल रहे थे। दरअसल, पिछले महीने RTO ने महाराष्ट्र में ओला के कई स्टोर्स पर छापेमारी की थी।

### नोटिस में ओला से इन सवालों के जवाब मांगे

**सेल्स-सर्विस सेंटर का ब्योरा:** ओला को अपने देशभर के सेल्स और सर्विस सेंटर की संख्या, पिछले 3 साल में जारी किए गए ट्रेड सर्टिफिकेट्स की डिटेल और उनकी तारीखें बतानी होंगी।

**फरवरी में बिक्री की जानकारी:** ओला को फरवरी महीने में बेची गई 7,820 इलेक्ट्रिक स्कूटरों के मॉडल और वेरिएंट-वाइज डिटेल भी देनी होगी।

**अनरजिस्टर्ड वाहन:** मंत्रालय ने पूछा है कि क्या ओला के सेंटर्स पर अभी तक बिना रजिस्ट्रेशन के कितने वाहन रखे गए हैं?

## श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड ने एफडी पर ब्याज दरों में किया बदलाव

**मुंबई।** श्रीराम ग्रुप की प्रमुख कंपनी श्रीराम फाइनेंस लिमिटेड (एसएफएल), ने विभिन्न परिपक्वता अवधि वाली जमाओं पर ब्याज दरों में बदलाव की घोषणा की है। नई दरें 2 मई से प्रभावी होंगी। 60 वर्ष या इससे अधिक आयु वाले वरिष्ठ नागरिकों को मिलने वाले अतिरिक्त लाभ पहले की ही तरह जारी रहेंगे। नए जमा या उसके नवीनीकरण के समय उन्हें 0.50% अतिरिक्त ब्याज मिलेगा। इसी तरह महिला जमाकर्ताओं को 0.10% अतिरिक्त ब्याज देय होगा। इसके साथ ही श्रीराम फाइनेंस सभी नवीनीकरणों पर सालाना 0.25% का अतिरिक्त ब्याज देगा। सावधि जमा को ICRA द्वारा "[ICRA]AA+ (स्थिर)" और इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च द्वारा "IND AA+/स्थिर" रेटिंग दी गई है। जमा राशि 1,000/- रुपए के गुणकों में स्वीकार की जाएगी, जो न्यूनतम 5,000/- रुपए होगी।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# सीएम योगी का पाकिस्तान को अल्टीमेटम

# अगर किसी ने छेड़ा तो उसको छोड़ा नहीं जाएगा

## सपा राणा सांगा जैसे योद्धा का अपमान करती है

महानगर संवाददाता
लखीमपुर

जिले में भाषण देते हुए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले को लेकर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर किसी ने छेड़ा, तब उसको छोड़ेगा भी नहीं। वहीं सीएम योगी पहलगाम हमल में मारे गए पर्यटकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और इस कायराना हमले की निंदा की।

इस दौरान सीएम योगी ने कहा कि सभ्य समाज में आतंकवाद के लिए कोई जगह नहीं हो सकती, अराजक्ता के लिए कोई जगह नहीं हो सकती. भारत सरकार की सुरक्षा, सेवा और सुशासन का जो मॉडल है वह विकास पर आधारित है. गरीब कल्याण पर आधारित है और सबकी सुरक्षा पर आधारित है, लेकिन अगर कोई सुरक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस करेगा तो उसके लिए जीरो टॉलरेंस नीति के तहत जो जिस भाषा में समझेगा उसे उस भाषा में जवाब देने के लिए आज एक नया भारत तैयार है. पीएम मोदी के नेतृत्व में ये नया भारत किसी को छेड़ता नहीं, लेकिन अगर किसी ने छेड़ा, तब उसको छोड़ेगा भी नहीं।





लखीमपुर खीरी में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस पर निशाना साधते हुए सीए योगी ने कहा कि सपा हो या कांग्रेस ये जाति के नाम पर लोगों को बांट रहे हैं. इन लोगों की राजनीति ऐसी है कि एक तरफ तो छत्रपति महाराज का अपमान करते हैं और एक तरफ क्रूर औरंगजेब और बाबर का महिमामंडन करते हैं। औरंगजेब के बारे में कहते हैं वह हिंदुओं पर जजिया कर लगाता था और मंदिरों को तोड़ने का काम करते थे. सपा राणा सांगा जैसे योद्धा का अपमान करती है और बाबर का महिमामंडन करती है।

# सड़क किनारे सो रहे परिवार को कार ने कुचला

## तीन की मौत

**गोरखपुर।** गुलरिह इलाके के रघुनाथपुर गांव के भगवानपुर टोला में शुक्रवार रात करीब 10:30 बजे घर के सामने सड़क किनारे चारपाई पर सो रहे एक ही परिवार के सात लोगों को एक तेज रफ्तार कार ने कुचल दिया था। इस हादसे में शाईदा खातून (44) और उनकी बेटी सुबिया (16) की मौत हुई थी। घायल राबिया खातून (23) की भी सुबह इलाज के दौरान मेडिकल कॉलेज में मौत हो गई। अब निहाल (05), जुबेर (17) और सुबराती (16) का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। साईदा खातून परिवार के सदस्यों के साथ घर के सामने चारपाई पर सो रही थीं। रात करीब 10.30 बजे भटहट की तरफ से आ रही तेज रफ्तार कार ने चारपाई पर सो रहे लोगों को कुचल दिया।

# राम सखी रामनिवास बालिका इंटर कॉलेज की हर्षिता ने किया जिला टॉप

महानगर संवाददाता
गोरखपुर

माध्यमिक शिक्षा परिषद (यूपी बोर्ड) का परिणाम शुक्रवार को घोषित कर दिया गया। गोरखपुर जिले में इंटरमीडिएट में 84.07 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। इंटरमीडिएट में गोरखपुर की हर्षिता ने 457 अंकों (91.40%) के साथ जिले में शीर्ष स्थान प्राप्त किया है। हर्षिता, चंद्र भूषण कुमार दुबे की पुत्री हैं। वह राम सखी रामनिवास बालिका इंटरमीडिएट कॉलेज, भरौली की छात्रा है।

10वीं और 12वीं दोनों बोर्ड परीक्षाओं में राम सखी रामनिवास विद्यालय का परीक्षा फल शत प्रतिशत रहा। उपनगर गोला के ग्राम बांहपुर की बिटिया हर्षिता दुबे पुत्री चंद्रभूषण दुबे ने यूपी बोर्ड इंटरमीडिएट की परीक्षा में जिले में पहला स्थान प्राप्त कर अपने जिले और क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इस पर विद्यालय की



प्रधानाध्यापिका माला पांडेय ने बताया कि हर्षिता शुरू से ही मेधावी रही है। कभी भी पढ़ाई के लिए लापरवाही नहीं की और विद्यालय में नियमित रूप से उपस्थित रही। हर्षिता के पिता किसान और माता गृहणी हैं। उन्होंने बताया कि यह विद्यालय बहुत बार टॉप दे चुकी है। इस बार हर्षिता ने 91.4 प्रतिशत के साथ जिला में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। वहीं विद्यालय का इस बार का भी परीक्षा फल परिणाम शत प्रतिशत रहा है। स्कूल प्रबंधन ने इस शानदार सफलता के लिए उत्तीर्ण छात्रों और अभिभावकों का अभिनंदन करने के साथ स्कूल प्राचार्य श्रीमती माला पांडेय और शिक्षकों की भी उत्कृष्ट कार्य के लिए सराहना की है। उल्लेखनीय है कि राम सखी राम निवास शिक्षण संकुल भरौली गोरखपुर सतत शानदार परीक्षा परिणाम दे रहा है और अध्ययन, अध्यापन के मामले में क्षेत्र में प्रसिद्ध है।

# एंबुलेंस पर पलटा गिट्टी लदा ट्रक

## चार की मौत

महानगर संवाददाता
मिर्जापुर

सोनभद्र के लोढ़ी अस्पताल से शनिवार की सुबह गर्भवती महिला को एंबुलेंस से बनारस ले जाते समय रास्ते में अहरौरा-वाराणसी शक्ति नगर मार्ग पर ओवर ब्रिज के पास गिट्टी लदा ट्रक एम्बुलेंस पर पलट गया। हादसे में एंबुलेंस सवार गर्भवती महिला समेत चार लोगों की मौत हो गई। दो लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार, सोनभद्र के लोढ़ी अस्पताल से गर्भवती महिला को रेफर किया गया था। गर्भवती महिला के परिवार के तीन सदस्य एंबुलेंस में बैठे थे। एंबुलेंस चालक अपने एक साथी के साथ सभी को लेकर बनारस अस्पताल जा रहा था। सोनभद्र के क्रशर प्लांट से गिट्टी



लोड कर वाराणसी की ओर तेज रफ्तार से जा रहा ट्रक शनिवार की सुबह ओवर ब्रिज के पास अनियंत्रित एंबुलेंस के ऊपर पलट गया। लोग ट्रक पर लदे गिट्टी के नीचे मलबे में दब गए। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस बचाव तथा राहत कार्य में जुटी गई। जेसीबी और पोकलेन की मदद से मलबे के नीचे दबे लोगों को निकाला गया। हादसे में एंबुलेंस सवार गर्भवती महिला हीरावती देवी, मालती देवी, सूरज बली खरवार व रामू की मौत हो गई।

# लखनऊ के केजीएमयू में अवैध मजार हटाने की कोशिश पर पथराव

## मुस्लिम पक्ष और पुलिस में झड़प

महानगर संवाददाता
लखनऊ

राजधानी लखनऊ में लखनऊ के केजीएमयू में अवैध मजार हटाने की कोशिश पर पथराव कर दिया गया। चीफ प्राक्टर डॉ. क्षितिज और सर्जरी विभाग के डॉ. एके सिंह और कर्मचारी को चोटें आईं हैं। सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम पक्ष और कई थानों की फोर्स आमने सामने है। झड़प हो गई। अतिक्रमण हटाने के दौरान केजीएमयू प्रशासन ने मजार हटाने की कोशिश की। मजार हटाने की सूचना मिलते ही पुराने शहर से सैकड़ों लोग केजीएमयू पहुंच गए। नेत्र रोग विभाग के पीछे पुरानी मजार पर बारावफात के दिन



मुस्लिम दीपक जलाते हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराने में जुटी है। कुछ देर बाद ही लखनऊ केजीएमयू प्रशासन ने भरोसा दिलाया कि नेत्र विभाग के पीछे स्थित मजार पूर्व की भांति ही बनी रहेगी। उसके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं होगी लेकिन मजार के अलावा जितना भी अतिक्रमण है उसे तत्काल प्रभाव से हटा दिया जाएगा। केजीएमयू में नेत्र रोग विभाग के पीछे काफी संख्या में अवैध दुकानें और मजार हैं। केजीएमयू ने अवैध कब्जा हटाने की दिशा में शनिवार को मजार हटाने की कोशिश शुरू कराई। इसके विरोध में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम पक्ष के लोग वहां जुट गए। केजीएमयू प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी शुरू की। केजीएमयू प्रशासन व पुलिस बल ने अतिक्रमण कारियों को समझाने का प्रयास किया। इस दौरान अवैध कब्जेदारों का गुस्सा भड़क उठा। उन्होंने हंगामा व विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। अज्ञात व असामाजिक तत्वों ने पथराव शुरू कर दिया। इसमें डॉक्टर व कर्मचारी घायल हो गए। पुलिस ने मामला शांत कराया। प्रवक्ता डॉ. सिंह का कहना है कि कई बार अवैध कब्जेदारों को नोटिस देकर केजीएमयू में भूमि खाली करने की नोटिस दी जा चुकी है।

# सेल्फी लेते समय नदी में नाव पलटने से पांच डूबे

## पिता-पुत्र की मौत



महानगर संवाददाता
झांसी

झांसी के एरच थाना क्षेत्र में दर्द-विदारक घटना सामने आई है। शनिवार गांव डिकौली में बेतवा नदी में नौका-विहार के दौरान सेल्फी लेते संतुलन बिगड़ने से कश्ती पलट गई। जिसमें नाव सवार पांच लोग पानी में डूब गए। ग्रामीणों की मदद से रेस्क्यू कर तीन को बाहर निकाला गया। जबकि पिता-पुत्र की मौत हो गई। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

कस्बा एरच में रिश्तेदारी में बच्चे का जन्मदिन पार्टी में शामिल होने कुछ लोग आए हुए थे। शनिवार सुबह समारोह के बाद राकेश कुशवाहा (40) अपने बेटे अंशुल (18) सहित अन्य पांच रिश्तेदारों के साथ डिकौली घाट के पास नहाने गए थे। इसी बीच सभी लोग स्टीमर से नौका विहार करने लगे। कुछ लोग उतरे तो कुछ सेल्फी लेने लगे। जिससे कश्ती का संतुलन बिगड़ गया। इससे पहले कि कोई कुछ समझ पाता, नाव पलट गई। जिससे पांचों लोग नदी के पानी में डूब गए। घटना के बाद वहां हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही एरच थाना प्रभारी नीलेश कुमारी अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंची। उन्होंने राहत एवं बचाव कार्य शुरू कराया।

कड़ी मशक्कत के बाद तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। लेकिन, राकेश कुशवाहा और अंशुल डूब गए। गोताखोरों की मदद ली गई। काफी देर बाद उनके शवों को पानी से बाहर निकाला गया। थाना प्रभारी नीलेश कुमारी ने बताया कि बेतवा नदी में नौका विहार के दौरान यह हादसा हुआ। दो लोगों की मौत हो चुकी है। शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए झांसी भेज दिया गया है।

# एक बार फिर बीजेपी-सपा में पोस्टर वॉर तेज

महानगर संवाददाता
लखनऊ

प्रदेश में एक बार फिर सियासी तापमान बढ़ गया है। भारतीय जनता पार्टी और समाजवादी पार्टी के बीच पोस्टर वॉर शुरू हो गया है। बीजेपी युवा मोर्चा के नेता अमित त्रिपाठी ने शनिवार को लखनऊ स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय के बाहर एक तीखा पोस्टर लगवाया, जिसमें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को सीधे तौर पर घेरा गया है। पोस्टर में अखिलेश यादव पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने माफिया मुख्तार अंसारी की मौत पर तो संवेदना जताई, लेकिन जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले में मारे गए उत्तर प्रदेश के युवक शुभम द्विवेदी के परिवार से मिलने तक नहीं गए। पोस्टर में सवाल उठाया गया है कि क्या अखिलेश यादव की भावनाएं सिर्फ अपराधियों के लिए ही है? क्या उन्हें हिंदुओं के दर्द से कोई सरोकार नहीं?




### पोस्टर में लिखा-'शर्म करो अखिलेश यादव जी'

बीजेपी द्वारा लगाए गए पोस्टर में लिखा था कि, "शर्म करो अखिलेश यादव जी! खूंखार अपराधी मुख्तार अंसारी की मौत पर दिखा रहे संवेदनाएं, आतंकी हमले के शिकार हिंदू शुभम द्विवेदी के घर जाने में क्यों खत्म हो गई भावनाएं? फर्क है साफ, शायद आतंकियों से रिश्ता है खास! हिंदुओं से इतनी नफरत क्यों? पूछता है हिंदू समाज." इस पोस्टर के लगने के बाद राजधानी लखनऊ की सियासत में हलचल तेज हो गई है. समाजवादी पार्टी ने इसे एक सोची-समझी साजिश बताया है और कहा कि भाजपा मुद्दों से भटकाने के लिए ऐसे हथकंडे अपना रही है. वहीं बीजेपी नेताओं का कहना है कि विपक्ष को अब चुनिंदा संवेदनाएं जताने की आदत हो गई है, जो जनता सब देख और समझ रही है।

# न्यायिक प्रणाली में पारदर्शिता विषयक सेमिनार

महानगर संवाददाता
प्रयागराज

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन की ओर से शनिवार को अखिल भारतीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। उत्तर मध्य सांस्कृतिक केंद्र प्रयागराज में होने वाले सम्मेलन में न्यायिक प्रणाली में जवाबदेही और पारदर्शिता विषय पर चर्चा की गई। सम्मेलन दो सत्रों में आयोजित किया गया। इसमें देश के कई उच्च न्यायालय के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं सचिव ने हिस्सा लिया। सम्मेलन में यूपी बार काउंसिल के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने जस्टिस यशवंत वर्मा के घर के बाहर मिले नोट का मुद्दा उठाया।

कहा कि इस मामले में वकील भी बंट गए हैं। तमाम वकील सरकारी हो गए हैं, कुछ भाजपाई हो गए और जो बचे वह जातिवाद में बंट गए। यूपी बार काउंसिल के सदस्य श्रीनाथ त्रिपाठी ने कहा कि आज न्यायपालिका की स्थित यह है कि या तो अपना भला कर लीजिए या समाज का भला कर लीजिए। कहा कि उपराष्ट्रपति जस्टिस वर्मा के यहां नोट मिलने के मामले में मुकदमा दर्ज करने की मांग तो करते हैं कि ज्यूडिशियल प्रोटेक्शन एक्ट में अमेंड की बात नहीं करते हैं। कहा कि जस्टिस वर्मा के मुद्दे पर वकीलों में भी बंटवारा हो गया। कोई राजनीतिक सोच में बंट गया तो कोई जातिवाद में बंट गया। जो बचे वह सरकारी वकील और जज बनने के चक्कर में सामने नहीं आए।

# भारत के मुस्लिमों की पाकिस्तान से तुलना न करें

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के इलाहाबाद नॉर्थ से बीजेपी विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है। बीजेपी विधायक का यह वीडियो पहलगाम आतंकी हमले को लेकर है, जिसमें उनसे सवाल पूछा जाता है कि पहलगाम हमले में कश्मीरियों का भी हाथ हो सकता है। इस पर बीजेपी विधायक ने ऐसी बात कही जो सोशल मीडिया ही नहीं हर किसी के दिल को छू गई है। बीजेपी विधायक हर्षवर्धन वाजपेयी ने पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय मुस्लिमों को लेकर बड़ा बयान दिया है।

# 71 फीसदी अंकों से नाखुश 10वीं की छात्रा फंदे से झूली

**सुल्तानपुर।** यूपी के सुल्तानपुर में 10वीं में अपेक्षानुरूप अंक न मिलने से परेशान छात्रा अंजू यादव ने खुदकुशी कर ली। छात्रा का शव घर के अंदर दुपट्टे के सहारे फंदे से लटका मिला। घरवालों ने देखा तो उनकी चीख निकल गई। शोर सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच कर रही है। कूरेभार कस्बा निवासी छात्रा अंजू के पिता रामसूरत यादव की लगभग पांच साल पहले मौत हो गई थी। अंजू का पालन पोषण उनकी मां रीता कर रही थीं। शुक्रवार को हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम आया।

# योगी सरकार ने संस्कृत शिक्षकों का बढ़ाया मानदेय

## कार्यकाल में भी की दो साल की बढ़ोतरी

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने संस्कृत शिक्षकों को बड़ी राहत दी है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की अध्यक्षता में हुई कैबिनेट बैठक में पूर्व मध्यमा (हाईस्कूल स्तर) और उत्तर मध्यमा (इंटरमीडिएट स्तर) पर कार्यरत मानदेय शिक्षकों के वेतन में बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी गई है। अब हाईस्कूल स्तर पर पढ़ा रहे शिक्षकों को 12,000 रुपये की जगह 20,000 रुपये मासिक मानदेय मिलेगा। वहीं इंटरमीडिएट स्तर पर पढ़ाने वाले शिक्षकों का वेतन 15,000 रुपये से बढ़ाकर 20,000 रुपये कर दिया गया है। यह फैसला लंबे समय से शिक्षकों द्वारा की जा रही मांग के बाद लिया गया है।




सरकार ने केवल वेतन बढ़ाने का ही फैसला नहीं किया, बल्कि वर्ष 2021 और 2023 में तैनात किए गए वर्तमान में कार्यरत शिक्षकों के कार्यकाल को भी दो शैक्षिक सत्रों तक बढ़ा दिया गया है। यानी अब ये शिक्षक 2025-26 और 2026-27 तक शिक्षण कार्य कर सकेंगे। यह लाभ केवल अशासकीय एडेड संस्कृत विद्यालयों तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि प्रदेश के सभी राजकीय संस्कृत विद्यालयों में कार्यरत मानदेय शिक्षकों को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। उनके कार्यकाल में भी दो साल की वृद्धि की जाएगी। सरकार के इस फैसले से प्रदेश भर में संस्कृत विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता को मजबूती मिलेगी. इससे एक तरफ शिक्षकों को आर्थिक राहत और नौकरी की सुरक्षा मिलेगी, वहीं दूसरी ओर विद्यार्थियों को पढ़ाई का लगातार लाभ मिलेगा. संस्कृत शिक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश सरकार लगातार सक्रिय रही है. राज्य में करीब 1,000 से अधिक संस्कृत विद्यालय संचालित हो रहे हैं।

# यूपी में दलितों पर हमले और मूर्तियों के अपमान पर मायावती का फूटा गुस्सा

## कहा- सरकार उठाए सख्त कदम

महानगर संवाददाता
लखनऊ

बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने एक बार दलितों पर हो रहे अत्याचार को लेकर योगी सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यूपी के विभिन्न जिलों में दलितों पर अत्याचार, बारातों पर हमले और बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर एवं गौतम बुद्ध की प्रतिमाओं के अपमान की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। सरकार को चाहिए कि वह दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करे तथा अपराधों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कदम उठाए।



मायावती ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, "यूपी के विभिन्न जिलों में दलितों पर जुल्म-ज्यादती उनकी बारातों पर भी हो रहे हमले और उनके मसीहा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनादर की घटनाएं अति-चिन्तनीय है। सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कदम भी उठाए। ऐसे समय में जब देश की सीमाओं पर व आतंकी घटनाओं को लेकर आंतरिक सुरक्षा को भारी चुनौतियों का सामना है, राज्य सरकार को असमाजिक एवं आपराधिक तत्वों को समाज में जातिवादी व साम्प्रदायिक द्वेष, उत्तेजना, तनाव व हिंसा फैलाने की प्रवृति/घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाना चाहिए।" यूपी के विभिन्न जिलों में दलितों पर जुल्म-ज्यादती, उनकी बारातों पर भी हो रहे हमले तथा उनके मसीहा बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर व गौतम बुद्ध की प्रतिमा के अनादर की घटनाएं अति-चिन्तनीय। सरकार दोषियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई व अपराध नियंत्रण हेतु प्रभावी कदम भी उठाए।

# बिना अनुमति विदेशी नागरिकों को ठहराने पर होटल मालिक और मैनेजर पर FIR

महानगर संवाददाता
लखनऊ

लखनऊ में एक बार फिर विदेशी नागरिकों के गैरकानूनी ढंग से ठहरने का मामला सामने आया है। ताजा मामला गोमती नगर के एक प्रतिष्ठित होटल 'Vienna Inn का है, जहां पांच ओमान के नागरिक बिना विदेशी नागरिक पंजीकरण कार्यालय (FRRO) में सूचना दिए रुके हुए थे। इंटेलिजेंस इनपुट के बाद लखनऊ पुलिस ने होटल पर छापेमारी की और गंभीर अनियमितताएं पकड़ में आईं।

जानकारी के अनुसार बीते 19 अप्रैल से पांच ओमानी नागरिक होटल Vienna Inn में ठहरे हुए थे। उनकी गतिविधियां संदिग्ध लगने पर इंटेलिजेंस टीम ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। बताया जा रहा है कि ये लोग सुबह होटल से निकलते और देर रात वापस लौटते थे, जिससे उनकी गतिविधियों पर संदेह और बढ़ गया था. छापेमारी के बाद गोमती नगर पुलिस ने होटल मालिक और मैनेजर के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है।




### लखनऊ पुलिस और खुफिया एजेंसियां सतर्क

अब गोमती नगर में भी ऐसा ही मामला उजागर होने से लखनऊ पुलिस और खुफिया एजेंसियां सतर्क हो गई हैं। पुलिस का कहना है कि अब ईस्ट ज़ोन में विशेष निगरानी रखी जा रही है और बिना एफआरआरओ रजिस्ट्रेशन के विदेशी नागरिकों को ठहराने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लखनऊ जैसे महत्वपूर्ण शहर में लगातार इस तरह के मामले सामने आना चिंता का विषय है। इससे शहर की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल उठ रहे हैं, खासकर तब जब लखनऊ कई बड़े अंतरराष्ट्रीय आयोजन और निवेश सम्मेलन का मेजबान बनता है।

# मुनाफे का झांसा देकर ठगी का आरोप

महानगर संवाददाता
वाराणसी

जैतपुरा थाना क्षेत्र के सारंग तालाब इलाके में शुक्रवार को एक फाइनेंस कंपनी के कार्यालय में लोगों ने जमकर हंगामा किया। हंगामे की सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और मामला शांत कराया। हंगामा कर रहे लोगों में ज्यादातर पुलिस विभाग के सिपाही और दरोगा थे। किसी ने भी जैतपुरा थाने में तहरीर नहीं दी है।

अशोक बिहार कॉलोनी निवासी एक युवक प्रतिमाह छह से सात प्रतिशत तक का मुनाफा दिलाने की बात कह कर कई पुलिसकर्मियों और अन्य लोगों का पैसा एक फाइनेंस कंपनी में निवेश कराया है। निवेशकों का आरोप है कि उनसे गलत वादा कर पैसा लिया गया और अब भुगतान नहीं किया जा रहा है। इससे वह खुद को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।



इसे लेकर कई निवेशक सारंग तालाब स्थित फाइनेंस कंपनी के ऑफिस पहुंचकर हंगामा करने के साथ ही निवेश कराने वाले युवक के साथ हाथापाई भी किए। इस संबंध में जैतपुरा थानाध्यक्ष बृजेश कुमार मिश्र ने बताया कि हंगामे की सूचना पर पुलिस गई थी और सबको शांत कराया। फिलहाल किसी ने तहरीर नहीं दी है।

# यूपी के 23 जिलों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना

महानगर संवाददाता
लखनऊ

उत्तर प्रदेश में झुलसाने वाली गर्मी और लू के थपेड़ों का दौर शुरू है। शनिवार को प्रयागराज और सुल्तानपुर में पारा 44 डिग्री के पार चला गया। वहीं बाराबंकी, हरदोई, बलिया, बहराइच, अमेठी, गाजीपुर, उरई, शाहजहांपुर और अलीगढ़ शहर भी लू की चपेट में रहे।

मौसम विभाग के मुताबिक रविवार से प्रदेश के मौसम में बदलाव के संकेत हैं। तीन से चार दिनों के लिए उत्तर प्रदेश में लू के थपेड़ों से राहत मिलने वाली है। प्रदेश के तराई इलाकों समेत 23 जिलों में गरज चमक संग बूंदाबांदी तो 13 जिलों में ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की गई है। इस बीच इन इलाकों में 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने का भी पूर्वानुमान है।



सोनभद्र, चंदौली, गाजीपुर, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, बलरामपुर एवं आसपास के इलाकों में ओलावृष्टि की संभावना है। सोनभद्र, चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, आजमगढ़, मऊ, बलिया, देवरिया, गोरखपुर, संतकबीरनगर, बस्ती, कुशीनगर, महाराजगंज, सिद्धार्थनगर, गोंडा, बलरामपुर, श्रावस्ती, बहराइच, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बाराबंकी, अयोध्या, अम्बेडकरनगर एवं आसपास के इलाकों में गरज-चमक के साथ वज्रपात की संभावना है।

# 51 हजार युवाओं को पीएम ने बांटे जॉब लेटर

## वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुए शामिल

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



15वां रोजगार मेला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शामिल हुए। उन्होंने केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों में 51,000 से ज्यादा युवाओं को जॉब लेटर बांटे।
कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा- यह युवाओं के लिए अभूतपूर्व अवसरों का समय है। सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए कई कदम उठा रही है कि देश में रोजगार और स्वरोजगार के अवसर बढ़ते रहें। रोजगार मेले का आयोजन देश भर में 47 स्थानों पर किया गया। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष का हवाला देते हुए मोदी ने कहा कि, 'भारत सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बना रहेगा।' उन्होंने कहा कि ऑटोमोबाइल और फुटवियर इंडस्ट्री में प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट ने नए रिकॉर्ड बनाए हैं, जिससे बड़ी संख्या में रोजगार पैदा हुए हैं। प्रधान मंत्री ने बताया कि अंतर्देशीय जलमार्ग के माध्यम से संभाले जाने वाले कार्गो 2014 से पहले 18 मिलियन टन से बढ़कर 145 मिलियन टन हो गए हैं, जबकि राष्ट्रीय जलमार्ग पांच से बढ़कर 110 हो गए हैं और उनकी लंबाई 2,700 किमी से बढ़कर 5,000 किमी से अधिक हो गई है।
प्रधानमंत्री ने हर क्षेत्र में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी को भी सराहा। उन्होंने कहा कि इस साल की यूपीएससी परीक्षा में शीर्ष पांच में से तीन टॉपर महिलाएं हैं। 90 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों में 10 करोड़ से अधिक महिलाएं काम कर रही हैं।
प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि मुंबई में आयोजित होने वाला विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन (WAVES) भी युवाओं के लिए वैश्विक मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करने का एक बड़ा अवसर होगा।

# सरहदी गांवों के किसानों को बीएसएफ का आदेश

## दो दिन में फसल काट खेत खाली करो



महानगर नेटवर्क
चंडीगढ़

पहलगाम हमले के बाद पंजाब से लगते भारत-पाक बॉर्डर पर अलर्ट जारी है और बीएसएफ ने सुरक्षा व निगरानी कड़ी कर दी है। पंजाब के अमृतसर, फिरोजपुर, गुरदासपुर, पठानकोट जिले पाकिस्तानी सीमा से लगते हैं। भारत और पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव के बीच बीएसएफ ने पंजाब के सीमावर्ती किसानों के लिए आदेश जारी किए हैं कि वे तारबंदी के पार बोई गई गेहूं की फसल को दो दिनों के भीतर काट लें और खेत खाली कर दें। इससे अंदेशा जताया जा रहा है कि क्या आने वाले दिनों में कुछ बड़ा होने जा रहा है। गुरुद्वारों से भी अनाउंसमेंट करवाई गई है और किसानों को सूचित किया गया है कि अगर निर्धारित समय में फसल नहीं काटी गई तो गेट पूरी तरह बंद कर दिए जाएंगे इसलिए किसानों को 48 घंटे के भीतर अपनी फसल काटकर सुरक्षित कर लें।

### बॉर्डर पर हलचल होते ही गोली मारने के आदेश

पंजाब के पठानकोट से लेकर फाजिल्का तक 553 किलोमीटर लंबी सीमा पर सेना की गतिविधियां अचानक बढ़ गई हैं। बीएसएफ के जवानों की ओर से बॉर्डर के साथ-साथ लगते गांव में गश्त बढ़ा दी गई है। साथ ही घोषणा भी करवाई जा रही है कि गांव वालों को किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी मिलती है तो तुरंत पुलिस और बीएसएफ के जवानों को बताया जाए। गांव के लोगों को भी पूरी तरह से अलर्ट रहने की अपील की गई है। बीएसएफ ने अपनी क्विक रिएक्शन टीमों को सक्रिय कर दिया है।

# अगर उन्हें लगता है कि वे बच सकते हैं, तो मेरी शुभकामनाएं : केंद्रीय मंत्री पुरी





महानगर नेटवर्क
मोहाली

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए भीषण आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के खिलाफ सख्त रुख अपनाया है। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को मोहाली में इस हमले को स्पष्ट रूप से पड़ोसी देश द्वारा प्रायोजित सीमा पार आतंकवाद करार दिया। उन्होंने कहा कि इस हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान ले रहा है और अब पहले की तरह कोई कारोबार नहीं चलेगा। पुरी ने पीएम मोदी के बयान का हवाला देते हुए कहा, "पाकिस्तान को इसकी भारी कीमत चुकानी पड़ेगी और यह केवल शुरुआत है।"

**पहलगाम हमले पर कड़ा रुख**

पहलगाम के बैसारन में 22 अप्रैल को हुए आतंकी हमले में 26 लोग मारे गए थे, जिनमें ज्यादातर पर्यटक थे। हमले की जिम्मेदारी पाकिस्तान स्थित आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा की शाखा द रेसिस्टेंस फ्रंट हमला है। इसमें किसी को कोई गलतफहमी नहीं होनी चाहिए।

### सिंधु जल संधि निलंबन पर प्रतिक्रिया

पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने पहलगाम हमले के बाद भारत द्वारा सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को निलंबित करने के फैसले पर भड़काऊ बयान दिया था। भुट्टो ने सक्खर में सिंधु नदी के किनारे कहा था, "या तो इस सिंधु में हमारा पानी बहेगा, या उनका खून।" इस पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए पुरी ने कहा, "मैंने उसका बयान सुना उससे कहें कि कहीं पानी में छलांग मार लें। वैसे भी, जब पानी ही नहीं होगा तो छलांग कहां लगाएगा! ऐसे बयानों को महत्व देने की जरूरत नहीं। उन्हें पता नहीं है कि उनके साथ क्या हुआ है। उन्हें जल्द समझ आ जाएगा।"

# सुशासन तिहार में प्राप्त आवेदनों का सर्वोच्च प्राथमिकता से करें निराकरण : मुख्यमंत्री



महानगर नेटवर्क
रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को अपने निवास कार्यालय में राजस्व विभाग के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं का त्वरित और सहज लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री साय ने फौती-नामांतरण की प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने और समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश देते हुए कहा कि विधिक वारिसान के पक्ष में फौती नामांतरण समय पर सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टरों को निर्देशित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि तय समय सीमा में नामांतरण न होने पर संबंधित पटवारियों की जवाबदेही तय करते हुए कठोर कार्यवाही करें।
मुख्यमंत्री साय ने कहा कि आरबीसी 6-4 के अंतर्गत पीड़ित परिवारों को तात्कालिक सहायता उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने इसके लिए विभिन्न विभागों के बीच प्रभावी समन्वय स्थापित करते हुए कार्यवाही में विलंब न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि प्रभावित परिवारों को लंबे समय तक भटकना न पड़े। उन्होंने अधिकारियों को इसकी सतत निगरानी करने के निर्देश भी दिए। साय ने स्पष्ट किया कि राजस्व विभाग का सीधा संबंध आम जनता से है, अतः मैदानी अमले की लापरवाही शासन की छवि पर प्रतिकूल प्रभाव डालती है। उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदनों के निराकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता पर रखने और सभी आवेदनों का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।
उन्होंने कहा कि राजस्व न्यायालय का संचालन सप्ताह में न्यूनतम दो दिन अनिवार्य रूप से किया जाए और दो पेशी में ही प्रकरणों का निराकरण हो। अति आवश्यक परिस्थितियों को छोड़कर पेशी की तिथि बढ़ाने से बचा जाए। मुख्यमंत्री साय ने ग्रामीण क्षेत्रों में डिजिटल तकनीक का अधिकतम उपयोग कर डायवर्सन प्रक्रिया को सरल और सहज बनाने पर भी बल दिया। उन्होंने अविवादित नामांतरण और बंटवारे के मामलों में अनावश्यक विलंब करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध कार्रवाई के निर्देश दिए। डिजिटल क्रॉप सर्वे की समीक्षा करते हुए उन्होंने राजस्व, कृषि, खाद्य तथा इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी विभागों की संयुक्त टीम गठित कर भूमि और फसल से संबंधित सटीक जानकारी एकत्रित करने के निर्देश दिए। राजस्व सचिव अविनाश चंपावत ने विभागीय कार्यों और गतिविधियों की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि भूमि अभिलेखों का कंप्यूटरीकरण, पंजीयन का डिजिटलीकरण तथा मॉडर्न रिकॉर्ड रूम का कार्य पूर्णता की ओर है। साथ ही उन्होंने राजस्व न्यायालय प्रबंधन प्रणाली के डिजिटलीकरण, किसान पंजीयन, डिजिटल क्रॉप सर्वे और जियो-रेफरेंसिंग कार्यों की प्रगति से भी अवगत कराया।

# भारत ने झेलम में छोड़ा पानी, तो पाक में आई बाढ़

**जम्मू।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के साथ सिंधु जल संधि को स्थगित कर दिया है। इस बीच भारत की ओर से शनिवार को पाकिस्तान के मुजफ्फराबाद के हट्टिन बाला इलाके में झेलम नदी में पानी छोड़ दिया गया। इसकी वजह से मुजफ्फराबाद प्रशासन ने वॉटर इमरजेंसी का ऐलान कर दिया है। दरअसल, झेलन नदी में पानी छोड़ जाने की वजह से मुजफ्फराबाद में अचायक भयंकर बाढ़ आ गई। जानकारी के मुताबिक उरी में अनंतनाग जिले से चकोठी में पानी घुसने से झेलम नदी में अचानक भयंकर बाढ़ आ गई।

### बिलावल के बयान पर बोले देश के इमाम साजिद रशीदी

# पाक में घुसकर मारेगा भारत का मुसलमान

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली



पहलगाम हमले के बाद भारत पाकिस्तान का पानी रोकने की योजना बना रहा है। इस पर हाल ही में पाकिस्तान की पीपीपी पार्टी के चीफ बिलावल भुट्टो की तरफ से जहर उगलने वाला बयान दिया गया। उन्होंने कहा कि अगर भरत ने पानी रोका तो उस नदी में खून बहेगा। ऑल इंडिया इमाम एसोसिएशन के अध्यक्ष साजिद रशीदी ने इसपर जवाब देते हुए कहा कि समय ही बताएगा कि किसका खून बहेगा। उन्हें अब पानी की सर्जिकल स्ट्राइक के बारे में सोचना चाहिए, वे पानी की एक-एक बूंद के लिए संघर्ष करेंगे। पाकिस्तान में भारत की ओर देखने का दम नहीं है। उन्हें पहले अपनी समस्या को सुलझाना चाहिए, वहां शिया-सुन्नी की लड़ाई होती है। रशीदी ने आगे कहा कि मैं संदेश देना चाहता हूं कि उन्हें ये गतिविधियां बंद कर देनी चाहिए। अन्यथा भारत के मुसलमान पाकिस्तान की इन गतिविधियों को खत्म करने के लिए तैयार बैठा है। हमें केवल सरकार की मंजूरी की जरूरत है पाकिस्तान में घुसकर मारेंगे। फिर हम देखेंगे कि जिहाद क्या होता है। शुक्रवार को गृह मंत्री अमित शाह ने अपने घर पर विदेश मंत्री एस जयशंकर और जलमंत्री के साथ बैठक की। इस बैठक के दौरान पाक के पानी को रोकने को लेकर चर्चा हुई।

### बिलावल भुट्टो ने क्या कहा था?

पीपीपी अध्यक्ष बिलावल भुट्टो-जरदारी ने एक दिन पहले भारत को धमकी भरे लहजे में कहा था कि अगर पानी रोका गया तो नदियों में खून बहेगा। एक खबर में पूर्व विदेश मंत्री बिलावल के हवाले से कहा गया कि सिंधु हमारी है और हमारी ही रहेगी। या तो हमारा पानी इसमें बहेगा या उनका खून। बिलावल ने यह बात सिंध के सुक्कुर इलाके में एक सार्वजनिक रैली को संबोधित करते हुए कही थी। सिंधु नदी सिंध से होकर बहती है और सिंधु घाटी सभ्यता का शहर मोहनजोदड़ो इसके किनारों पर बसा था।

# भारत-पाकिस्तान के बीच तनाव पर मीडिया चैनलों के लिए एडवाइजरी जारी

महानगर नेटवर्क
नई दिल्ली

पहलगाम हमले को लेकर भारत-पाकिस्तान के बीच जारी तनाव के मद्देनजर केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने सभी मीडिया चैनलों के लिए एक एडवाइजरी जारी की है। यह एडवाइजरी राष्ट्रीय सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जारी की गई है। इसमें कहा गया है कि रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करें। मंत्रालय ने कहा है, 'राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, रक्षा अभियानों और सुरक्षा बलों की गतिविधियों का सीधा प्रसारण न करें।'
केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने कश्मीर के पहलगाम हमले के बीच यह एडवाइडजारी जारी की है। 26 अप्रैल, 2025 को जारी बयान में मंत्रालय ने कहा है कि हालात को देखते हुए देशहित में मीडिया चैनल लाइव कवरेज करते हुए सावधानी बरतें। एडवाइजरी में 8 निर्देश दिए गए हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के हित में, सभी मीडिया प्लेटफॉर्म्स, समाचार एजेंसियों और सोशल मीडिया यूजर्स को सलाह दी जाती है कि वे अत्यंत जिम्मेदारी के साथ काम करें और रक्षा व अन्य सुरक्षा से संबंधित अभियानों की रिपोर्टिंग करते समय मौजूदा कानूनों और नियमों का सख्ती से पालन करें।

# PoK को भारत का हिस्सा बनाने का समय आ गया है : मुख्तार अब्बास नकवी



**रामपुर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले में 26 लोगों की मौत हो गई थी। इस घटना के बाद से देश में आक्रोश का मौहाल है और भारत सरकार भी एक्शन मोड में हैं। वहीं इस बीच पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी ने शनिवार को एक बयान दिया। उन्होंने अपने बयान में कहा कि आजादी के अमृत काल में संसद से 31 साल पहले पारित उस संकल्प को पूरा करने का वक्त आ गया है, जिसमें कहा गया था कि पीओके भारत का हिस्सा है और उसे पाकिस्तान के अवैध कब्जे से मुक्त कराना है। मुख्तार अब्बास नकवी के कार्यालय द्वारा इसे लेकर एक विज्ञप्ति जारी की गई है।

### इंसानियत और इस्लाम के दुश्मन

रामपुर जिले में एक कार्यक्रम को संबोधित करने के दौरान उन्होंने पहलगाम आतंकवादी हमले की निंदा की और कहा, 'इस्लाम को सुरक्षा कवच बनाकर इन्सानियत को लहूलुहान करने वाले इन्सानियत और इस्लाम दोनों के दुश्मन हैं।' इस दौरान भाजपा नेता ने कहा, 'मुल्क के दुश्मनों को सबक सिखाने के लिए देश के सौहार्द, एकता को मजबूत और महफूज रखना होगा। आजादी के अमृत काल में पीओके को भारत का हिस्सा बनाने के संसद के संकल्प को पूरा करने का वक्त आ गया है।

# व्हाइट हाउस में हुई तीखी नोंक-झोंक के बाद पहली बार मिले ट्रंप और जेलेंस्की

महानगर नेटवर्क
वेटिकन सिटी



शुक्रवार को ईसाइयों के सबसे बड़े धर्मगुरु पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार समारोह के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की के बीच आधिकारिक मुलाकात हुई है। व्हाइट हाउस के एक अधिकारी ने बताया है कि रोम में अमेरिकी राष्ट्रपति और जेलेंस्की की मुलाकात बहुत ही सुखद रही। वहीं जेलेंस्की के कार्यालय के एक प्रवक्ता ने बताया है कि सेंट पीटर बेसिलिका में लगभग 15 मिनट तक चली मुलाकात में दोनों नेताओं ने एक और बैठक करने पर सहमति जताई है और इसके लिए तैयारियां चल रही है। गौरतलब है कि फरवरी में व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में हुई तीखी नोकझोंक के बाद यह ट्रंप और जेलेंस्की की पहली मुलाकात थी। हाउस के एक अधिकारी ने कहा, "राष्ट्रपति ट्रंप और राष्ट्रपति जेलेंस्की ने निजी तौर पर मुलाकात की है और बहुत ही उपयोगी चर्चा की। बैठक के बारे में अधिक जानकारी बाद में दी जाएगी।"

### ट्रंप-जेलेंस्की के बीच हुई थी बहस

ट्रंप-जेलेंस्की के बीच व्यक्तिगत संबंध अच्छे नहीं रहे हैं। फरवरी में ओवल में हुई बैठक में ट्रंप की यूक्रेनी राष्ट्रपति के साथ तीखी बहस हुई थी जिसके बाद जेलेंस्की कथित तौर पर बिना खाना खाए वाइट हाउस से निकल आए थे। इस सप्ताह ट्रंप ने जेलेंस्की के एक बयान पर कड़ी आपत्ति जताते हुए उन्हें लाखों मौतों का जिम्मेदार बता दिया।

# भारत में मरना मंजूर, लेकिन पाक जैसे नर्क में जाना...

महानगर नेटवर्क
पहलगाम



पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने कड़ा रुख अपनाते हुए पाकिस्तान से भारत आए लोगों को वापसी का आदेश दिया है। इस आदेश से सबसे ज्यादा सहमे हुए वह लोग हैं जो पाकिस्तान छोड़ भारत में आकर बस गए हैं। ये सभी पाकिस्तानी अल्पसंख्यक हिन्दू हैं जो वहां के खराब हालातों से परेशान हो कर भारत आए थे। अब सरकार के आदेश के यह सभी लोग सहमे हुए है। ये पाकिस्तान वापस नहीं जाना चाहते।
दरअसर 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने एक कायराना हमले को अंजाम दिया था जिसमें 26 निर्दोष लोगों की मौत हो गई थी। जानकारी के मुताबिक आतंकियों ने लोगों ने धर्म पूछकर उनको निशाना बनाया और कई लोगों को कलमा पढ़ने के लिए भी कहा। इस भयावह हमले की चपेट में आए लोगों की चीख अभी कानों में गूंज रही है। पूरा देश आतंकियों के खिलाफ सख्त ऐक्शन की मांग कर रहा है। इसी दौरान सरकार ने बड़ा कदम उठाते हुए पाकिस्तान से आए लोगों का विजा कैंसिल कर दिया और अब रविवार को पाकिस्तान वापस जाना होगा। इस फैसले के बाद अब पाकिस्तान से आए हिन्दुओं को अपनी जान का डर सता रहा है। उन्हें लग रहा है कि उनका वापस जाना उनके लिए खतरनाक साबित हो सकता है। एक रिपोर्ट के मुताबिक राजस्थान के जैसलमेर में एक शरणार्थी कॉलोनी में पाकिस्तान से आए एक हजार से ज्यादा शरणार्थी हिन्दू रहते हैं जो शॉर्ट टर्म वीजा पर भारत आए हैं।

### पीएम मोदी से गुहार

ये सभी लोग वाघा-अटारी बॉर्डर से भारत में दाखिल हुए थे। इन्हीं में से एक शख्स ने बताया कि वह पाकिस्तान के सिंध में रहते थे और वहां उत्पीड़न के चलते भारत आ गए थे। उन्होंने कहा कि भारत और पाकिस्तान में बढ़ते तनाव के बीच अब वापसी का ख्याल उन्हें परेशान कर रहा है। उन्होंने कहा, उन्हें भारत में मरना मंजूर है लेकिन पाकिस्तान जैसे नर्क में जाना नहीं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से गुहार लगाई है कि उन्हें वापस ना भेजा जाए।

# सरयू नदी में बनेगा फ्लोटिंग बाथिंग कुंड

**अयोध्या।** पर्यटन और श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए योगी सरकार ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। सरयू नदी में फ्लोटिंग बाथिंग कुंड का निर्माण किया जाएगा। यह कुंड आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। इसमें एक समय में 300 श्रद्धालु स्नान कर सकेंगे। यह कदम अयोध्या के मेलों और धार्मिक आयोजनों की भीड़ को देखते हुए उठाया गया है, ताकि श्रद्धालुओं को सुरक्षित और सुविधाजनक स्नान की व्यवस्था मिल सके। अयोध्या में भव्य राम मंदिर निर्माण के बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। प्रदेश की योगी सरकार अयोध्या के धार्मिक महत्व को बढ़ाने के साथ पर्यटन नगरी के रूप में भी सजा-संवार रही है। इसी कड़ी में अयोध्या विकास प्राधिकरण ने श्रद्धालुओं के लिए एक नायाब कुंड का निर्माण कराने का फैसला लिया है।

# भारत के ऐक्शन से घबराया पाकिस्तान अब बांग्लादेश को लगा रहा मक्खन



महानगर नेटवर्क
इस्लामाबाद

पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। भारत अब तक पाकिस्तान पर कई बड़े ऐक्शन ले चुका है और आने वाले दिनों में कड़ी कार्रवाई की संभावना जताई जा रही है। घबराया पाकिस्तान अपने मित्र देशों से संपर्क साध रहा है। इस बीच, वह बांग्लादेश को मक्खन लगाने में लग गया है। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा मुहम्मद आसिफ ने बड़ी बात करते हुए कहा है कि पाकिस्तान बांग्लादेश के साथ विभिन्न क्षेत्रों में संबंधों को बेहतर करने के लिए तत्पर है। उन्होंने कहा कि इस्लामाबाद और ढाका दोनों आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुकता से काम कर रहे हैं।
शनिवार को बताया कि आसिफ शुक्रवार को बांग्लादेश के 54वें राष्ट्रीय और स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे। बांग्लादेश के उच्चायुक्त मुहम्मद इकबाल हुसैन खान द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम से कुछ दिन पहले ही बांग्लादेश और पाकिस्तान ने करीब 15 साल के अंतराल के बाद ढाका में विदेश सचिव स्तर की विदेश कार्यालय परामर्श (एफओसी) आयोजित की थी। आसिफ ने दोनों देशों के बीच सौहार्दपूर्ण संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि दोनों देश आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक सहयोग को आगे बढ़ाने के लिए उत्सुकता से काम कर रहे हैं।

# गुजरात में एक हजार से ज्यादा बांग्लादेशी हिरासत में

## हरियाणा में 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश

**अहमदाबाद/सूरत।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के बाद देशभर में विदेशी नागरिकों के खिलाफ एक्शन शुरू हो गया है। गुजरात के अहमदाबाद (890) और सूरत (134) में पुलिस ने शनिवार को महिलाओं और बच्चों सहित करीब एक हजार अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को हिरासत में लिया। वैध दस्तावेज नहीं मिलने पर उन्हें भारत से निकाला जाएगा। गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने कहा, 'इनमें से कई लोग ड्रग्स और मानव तस्करी में शामिल हैं और हाल ही में गिरफ्तार किए गए चार बांग्लादेशियों में से दो अलकायदा के स्लीपर सेल में काम करते थे। इन बांग्लादेशियों की पृष्ठभूमि और गुजरात में उनकी गतिविधियों की जांच की जाएगी।' हरियाणा में राज्य सरकार ने 460 पाकिस्तानियों को निकालने का आदेश जारी किया है। अभी इन्हें हिरासत में लेने की कोई सूचना नहीं है। CM नायब सैनी ने पाकिस्तानियों को वापस भेजने के लिए गृह विभाग से प्लानिंग मांगी है।

# फिटजी कोचिंग ने 14,411 छात्रों से हड़पे 206 करोड़

## • बरामद हुए करीब पांच करोड़ के जेवर



**लखनऊ।** हजारों छात्र-छात्राओं को धोखा देने वाले फिटजी कोचिंग संस्थान के ठिकानों पर शनिवार सुबह ईडी की छापे की कार्रवाई समाप्त हो गई। ईडी ने इन ठिकानों से 10 लाख रुपए नकदी, 4.89 करोड़ रुपए कीमत के जेवरात और तमाम संदिग्ध दस्तावेज बरामद किए है। जांच में सामने आया है कि कोचिंग संचालकों ने इंजीनियरिंग की प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कराने के 4 वर्षीय कोर्स के लिए करीब 15 हजार छात्र छात्राओं से 250 करोड़ रुपए जुटाने के बाद जनवरी माह में अचानक कई शहरों में अपने केंद्र बंद कर दिए थे। जिसके बाद लखनऊ, नोएडा, दिल्ली, भोपाल आदि शहरों में अभिभावकों ने कोचिंग संचालकों के खिलाफ मुकदमे दर्ज कराए थे। ईडी की जांच में पता चला कि कोचिंग संचालकों ने 206 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी को अंजाम दिया है। ईडी ने बृहस्पतिवार को कोचिंग के संचालक गोयल आदि के दिल्ली, नोएडा, गुरुग्राम के 8 ठिकानों पर छापा मारा।

### तनाव के बीच फिर PAK आर्मी चीफ मुनीर ने उगला जहर

# टू नेशन थ्योरी, हिंदू-मुस्लिम अलग

महानगर नेटवर्क
इस्लामाबाद



पहलगाम आतंकी हमले के बाद पाकिस्तानी आर्मी चीफ जनरल आसिम मुनीर ने एक बार फिर से जहर उगला है। उन्होंने टू नेशन थ्योरी का राग अलापते हुए कहा है कि हिंदू-मुस्लिम अलग हैं। मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान कई बलिदानों के बाद हासिल हुआ है और हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है। मुनीर ने हफ्तेभर पहले कश्मीर को पाकिस्तान के गले की नस बताते हुए टू नेशन थ्योरी की बात की थी, जिसके बाद भारत ने करारा जवाब दिया था। शनिवार को मुनीर खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत के काकुल इलाके में पाकिस्तान मिलिट्री अकादमी (पीएमए) में कैडेटों की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। मुनीर ने कहा, "टू नेशन थ्योरी इस बुनियादी मान्यता पर आधारित थी कि मुसलमान और हिंदू एक नहीं, बल्कि दो अलग-अलग राष्ट्र हैं। मुसलमान जीवन के सभी पहलुओं - धर्म, रीति-रिवाज, परंपरा, सोच और आकांक्षाओं में हिंदुओं से अलग हैं।" उनकी टिप्पणी मंगलवार को पहलगाम आतंकवादी हमले के मद्देनजर भारत के साथ तनाव के बीच आई है, जिसमें 26 लोग मारे गए और भारत ने सिंधु जल संधि को निलंबित करने सहित पाकिस्तान के खिलाफ कई उपायों की घोषणा की। जनरल मुनीर ने कहा कि पाकिस्तान कई बलिदानों के बाद हासिल हुआ है और इसे सुरक्षित रखना सशस्त्र बलों का कर्तव्य है। उन्होंने कहा, "हमारे पूर्वजों ने पाकिस्तान के निर्माण के लिए बहुत बड़ी कुर्बानियां दी हैं। हम जानते हैं कि इसकी रक्षा कैसे करनी है।" इससे पहले 16 अप्रैल को इस्लामाबाद में प्रवासी पाकिस्तानियों के लिए एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुनीर ने दावा किया कि हिंदू और मुसलमान अलग-अलग राष्ट्र हैं और उन्होंने दर्शकों से पाकिस्तान के निर्माण की कहानी अपने बच्चों को बताने का आग्रह किया। उन्होंने पाकिस्तान के संस्थापक एम ए जिन्ना द्वारा प्रचारित दो-राष्ट्र सिद्धांत का हवाला देते हुए कहा, "आपको अपने बच्चों को पाकिस्तान की कहानी बतानी होगी ताकि वे यह न भूलें कि हमारे पूर्वजों ने सोचा था कि हम जीवन के हर संभव पहलू में हिंदुओं से अलग हैं।"

# यूक्रेन के साथ बिना शर्त बातचीत के लिए तैयार रूस

**वेटिकन सिटी।** सालों से चल रहे रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने कहा कि वो यूक्रेन के साथ बातचीत करने के लिए तैयार हैं। क्रेमलिन ने शनिवार को कहा कि रूस ने यूक्रेन के साथ बिना किसी पूर्व शर्त के शांति वार्ता करने की इच्छा व्यक्त की है। इससे पहले व्लादिमीर पुतिन ने अमेरिका के दूत स्टीव विटकॉफ से मुलाकात की थी।
क्रेमलिन के प्रवक्ता दिमित्री पेस्कोव ने कहा, "ट्रंप के दूत विटकॉफ के साथ कल की बातचीत के दौरान व्लादिमीर पुतिन ने दोहराया कि रूस बिना किसी पूर्व शर्त के यूक्रेन के साथ वार्ता फिर से शुरू करने के लिए तैयार है।" उन्होंने कहा कि पुतिन ने अतीत में भी कई बार यह बात दोहराई है।
अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कहा था कि रूस-यूक्रेन युद्ध को खत्म करने के लिए समझौता 'करीब' है। ऐसा कहने के एक दिन बाद ही रिपब्लिकन नेता ने पुतिन की युद्ध खत्म करने की इच्छा पर संदेह व्यक्त किया। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, "पिछले कुछ दिनों में पुतिन की ओर से नागरिक क्षेत्रों, शहरों और कस्बों में मिसाइलें दागने का कोई कारण नहीं था." पोप फ्रांसिस के अंतिम संस्कार के बाद वापस अमेरिका लौटते समय ट्रंप ने रूस के खिलाफ और अधिक प्रतिबंध लगाने का संकेत दिया।

# गंगाजल घर में रखने के नियम

हिंदू धर्म शास्त्रों में गंगा को कलयुग का तीर्थ स्थान बताया गया है। इसे बहुत ही पवित्र और पूजनीय माना गया है। गंगा को पापमोचनी के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि ऐसा माना जाता है कि गंगा में डुबकी लगाने मात्र से व्यक्ति के सभी पाप नष्ट हो जाते हैं। इसी प्रकार घर में गंगाजल रखने का भी विशेष महत्व माना गया है, लेकिन इसकी पवित्रता को बनाए रखने के लिए कुछ नियमों का ध्यान रखा जाना जरूरी है।



### इस दिशा में रखें गंगाजल

घर में गंगाजल को रखने के लिए सबसे अच्छा स्थान ईशान कोण यानी घर की उत्तर-पूर्व दिशा को माना गया है। वहीं आप घर के पूजा स्थान या मंदिर में भी गंगाजल रख सकते हैं। क्योंकि इन स्थानों पर देवी-देवताओं का वास माना जाता है।

### बनी रहेगी सुख-शांति

घर में समय-समय पर गंगाजल का छिड़काव करते रहना चाहिए। ऐसा करने से गृह क्लेश की स्थिति भी शांत होती है। साथ ही इससे घर में मौजूद नकारात्मकता का भी नाश होता है और सकारात्मक माहौल बन रहता है।

### भूलकर भी न करें ये गलती

गंगाजल की पवित्रता को बनाए रखने के लिए कुछ नियमों का ध्यान रखना जरूरी है। इसे हमेशा साफ-सुथरे स्थान पर ही रखना चाहिए। गंगाजल को कभी भी अंधेरे स्थान पर न रखें। इसकी बजाय ऐसे स्थान का चुनाव करें जहां प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था हो। इस बात का भी ध्यान रखें कि हाथ में गंगाजल लेकर कभी भी झूठ नहीं बोलना चाहिए।

### इन नियमों का रखें ध्यान

वास्तु के अनुसार, घर में गंगाजल को रखने के लिए हमेशा शुद्ध पत्र का इस्तेमाल करना चाहिए। कोशिश करें कि गंगाजल को किसी प्लास्टिक के बर्तन में न रखें। इसके लिए तांबे, पीतल, चांदी या फिर मिट्टी के पात्र का उपयोग करना बेहतर माना जाता है।

# गुड़ का टुकड़ा जगा सकता है सोया भाग्य

**आजकल चॉकलेट से मुहं मीठा कराया जाता है, लेकिन परपंरा तो किसी भी सफलता, शुभ, मांगलिक कार्य पर गुड़ से मुहं मीठा कराने की ही रही है। गुड़ खाने में तो मीठा है ही इसके गुण भी बहुत मीठे फल देते हैं। आप भी चाहें तो गुड़ के इन उपायों से अपनी किस्मत को बदल सकते हैं। विवाह होने में अडचने आ रही हैं या नौकरी के लिए दर-दर भटकने के बाद भी रोजगार नहीं मिल रहा है या ऐसे कई समस्याएं हैं जिनका समाधान गुड़ से किया जा सकता है।**



➲ सबसे पहले तो अगर आपकी कुंडली में सूर्य कमजोर है, तो अपने दिन की शुरुआत रोजाना थोड़ा सा गुड़ खाकर पानी पीने के साथ करें। इसके साथ ही रविवार के दिन से अगले 8 दिनों तक 800 ग्राम गेहूं और 800 ग्राम गुड़ मंदिर में अर्पित करें। सूर्य मजबूत होगा।

➲ आर्थिक स्थिति लगातार कमजोर होती जा रही है, तो गुड़ पैसों की तंगी से छुटकारा दिला सकता है। इसके लिए गुड़ का छोटा सा टुकड़ा लेकर लाल कपड़े में एक सिक्का के साथ बांध दें। इसके बाद इसे मां लक्ष्मी की तस्वीर के सामने रख दें। रोजाना विधिवत पूजा करें। पांचवें दिन मां दुर्गा की आराधना करने के बाद इस कपड़े को उठा लें और अलमारी, तिजोरी या फिर आप जहां पैसे रखते हैं, उस स्थान में रख दें।

➲ लगातार कर्ज के बोझ में दबते जा रहे हैं, तो एक पीले कपड़े में 7 गांठ हल्दी और थोड़ा सा गुड़ का टुकड़ा लेकर बांध दें। इसके बाद इसे उस स्थान पर रख दें, जहां पर पैसे रखते हो। रखने के 21 दिन बाद इस पीले कपड़े में बंधा सारा सामान बहते हुए पानी में प्रवाहित कर दें। ऐसा करने से कर्ज से मुक्ति मिल जाएगी।

➲ विवाह के योग नहीं बन रहे हैं, तो गुड़ का उपाय किया जा सकता है। इसके लिए हर गुरुवार आटे की लोई में थोड़ा सा गुड़, घी और हल्दी डालकर गाय को खिला दें। करीब 7 गुरुवार ऐसा करने से व्यक्ति का विवाह जल्द हो जाएगा।

➲ नई नौकरी की तलाश कर रहे हैं लेकिन बार-बार असफल हो रहे हैं या फिर मौजूदा नौकरी में पदोन्नति चाहते हैं, तो रोजाना पहली रोटी गाय के लिए निकाल लें और इसमें थोड़ा सा गुड़ रखकर खिला दें। ऐसा रोजाना करने से कुछ ही दिनों में आपको गुड न्यूज मिल जाएगी।

➲ अगर आप किसी इंटरव्यू के लिए जा रहे हैं, तो घर से निकलते समय रास्ते में किसी गाय को आटा या गुड़ खिलाने से काम में सफलता हासिल होती है।



# महिलाओं के लिए फैशन हैक्स

**कई बार महिलाएं जब घर से बाहर जाती है, तो उन्हें किसी न किसी वजह से शर्मसार होना पड़ता है। कुछ महिलाओं को घर से बाहर निकलने पर पीरियड्स के कारण होने वाले ब्लड फ्लो की वजह से कपड़े पर लाल धब्बे दिखने लगते हैं या फिर ब्रा की स्ट्रिप नजर आती है, तो वहीं कुछ महिलाओं की क्लीवेज दिखने लगती है। ऐसे में उन्हें शर्मिंदगी महसूस होती है उन्हें यह बोलकर टोक देते हैं कि जब पहनना नहीं आता तो क्यों पहनती हो।**



**फैशन हैक्स :-** फैशन को लेकर अधिकतर महिलाए परेशान रहती है और उनका कॉन्फिडेंस कम होने लगता है। अगर आप भी इन सब चीजों से परेशान है, तो यह खबर आपके लिए लाभदायक हैं। आज हम आपको कुछ ऐसे फैशन बताएंगे, जिनकी मदद से आप किसी भी स्थिति में अपने आप को शर्मिंदगी से बचा सकते हैं।

**पीरियड पैंटी :-** सबसे पहले पीरियड होने पर आप पीरियड पैंटी का इस्तेमाल कर सकते हैं, यह साधारण पैंटीज की तरह होती है। लेकिन इससे लीकेज की संभावना न के बराबर होती है। अगर आपका पीरियड्स के दौरान ज्यादा फ्लो होता है, तो आप इसे ट्राई कर सकती हैं। इससे आपके कपड़ो पर धब्बे भी नहीं लगेंगे।

**स्वेट पैड्स का इस्तेमाल :-** गर्मी के मौसम में अधिकतर लड़कियां पसीने की वजह से परेशान हो जाती है, ऐसे में उनके कपड़ों पर पसीने के निशान दिखाई देते हैं और उनके शरीर से बदबू आने लगती है। इस स्थिति में आप स्वेट पैड्स का इस्तेमाल कर सकती हैं। यह आपके लिए काफी फायदेमंद साबित हो सकता है। इसकी मदद से महिलाओं को शर्मिंदगी का सामना भी नहीं करना पड़ेगा।

**डबल साइड टेप :-** कई बार ब्रा की फिटिंग को लेकर महिलाओं को परेशानी होती है, ड्रेस पहनने पर भी निपल्स दिखाई देने लगते हैं। यही नहीं फॉर्मल शर्ट पहनने पर गलत फिटिंग की वजह से शर्ट के बटन के बीच में अजीब सा गेम दिखाई देता है। ऐसे में लड़कियां शर्मिंदगी महसूस करती है। इससे बचने के लिए आप डबल साइड टेप अपने पास रखें। यह आपको इन सब चीजों से बचाने में मदद करेगी।

**हील कुशन :-** अगर आपकी हाइट छोटी है और आप ज्यादा हिल्स पहनती है, तो अपने पास हील कुशन जरूर रखें। इन्हें अगर आप जूते और हिल्स के साथ रखती है, तो इससे आपकी हाइट बढ़ेगी और आराम मिलेगा।



**फिटकरी का इस्तेमाल :-** कई बार महिलाएं रेजर और सेफ्टी पिन का इस्तेमाल करती है। ऐसे में उनके हाथ, पैरों से खून निकलने लगता है। इस स्थिति में आप फिटकरी का इस्तेमाल कर सकती हैं। इसका इस्तेमाल करते ही आपकी ब्लीडिंग रुक जाएगी। जूते की वजह से पैरों से खून निकलने लगता है, तो भी आप फिटकरी का इस्तेमाल कर खून रोक सकते हैं।

# क्या बेबी को खिला सकते हैं बाहर का खाना?

**जैसे-जैसे बच्चा बड़ा होता है, उसे न्यूट्रिशियन की जरूरत होने लगती है। बच्चे के शुरुआती दो साल के दौरान उसे जो भी खाना खिलाया जाता है, उससे बच्चे का ब्रेन तैयार होता है। ऐसे में मांएं अक्सर यह सोचने लगती हैं कि बच्चे को सॉलिड फूड कब से देना चाहिए और उसे बाहर का खाना कब से खिलाना चाहिए?**



### छह महीने तक ऐसे रखें बच्चे का ख्याल

डब्ल्यूएचओ के मुताबिक, बच्चा जब तक छह महीने का नहीं होता है, तब तक उसे मां का दूध ही पिलाना चाहिए। बच्चे को जरूरी न्यूट्रीशियंस और एनर्जी मां के दूध से ही मिल जाते हैं। जब बच्चा छह महीने का हो जाता है, तब उसे ज्यादा एनर्जी और न्यूट्रीशियंस की जरूरत होती है। ऐसे में महिलाएं अपने बच्चे को सॉफ्ट डाइट देना शुरू कर सकती हैं।

### छह महीने के बच्चे को क्या खिलाएं?

अब सवाल उठता है कि जब बच्चा छह महीने का हो जाए, तब उसे क्या-क्या खिलाना चाहिए? जब बच्चा छह महीने का हो जाए, आप उसे दो-तीन चम्मच सॉफ्ट फूड जैसे दलिया, मसले हुए फल या सब्जियां दे सकते हैं। गौर करने वाली बात यह है कि यह डाइट दिन में सिर्फ दो बार देनी चाहिए। इस वक्त तक बच्चा भले ही मां का दूध पी रहा हो या नहीं, उसे ठोस आहार जरूर देना चाहिए। इससे ज्यादा देर करने पर बच्चे की सेहत को नुकसान हो सकता है। यह बात हमेशा याद रखें कि छह महीने का होने से पहले बच्चे को ठोस आहार, पानी, जूस या दलिया आदि कभी नहीं देना चाहिए, क्योंकि उसे जरूरी न्यूट्रीशियंस मां के दूध से ही मिल जाते हैं।

### बच्चे को बाहर का खाना कब खिलाना चाहिए?

अब सवाल उठता है कि क्या छह महीने का होने के बाद बच्चे को ठोस आहार के साथ-साथ बाहर यानी बाजार का खाना खिला सकते हैं? डॉक्टरों की मानें तो इसका जवाब न है, क्योंकि बाहर का खाना बच्चे को नुकसान पहुंचा सकता है। छह महीना का होने के बाद कुछ लोग अपने बच्चे को बाहर के खाने का स्वाद देने लगते हैं। इससे बच्चे की तबीयत बिगड़ सकती है, क्योंकि उनका पाचन तंत्र बाहर का खाना पचाने लायक नहीं हो पाता है। इससे बच्चे की तबीयत बिगड़ सकती है। उसे लूज मोशन आदि की समस्या हो सकती है। जब तक बच्चा समझने और अपनी बात कहने लायक न हो जाए, उसे बाहर के खाने से दूर रखना चाहिए।

# मिर्च की जलन ऐसे होगी दूर..

**खाने का स्वाद हरी मिर्च बढ़ा देती है, लेकिन इसे काटना काफी मुश्किल भरा होता है। दरअसल, जब मिर्च ज्यादा तीखी होती है, तो उसकी वजह से हाथों में जलन होने लगती है। अगर गलती से मिर्च वाले हाथ शरीर के किसी दूसरे अंग पर लग गए तो हालत खराब होना एकदम तय है। आइए आपको ऐसे टिप्स बताते हैं, जिससे मिर्च काटने के बाद आपके हाथों में कभी भी जलन नहीं होगी। हालांकि, सबसे पहले जानते हैं कि आखिर मिर्च काटने के बाद जलन महसूस ही क्यों होती है? भले ही मिर्च काटने के लिए चाकू का इस्तेमाल करें या कैंची का। इसकी वजह क्या है?**





### इस वजह से होती है जलन

जानकारी के मुताबिक, मिर्च में एक रसायन होता है, जिनका नाम कैप्साइसिन है। मिर्च के तीखेपन के हिसाब से इस कैमिकल की मात्रा कम या ज्यादा रहती है। जब कोई चाकू या कैंची से मिर्च काटता है,तो यह कैमिकल स्किन के संपर्क में आने के बाद रिएक्शन देने लगता है। इसकी वजह से स्किन लाल हो जाती है और उस पर तेजी से जलन होने लगती है।

### ग्लव्स पहनकर काटें मिर्च

आजकल बाजार में प्लास्टिक के ग्लव्स आने लगे हैं, जिन्हें पहनकर मिर्च काटने से कैप्साइसिन कैमिकल का असर स्किन पर नहीं होता है और जलन भी नहीं होती है। इस तरह के ग्लव्स आप तमाम रेस्तरां में वेटर आदि को पहने हुए देख सकते हैं। ये सामान्य प्लास्टिक के बने होते हैं और इनकी कीमत भी काफी कम होती है।

### अगर जलन हो रही है तो क्या करें?

अब सवाल उठता है कि अगर आपके पास ग्लव्स नहीं हैं और मिर्च काटने के बाद हाथों में जलन हो रही है तो क्या करना चाहिए? सबसे पहले आप फ्रिज से बर्फ का टुकड़ा ले लीजिए और उसे हाथों पर रगड़ लीजिए। बर्फ की ठंडक से हाथों में होने वाली जलन कम महसूस होती है, जिससे राहत मिलती है।

# अजवाइन पाये जाते हैं औषधीय गुण

**किचन में मौजूद कई प्रकार के मसाले आपको गंभीर बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। इनमें से एक, अजवाइन सेहत के लिए बेहद फ़ायदेमंद है। अजवाइन के औषधीय गुण आपको कई प्रकार की बीमारियों से बचाते हैं। इसमें प्रोटीन, फ़ैट, खनिज, फाइबर और कार्बोहाइड्रेट भरपूर मात्रा में होता है, जो शरीर को स्वास्थ्य समस्याओं से बचाने में मदद करते हैं। अजवाइन का सेवन यदि आप रात में करते हैं तो आपको कई प्रकार के फायदे होते हैं।**

### पाचन सुधारने में सहायक

रात को सोने से पहले अजवाइन का सेवन करने से पाचन में सुधार होता है। पेट में हो रही गैस, कुपच, अपच, पाचन जैसी समस्याओं को दूर करने में अजवाइन की चाय आपकी मदद कर सकती है।

### वजन घटाने में सहायक

यदि कोई वेट लॉस करना चाहता है तो उनके लिए अजवाइन चाय किसी वरदान से कम नहीं है। अजवाइन चाय मेटाबॉलिज़्म को बढ़ाती है। रात को सोने से पहले चाय का सेवन करने से फैट बर्न करने में भी मदद मिलती है।

### डिटॉक्सिफिकेशन

शरीर से विषाक्त पदार्थों (टॉक्सिन) को निकालने के लिए यदि आप रात को सोने से पहले अजवाइन का सेवन करते हैं तो ये डिटॉक्सीफाई करने में मददगार साबित होती है।



### तनाव कम करने में

अजवाइन चाय में मौजूद गुण तनाव और चिंता को कम करने में मदद कर सकते हैं। अजवाइन चाय का सेवन करने से नींद की गुणवत्ता में भी सुधार देखने को मिलता है।

### सिरदर्द से छुटकारा पाने में

*यदि आपको सिरदर्द की समस्या रहती है तो रात को सोने से पहले अजवाइन चाय का सेवन करने से इससे छुटकारा मिल सकता है।*

# साइकिल चलाने से कम होता है स्ट्रेस

**साइक्लिंग एक अच्छी एक्सरसाइज मानी जाती है। साइकिल चलाने से आपकी मेंटल हेल्थ अच्छी होती है। जहां एक तरफ लोग भाग दौड़ भरी ज़िंदगी में हो रहे तनाव से जूझते हैं। वहीं दूसरी तरफ यदि आप रोजाना साइक्लिंग करते हैं तो आपको कई प्रकार के फायदे हो सकते हैं। साइकिल चलाने से कई गंभीर बीमारियों को दूर किया जा सकता है, इसके साथ ही सेहत और स्किन को भी कई फ़ायदे होते हैं। आइए जानते हैं साइकिल चलाने से कैसे शारीरिक और मानसिक रूप से लाभ मिलता है।**

**वजन घटाने में :-** रोज़ाना साइकिल चलाने से आपको वजन कम करने में मदद मिलती है। पेट में जमा चर्बी को हटाने के लिए आप रोज़ाना साइक्लिंग की आदत डाल दीजिए, पेट का मोटापा कम करने के लिए साइकिल से अच्छी कोई एक्सरसाइज नहीं है। यदि आपके शरीर में बहुत अधिक मात्रा में फ़ैट जम रहा है तो आप साइक्लिंग करके इसे चुटकियों में घटा सकते हैं।

**पैरों को मजबूत करने में :-** रोज़ाना साइकिल चलाने से पैरों को मज़बूती मिलती है। साइकिल चलाने से आपके निचले शरीर में ओवरऑल सुधार होता है और इससे आपके ज्वाइंट पर दबाव भी नहीं पड़ता है। पैरों के मसल्स को मज़बूत करने में साइकिल आपकी मदद कर सकती है।

**दिल का ध्यान रखने में :-** साइकिल चलाने से बीमारियों को रोकने में मदद मिलती है। रोज़ाना साइकिल चलाने से दिल से संबंधित समस्याओं जैसे हार्ट दिल का दौरा और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बीमारियां नहीं होतीं है। टाइप टू डायबिटीज को रोकने और कंट्रोल करने में भी आप साइकिल की मदद ले सकते हैं। नियमित रूप से साइकिल चलाने से लोगों को शुगर की बीमारी नहीं होती है।



**स्किन के लिए फायदेमंद :-** साइकिल चलाने से बहुत अधिक मात्रा में पसीना निकलता है, जिससे चेहरे पर चमक आती है। यदि आप रोज़ाना साइक्लिंग करते हैं तो आपकी स्किन ग्लो करने लगती है।

**स्ट्रेस कम करने में :-** साइक्लिंग एक ऐसी एक्सरसाइज बहुत ही आसान है और हर उम्र के लोग इसे कर सकते हैं। यदि आप रोज़ाना साइक्लिंग करते हैं तो आपको स्ट्रेस से भी मुक्ति मिलती है, दरअसल जब हम साइक्लिंग करते हैं तो हार्मोनल बदलाव होता है, जिससे शरीर में स्ट्रेस कम होता जाता है।

# वानखेडे में मुंबई और लखनऊ की नजरें होंगी प्लेऑफ पर



**मुंबई इंडियंस**

हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, रॉबिन मिंज (विकेटकीपर), रयान रिकेल्टन (विकेटकीपर), श्रीजीत कृष्णन (विकेटकीपर), बेवोन जैकब्स, तिलक वर्मा, नमन धीर, विल जैक्स, मिशेल सेंटनर, राज अंगद बावा, विग्नेश पुथुर, कॉर्बिन बॉश, ट्रेंट बोल्ट, कर्ण शर्मा, दीपक चाहर, अश्विनी कुमार, रीस टॉपले, वीएस पेनमेत्सा, अर्जुन तेंदुलकर, मुजीब उर रहमान, जसप्रीत बुमराह।

**मुंबई।** आईपीएल 2025 में शुरुआती दौर में निराशाजनक प्रदर्शन के बाद खुद को संभालने वाली मुंबई इंडियंस का आज रविवार 27 अप्रैल को मुकाबला लखनऊ सुपर जाइंट्स से है। आईपीएल 2025 का यह 45वां मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा, यह मैच दोपहर साढ़े तीन बजे शुरू होगा। ऐसे में MI की नजरें इस मैच को जीतकर लय बरकरार रकने पर होगी। वहीं लखनऊ की नजरें वापस टॉप-4 में अपनी जगह बनाने पर होगी। इन दोनों टीम के अभी तक समान 10 अंक हैं लेकिन मुंबई बेहतर नेट रन रेट के आधार पर चौथे जबकि लखनऊ की टीम छठे स्थान पर है। अब तक नौ मैचों में से इन दोनों ने पांच मैच जीते हैं और चार हारे हैं। ऋषभ पंत की अगुवाई वाली लखनऊ की टीम की निगाह जीत के अलावा अपने नेट रन रेट में सुधार करने पर भी होगी क्योंकि आगे इसकी भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है। जहां ये दोनों टीमें वानखेड़े स्टेडियम में मैदान पर वर्चस्व के लिए भिड़ेंगी, वहीं मुंबई की भीषण गर्मी और उमस भी खिलाड़ियों की विपरीत परिस्थितियों में अपना सर्वश्रेष्ठ देने की तैयारी को परखने में अपनी भूमिका निभाएगी।

लखनऊ के लिए कप्तान ऋषभ पंत की खराब फॉर्म चिंता का विषय है क्योंकि उन्होंने अब तक नौ मैचों में 106 रन बनाए हैं। मुंबई के मजबूत बॉलिंग अटैक के सामने उनकी कड़ी परीक्षा होगी। मुंबई की टीम सही समय पर अपने चरम पर पहुंची है। उसने लगातार चार मैच जीत कर खुद को प्लेऑफ में पहुंचने की दौड़ में आगे कर दिया है और उसकी टीम अपना विजय अभियान जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध होगी। उसकी टीम यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह वाकिफ है और वह इसका पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। मुंबई के प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, ट्रेंट बोल्ट और यहां तक कि हार्दिक पांड्या सही समय पर फॉर्म में लौट आए हैं और उनसे पार पाना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। रोहित ने चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो विस्फोटक अर्धशतकों के साथ लय हासिल कर ली है और अब वह विरोधी टीमों के लिए सबसे बड़ा खतरा बन गए हैं। हालांकि सूर्यकुमार को लेकर कोई बड़ी चिंता नहीं थी, लेकिन आईपीएल की शुरुआत में इस शीर्ष टी20 बल्लेबाज की परिचित चमक गायब थी, लेकिन दाएं हाथ का बल्लेबाज भी तिलक वर्मा की तरह अपनी लय हासिल करने में सक्षम है। हार्दिक ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है जबकि तेज गेंदबाज दीपक चाहर और ट्रेंट बोल्ट ने अपनी भूमिका अच्छी तरह से निभाई है। जहां तक लखनऊ की बल्लेबाजी का सवाल है तो वह अपने विदेशी खिलाड़ियों निकोलस पूरन (377 रन), मिशेल मार्श (344) और एडेन मार्क्रम (326) पर बहुत अधिक निर्भर है। लखनऊ को फिर से इन तीनों से शानदार प्रदर्शन की उम्मीद रहेगी। लखनऊ के पास गेंदबाजी विभाग में बहुत बड़े नाम नहीं है लेकिन उसके गेंदबाजों ने अभी तक परिस्थितियों के अनुसार गेंदबाजी करके अपनी टीम के अभियान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उसकी तरफ से शार्दुल ठाकुर ने सर्वाधिक 12 विकेट लिए हैं और स्थानीय खिलाड़ी होने के कारण वह यहां की परिस्थितियों से अच्छी तरह अवगत हैं।



**लखनऊ**

ऋषभ पंत (कप्तान और विकेटकीपर), डेविड मिलर, एडेन मार्क्रम, आर्यन जुयाल, हिम्मत सिंह, मैथ्यू ब्रीट्ज़के, निकोलस पूरन (विकेटकीपर), मिशेल मार्श, अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, युवराज चौधरी, राजवर्धन हंगरगेकर, अर्शिन कुलकर्णी, आयुष बडोनी, शार्दुल ठाकुर, अवेश खान, आकाश दीप, मणिमारन सिद्धार्थ, दिग्वेश सिंह, आकाश सिंह, शमर जोसेफ, प्रिंस यादव, मयंक यादव, रवि बिश्नोई।

# डीसी-आरसीबी के बीच टेबल टॉपर बनने की जंग



**नई दिल्ली।** आईपीएल-2025 में इस सीजन का 46वां मैच आज दिल्ली कैपिटल्स और ऱयल्स चैलेंजर्स बेंगलुरु के बीच खेला जाएगा। दिन का दूसरा मैच भारतीय समयानुसार, शाम 7.30 बजे से दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में शुरू होगा। इस मुकाबले में मेजबान दिल्ली कैपिटल्स का सामना रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से होगा। ये मैच इसलिए भी अहम है, क्योंकि इसको जीतने वाली टीम आईपीएल 2025 की पॉइंट्स टेबल में टॉप पर पहुंच जाएगी। वहीं मैच में भारत के दो धुरंधर बल्लेबाज विराट कोहली और केएल राहुल और आस्ट्रेलिया के दो खतरनाक तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और जोश हेजलवुड आकर्षण का केंद्र होंगे। ऐसे में इस मैच से पहले ये भी जानना जरूरी है कि अब तक आईपीएल में इन दोनों में से किसका पलड़ा ज्यादा भारी रहा है? इंडियन प्रीमिय लीग में दिल्ली कैपिटल्स और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हेड टू हेड रिकॉर्ड की बात करें तो अब तक इन दोनों टीमों का आमना-सामना कुल 32 मैचों में हुआ है। इनमें से 12 मैच जहां दिल्ली कैपिटल्स ने जीते हैं। वहीं, आरसीबी ने 19 मैचों में जीत दर्ज की है। जबकि एक मैच बेनतीजा रहा है। इस तरह अभी तक आरसीबी का पलड़ा डीसी से ज्यादा भारी रहा है। आईपीएल में चीजें तेजी से बदल सकती हैं लेकिन मौजूदा फॉर्म को देखते हुए दिल्ली और आरसीबी दोनों के प्ले-ऑफ में पहुंचने की उम्मीद है।

**दिल्ली कैपिटल्स**

जेक फ्रेजर-मैक्गर्क, फॉफ डु प्लेसिस, अभिषेक पोरेल (विकेट-कीपर), समीर रिजवी, अक्षर पटेल (कप्तान), ट्रिस्टन स्टब्स, विप्रज निगम, मिचेल स्टार्क, कुलदीप यादव, मोहित शर्मा, मुकेश कुमार, आशुतोष शर्मा, करुण नायर, डोनोवन फरेरा, त्रिपुराना विजय, दर्शन नालकांडे, टी नटराजन, दुष्मंथा चमीरा, अजय जादव मंडल, मनवंत कुमार एल और माधव तिवारी।

**बेंगलुरु**

विराट कोहली, फिलिप साल्ट, रजत पाटीदार (कप्तान), लियाम लिविंगस्टोन, जितेश शर्मा (विकेट-कीपर), टिम डेविड, क्रुणाल पंड्या, रसिख डार सलाम, सुयश शर्मा, जोश हेजलवुड, यश दयाल, देवदत्त पडिक्कल, अभिनंदन सिंह, मनोज भांडागे, रोमारियो शेफर्ड, स्वप्निल सिंह, भुवनेश्वर कुमार, लुंगी एनगिडी, नुवान तुषारा, जैकब बेथेल, मोहित राठी और स्वास्तिक चिकारा।




**आज का मैच**

TATA IPL

मुंबई Vs लखनऊ — दोपहर 3.30 बजे

दिल्ली Vs बंगलूरु — शाम 7.30 बजे

# SRH की चेन्नई सुपर किंग्स पर जीत



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद ने चेन्नई सुपर किंग्स को 5 विकेट से हरा दिया है। इस जीत के साथ हैदराबाद ने अपनी प्लेऑफ की उम्मीदों को जीवंत रखा है, दूसरी ओर चेन्नई के लिए प्लेऑफ की राह मुश्किल हो गई है। हैदराबाद ने 8 गेंद शेष रहते यह मुकाबला जीत लिया है। यह आईपीएल इतिहास में पहली बार है जब SRH ने चेपॉक मैदान में चेन्नई सुपर किंग्स को हराया है। सनराइजर्स हैदराबाद को 155 रनों का लक्ष्य मिला था। पहले ओवर की दूसरी गेंद पर खलील अहमद ने अभिषेक शर्मा को आउट कर दिया, अभिषेक खाता तक नहीं खोल पाए. आमतौर पर मैदान में बवंडर लाने वाले ट्रेविस हेड का बल्ला भी खामोश दिखा, जो 16 गेंद में सिर्फ 19 रन बना पाए. हैदराबाद टीम की मुश्किलें बढ़ती जा रही थीं, क्योंकि हेनरिक क्लासेन भी 7 रन बनाकर चलते बने। इस तरह SRH ने 54 के स्कोर पर 3 बड़े विकेट गंवा दिए थे।

## दुनिया का 8वां अजूबा CSK पर भारी



कामिंदु मेंडिस ने इस मैच में SRH की जीत में बड़ा योगदान दिया। पहले उन्होंने फील्डिंग के समय डेवाल्ड ब्रेविस का अविश्वसनीय कैच लपका, जो CSK के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। ब्रेविस ने 42 रनों की तेजतर्रार पारी खेल चेन्नई को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया था। मेंडिस छठे क्रम पर बैटिंग करने आए, जब उनकी टीम को 8 ओवरों में जीत के लिए 65 रनों की जरूरत थी। मेंडिस ने यहां से एक छोर संभाले रखा और 22 गेंद में 32 रनों की नाबाद पारी खेली। उन्होंने छठे विकेट के लिए नितीश कुमार रेड्डी के साथ नाबाद 49 रनों की पार्टनरशिप कर SRH की जीत सुनिश्चित की।

**एशियाई अंडर-15 और 17**

# मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का जलवा



भारत ने अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 पदक पक्के किए

**नई दिल्ली।** भारत के चार और मुक्केबाजों ने सेमीफाइनल में जगह बनाकर यहां चल रही पहली एशियाई अंडर-15 और अंडर-17 मुक्केबाजी चैंपियनशिप में देश के लिए 43 पदक भारत ने अंडर-15 वर्ग में कम से कम 25 पदक पक्के कर लिए हैं, जबकि अंडर-17 वर्ग में 18 पदक जीतने तय हैं, क्योंकि सेमीफाइनल में पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों को कम से कम कांस्य पदक मिलता है। अमन सिवाच (63 किग्रा) और देवांश (80 किग्रा) ने अंडर-17 लड़कों के क्वार्टर फाइनल मुकाबलों में क्रमश: फिलीपींस और जॉर्डन के मुक्केबाजों के खिलाफ आरएससी (रेफरी द्वारा मुकाबला रोकना) में जीत हासिल की। लड़कियों के वर्ग में, सिमरनजीत कौर (60 किग्रा) ने जॉर्डन की अया अलहसनत पर 5-0 से जीत दर्ज की, जबकि हिमांशी (70 किग्रा) ने फिलिस्तीन की फराह अबू लैला के खिलाफ आरएससी के साथ पहले ही दौर में अपना मुकाबला समाप्त कर दिया।

# एएफआई ने पुरुषों की 400 मीटर रिले टीम में किया बदलाव



**नई दिल्ली।** भारत ने चीन के ग्वांगझू में 10 से 11 मई तक होने वाली विश्व रिले के लिए पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर टीम में बदलाव किया है जिसमें पेरिस ओलंपिक में प्रभावित करने में विफल रही टीम से केवल एक धावक ही जगह बना पाया है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ (एएफआई) द्वारा भेजी गई विश्व रिले टीम में संतोष कुमार तमिलारासन को छोड़कर अन्य सदस्य नए हैं। नए सदस्य धर्मवीर चौधरी, रिंस जोसेफ, तुषार कांति, जय कुमार, मोहित कुमार, टी एस मनु और टी के विशाल हैं।

दक्षिण कोरिया के गुमी में 27-31 मई तक होने वाली एशियाई एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए शुक्रवार को इसी आठ सदस्यीय पुरुष चार गुणा 400 मीटर रिले टीम की घोषणा की गई थी। विशाल, जय कुमार, मनु, धरमवीर और जोसेफ कोच्चि में हाल ही में संपन्न फेडरेशन कप में पुरुषों की 400 मीटर फाइनल में इसी क्रम में पहले से पांचवें स्थान पर रहे थे। तुषार, मोहित और तमिलारासन सेमीफाइनल में दौड़े लेकिन फाइनल में पहुंचने में असफल रहे।

पेरिस ओलंपिक में मुहम्मद अनस, मुहम्मद अजमल, अमोज जैकब, राजेश रमेश, मिजो चाको कुरियन और तमिलारासन की भारतीय चार गुणा 400 मीटर रिले टीम हीट चरण से आगे नहीं बढ़ पाई। हालांकि, तमिलारासन उस चौकड़ी का हिस्सा नहीं थे जिसने प्रतिस्पर्धा पेश की थी। भारत ने मिश्रित चार गुणा 400 मीटर रिले टीम भी उतारी है जिसमें अमोज जैकब को जगह मिली है। टीम के अन्य सदस्य धर्मवीर चौधरी, टी के विशाल (दोनों पुरुष) और स्नेहा कोलेरी, जिस्ना मैथ्यू, रूपल और सुभा वेंकटेशन हैं। महिलाओं की चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर रिले, पुरुषों की चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर रिले, मिश्रित चार गुणा 100 मीटर और चार गुणा 400 मीटर रिले विश्व रिले का हिस्सा होंगी।

# BCCI के नए नियम का शिकार बने जडेजा



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच शुक्रवार को हो रहे मैच में ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा बैट साइज टेस्ट में फेल होने वाले नए खिलाड़ी बने। जडेजा की इसके बाद अंपायर से बहस भी हुई, लेकिन आखिरी में उन्हें दूसरा बल्ला मंगाना ही पड़ा। जडेजा सीएसके के लिए चार नंबर पर बल्लेबाजी करने आए. जिसके बाद अंपायर जडेजा के बैट का साइज चेक करने के लिए उनके पास पहुंचे। जडेजा का बल्ला टेस्ट में फेल हो गया. इसके बाद मजाकिया अंदाज में जडेजा ने बल्ले को जमीन पर पटका। जडेजा ने ऐसा इसलिए किया क्योंकि उन्हें लगा शायद इसके बाद बैट टेस्ट में पास हो जाए, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद अंपायर ने उनसे बल्ला बदलने को कहा. जडेजा ने ड्रेसिंग रूम में इशारा कर दूसरा बल्ला मंगाया। रिपोर्ट के मुताबिक इसके बाद एक बार फिर उनके बल्ले का टेस्ट हुआ. जिसके बाद उनका नया बैट टेस्ट में पास हो गया. जडेजा ने चेन्नई के लिए 17 गेंदों में 21 रनों की पारी खेलकर आउट हुए. जडेजा बैट साइज टेस्ट में फेल होने वाले पहले बल्लेबाज नहीं हैं। जडेजा से पहले कोलकाता नाइट राइडर्स के सुनील नरेन और एनरिक नॉर्खिया भी बैट साइज टेस्ट में फेल हो चुके हैं. बीसीसीआई ने ये नया नियम इसलिए लाया है ताकि बल्ले और गेंद के बीच में बैलेंस बना रहे. नियम के मुताबिक बैट की चौड़ाई 10.79, मोटाई 6.7 और लंबाई 96.4 सेंटीमीटर से ज्यादा नहीं होनी चाहिए। बता दें कि खिलाड़ियों का पहले भी बैट साइज टेस्ट होता था. लेकिन पहले यह ड्रेसिंग रूम में होता था। वहीं अब बीसीसीआई ने बदलाव करते हुए मैदान में ही टेस्ट करवाने का फैसला लिया। बैट की चेकिंग के लिए होम शेप्ड बैट गेज का इस्तेमाल होता है। यह एक तरह का रिंग होता है। जिसमें से बैट को गुजरना पड़ता है।

# तनुश कोटियन की पंजाब में एंट्री



**नई दिल्ली।** आईपीएल 2025 शानदार अंदाज में खेला जा रहा है। जहां सभी टीमें प्लेऑफ में पहुंचने के लिए जोर आजमाइश कर रही हैं। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स की टीम ने मौजूदा सीजन अच्छा प्रदर्शन किया है और वह प्लेऑफ में पहुंचने की प्रबल दावेदार है। अब सीजन के बीच में ही तनुश कोटियन पंजाब किंग्स में नेट गेंदबाज के तौर पर शामिल हो गए।

आईपीएल 2025 मेगा ऑक्शन में किसी भी टीम ने उन्हें भाव नहीं दिया था और वह अनसोल्ड रहे थे, तब उनका बेस प्राइज सिर्फ 30 लाख रुपए था। कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर पंजाब किंग्स के ट्रेनिंग सेशन के दौरान 26 साल के कोटियन पर बल्लेबाजों को गेंदबाजी करते और स्पिन गेंदबाजी कोच सुनील जोशी ने उनके साथ बातचीत भी की।

**घरेलू क्रिकेट में किया दमदार प्रदर्शन**

पंजाब किंग्स के पास मुख्य स्पिनर युजवेंद्र चहल हैं जबकि हरप्रीत बरार और प्रवीण दुबे के रूप में उनके पास दो लेग स्पिन विकल्प हैं। KKR जैसे विरोधियों के खिलाफ अपनी तैयारी में विविधता लाने के लिए पंजाब ने नेट गेंदबाजी के लिए ऑफ स्पिनर तनुष कोटियन को बुलाया। तनुष ने घरेलू क्रिकेट में दमदार प्रदर्शन किया है और मुंबई को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी में दिलाने में अहम भूमिका अदा की। ऐसा माना जा रहा है कि श्रेयस अय्यर ने तनुष को पंजाब किंग्स में जगह दिलाने में अहम रोल निभाया है। अय्यर भी घरेलू क्रिकेट में मुंबई के लिए खेलते हैं। 26 साल के तनुष ने अभी तक 37 फर्स्ट क्लास मैचों में कुल 112 विकेट अपने नाम किए हैं। इसके अलावा 21 लिस्ट-ए मैचों में उनके नाम पर 22 विकेट दर्ज हैं। श्रेयस अय्यर की कप्तानी में पंजाब किंग्स की टीम ने अभी तक कुल 8 मुकाबले खेले हैं, जिसमें से पांच में जीत दर्ज की है और चार मैच हारे हैं। 10 अंकों के साथ उसका नेट रन रेट प्लस 0.177 है। वह प्वाइंट्स टेबल में पांचवें नंबर पर मौजूद है। उसका केकेआर के खिलाफ मुकाबला 26 अप्रैल को होगा।

# पर्थ में ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ भारतीय महिला टीम का आगाज



**पर्थ।** एक महीने तक चलने वाले सीनियर राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के बाद, भारतीय महिला हॉकी टीम 26 अप्रैल से 4 मई तक ऑस्ट्रेलिया के चुनौतीपूर्ण पांच मैचों के दौरे के लिए तैयार है। यह दौरा 26 और 27 अप्रैल को ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ दो मैचों से शुरू होगा, इसके बाद 1, 3 और 4 मई को पर्थ हॉकी स्टेडियम में दुनिया की नंबर 5 ऑस्ट्रेलियाई सीनियर महिला टीम के खिलाफ तीन मैच होंगे। भारतीय टीम ने पिछली बार घरेलू मैदान पर एफआईएच हॉकी प्रो लीग (महिला) में भाग लिया था, जहां उन्होंने मिश्रित अभियान में दो जीत और एक शूटआउट जीत दर्ज की थी। उन्होंने टूर्नामेंट का समापन शानदार तरीके से किया, उन्होंने विश्व की नंबर 1 नीदरलैंड के खिलाफ निर्धारित समय में 2-2 से ड्रॉ के बाद रोमांचक शूटआउट में बोनस अंक हासिल किया। हॉकी इंडिया ने दौरे के लिए 26 सदस्यीय टीम की घोषणा की है, जिसमें सलीमा टेटे कप्तान और नवनीत कौर उप-कप्तान हैं। उभरती हुई ड्रैग-फ्लिकर दीपिका, जिन्होंने फरवरी में प्रो लीग मैचों के दौरान तीन गोल करके प्रभावित किया था, अपनी फॉर्म को जारी रखना चाहेंगी। यह दौरा अनुभवी गोलकीपर सविता के लिए भी मील का पत्थर साबित होगा, जिन्होंने हाल ही में 300 अंतरराष्ट्रीय मैच पूरे किए हैं और डिफेंस की अगुआई करना जारी रखा है।

**टीम में पांच नए चेहरे शामिल हैं -** ज्योति सिंह, सुजाता कुजूर, अजमीना कुजूर, पूजा यादव और महिमा टेटे - जो ऑस्ट्रेलिया में सीनियर टीम में पदार्पण कर सकती हैं। एक्सपोजर टूर इन युवा खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय अनुभव हासिल करने और शीर्ष स्तर की हॉकी की तीव्रता के अनुकूल होने का अवसर प्रदान करता है। ऑस्ट्रेलिया पारंपरिक रूप से एक मजबूत प्रतिद्वंद्वी रहा है, दोनों पक्षों के बीच खेले गए 16 मैचों में से 10 में जीत हासिल की है और तीन ड्रॉ रहे हैं। हालांकि, भारत एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023-24 में ऑस्ट्रेलिया पर अपनी हालिया 1-0 की जीत से आत्मविश्वास हासिल करेगा और उस गति को बनाए रखना चाहेगा।

# उम्मीद है कि योगासन को ओलंपिक खेल के रूप में देखेंगे : मांडविया



**नई दिल्ली।** योग को विश्व के लिये भारत का उपहार बताते हुए खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने कहा कि दुनिया में जिस तरह से योग का प्रचार हो रहा है, उम्मीद है कि जल्दी ही योगासन को ओलंपिक खेल के रूप में देखेंगे। दूसरी एशियाई योगासन चैम्पियनशिप के उद्घाटन के मौके पर मांडविया ने कहा, 'योग विश्व के लिये भारत का बहुत बड़ा उपहार है। हम भाग्यशाली है कि हमें विरासत में योग मिला और योग से ही 'वसुधैव कुटुम्बकम' निकला जो हमारा संस्कार है।'

उन्होंने विश्व योगासन के अध्यक्ष स्वामी रामदेव से दुनिया के विभिन्न देशों में योग महासंघ के गठन का अनुरोध करते हुए उन्होंने कहा कि इससे योगासन को ओलंपिक खेल का दर्जा मिलने का मार्ग प्रशस्त होगा। उन्होंने कहा, 'दुनिया में आज जिस तरह से योग प्रचारित हो रहा है। मैं स्वामी रामदेव से अनुरोध करूंगा कि अगर दुनिया भर में अपने अपने देश में योग महासंघ का गठन हो जायेगा तो हम जल्दी ही योगासन को ओलंपिक खेल के रूप में देखेंगे।' मांडविया ने कहा, 'ओलंपिक में योगासन में पदक चाहे कोई भी जीते लेकिन श्रेय भारत का रहेगा।' भारत सरकार ने दिसंबर 2020 में योगासन को प्रतिस्पर्धी खेल के रूप में मान्यता दी थी। उत्तराखंड में इस साल की शुरूआत में हुए 38वें राष्ट्रीय खेलों में इसे पदक खेल के रूप में शामिल किया गया जबकि पहले यह नुमाइशी खेल ही था। एशियाई योगासन चैम्पियनशिप को इस दिशा में मजबूत कदम माना जा रहा है। योगासन भारत द्वारा खेल मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के सहयोग 25 से 27 अप्रैल तक इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में दूसरी एशियाई योगासन खेल चैंपियनशिप का आयोजन किया जा रहा है।

इस प्रतियोगिता में 17 एशियाई देशों के कुल 170 खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। यह चैंपियनशिप चार आयु वर्ग 10 से 18, 18 से 28, 28 से 35 और 35 से 45 वर्ष में आयोजित की जा रही है। चैंपियनशिप का पहला सत्र 2022 में थाईलैंड के बैंकॉक में आयोजित किया गया था। खेलमंत्री मांडविया ने कहा, 'वर्तमान समय में हम जिस विज्ञान, स्वास्थ्य का इस्तेमाल कर रहे हैं, अगर उसकी पृष्ठभूमि में देखें तो हमारे ऋषि मुनियों का ज्ञान है । हम चरक और सुश्रुत के देश से हैं और योग हमारा संस्कार, जीवनशैली और संपूर्ण स्वास्थ्य है।' उन्होंने कहा, 'हमारे लिए स्वास्थ्य सेवा है, उद्योग नहीं। मुझे बताया गया कि योग दुनिया में कई मिलियन डॉलर का उद्योग हो गया है लेकिन हमने कभी स्वास्थ्य को उद्योग के रूप में नहीं देखा। यही हमारा संस्कार है, स्वभाव है और जीवनशैली है। इसी को अपनाते हुए हमें विकसित भारत, समृद्ध भारत और स्वस्थ भारत बनाने के लिये आगे बढना है।' खेल राज्य मंत्री रक्षा खड़से ने कहा कि योग को अब एशियाई स्तर से आगे ले जाने का समय है।

# कप्तान रहाणे छू सकते हैं बड़ा मुकाम



**नई दिल्ली।** आईपीएल-2025 के 45वें मैच में डिफेंडिंग चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स यानी KKR की टीम पंजाब किंग्स से टक्कर लेने के लिए तैयार है। कोलकाता के ईडन गार्डन्स में शनिवार को खेले गए मुकाबले में अपने प्रदर्शन के साथ रिकॉर्ड को सुधारने पर रहा। IPL के 18वें सीजन में कोलकाता का प्रदर्शन कुछ खास नहीं रहा है। फिलहाल पंजाब के खिलाफ मैच में कोलकाता के कप्तान अजिंक्य रहाणे की निगाहें एक बड़े रिकॉर्ड पर रहीं।

**गेल और उथप्पा से टक्कर?**

दरअसल, पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच में अजिंक्य रहाणे बड़ा मुकाम हासिल कर सकते हैं। रहाणे ने IPL में 193 मैचों की 179 पारियों में 4913 रन बनाए हैं। आईपीएल में महज 83 रन बनाने में कामयाब उनके कामयाब होते ही वह क्रिस गेल और रॉबिन उथप्पा से आगे निकल जाएंगे।

| IPL में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज | |
|---|---|
| विराट | 8396 |
| रोहित शर्मा | 6856 |
| शिखर धवन | 6769 |
| डेविड वॉर्नर | 6565 |
| सुरेश रैना | 5528 |
| धोनी | 5383 |
| डिविलियर्स | 5162 |
| केएल राहुल | 5006 |

# 'धुरंधर' की शूटिंग पूरी करके अब इस शहर रवाना होंगे रणवीर सिंह

अभिनेता रणवीर सिंह को लेकर यूं तो फिल्म 'डॉन 3' का एलान हो चुका है। दर्शक भी इसी फिल्म का सबसे ज्यादा इंतजार कर रहे हैं। मगर, फिलहाल रणवीर अपनी आगामी फिल्म 'धुरंधर' की शूटिंग में व्यस्त हैं। आदित्य धर इसका निर्देशन कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक मुंबई में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और अब टीम अगली लोकेशन पर जाने की तैयारी में है।

### अब अमृतसर रवाना होगी टीम

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक 'धुरंधर' फिल्म की शूटिंग मुंबई में पूरी हो चुकी है। कहा जा रहा है कि अब टीम अमृतसर में फिल्म की शूटिंग करेगी। रणवीर सिंह करीब सालभर से अपनी इस आगामी फिल्म की शूटिंग कर रहे हैं। शूटिंग शुरू करने से पहले रणवीर, निर्देशक आदित्य धर के साथ अमृतसर के स्वर्ण मंदिर दर्शन करने गए थे।

### ये सितारे भी आएंगे नजर

कहा जा रहा है कि टीम अमृतसर में जहां शूटिंग करने वाली है, उन कुछ लोकेशन को लॉक किया गया है। फिल्म 'धुरंधर' में रणवीर सिंह के अलावा आर माधवन, यामी गौतम, संजय दत्त और अर्जुन रामपाल भी अहम भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म सच्ची घटना पर आधारित बताई जा रही है।



### मुंबई में हुई एक्शन सीन की शूटिंग

मीडिया रिपोर्ट्स में सामने आई जानकारी के मुताबिक अब फिल्म की अगली शूटिंग अमृतसर में होने वाली है। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक मुंबई में मड आइलैंड पर इस फिल्म की शूटिंग चल रही थी, जो पूरी हो चुकी है। अब अगला पड़ाव अमृतसर है। सूत्रों के मुताबिक, मड आइलैंड में कई अहम सीन शूट हुए, इनमें कुछ एक्शन सीन भी शामिल हैं।



# रिद्धि डोगरा ने बॉलीवुड को दी ये बेहतरीन फिल्में

फिल्म 'अबीर गुलाल' 9 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इससे पहले इस फिल्म पर विवाद हो रहा है। दरअसल, 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हो गया है। इसलिए इस फिल्म का विरोध हो रहा है। फिल्म में पाकिस्तानी अभिनेता फवाद खान ने अभिनय किया है। इस फिल्म से अभिनेत्री रिद्धि डोगरा भी जुड़ी हैं। रिद्धि डोगरा को पाकिस्तानी अभिनेता के साथ काम करने के लिए ट्रोल किया जा रहा है। ऐसे में हम आपको रिद्धि डोगरा की उन फिल्मों के बारे में बता रहे हैं जिनमें उन्होंने अभिनय किया है।

**लकड़बग्घा :** फिल्म 'लकड़बग्घा' साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में अंशुमन झा और रिद्धि डोगरा ने अभिनय किया है। फिल्म में कोलकाता से गैर कानूनी तरीके से जानवरों की तस्करी की जाती है।

**जवान :** 'जवान' फिल्म साल 2023 में रिलीज हुई थी। इस फिल्म में शाहरुख खान और नयनतारा के अलावा रिद्धि डोगरा हैं। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कामयाब रही थी। फिल्म में रिद्धि डोगरा ने कावेरी अम्मा का किरदार निभाया है।

**टाइगर 3 :** साल 2023 में 'टाइगर 3' रिलीज हुई थी। इस फिल्म में सलमान खान, कटरीना कैफ, इमरान हाशमी के अलावा रिद्धि डोगरा भी हैं। फिल्म में रिद्धि डोगरा ने इमरान हाशमी की पत्नी शाहीन का किरदार निभाया है। फिल्म में सलमान और कटरीना एक सैन्य समूह की योजनाओं को नाकाम करने के लिए निकलते हैं।

**द साबरमती रिपोर्ट :** 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म 2024 में रिलीज हुई थी। फिल्म में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना के अलावा रिद्धि डोगरा भी थीं। फिल्म को समीक्षकों ने सराहा था लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म अच्छा प्रभाव नहीं डाल सकी थी।



# माधुरी के खातिर डॉ. नेने ने दांव पर रखा करियर

## छोड़ी नौकरी, आए भारत, खुश नहीं थे धक-धक गर्ल के सास-ससुर

माधुरी दीक्षित ने अपने दौर में एक से बढ़कर एक पिल्मों में काम किया और लोगों के दिलों पर राज किया। माधुरी ने अनिल कपूर, संजय दत्त, सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान के कभी न भूलने वाली फिल्में दी हैं। माधुरी का वो स्वीट स्माइल और जबरदस्त डांसिंग टैलेंट हर हीरो के साथ मैच हो जाता था। धक-धक गर्ल के नाम से इंडस्ट्री में फेमस हुईं माधुरी दीक्षित के अफेयर के किस्से भी खूब हुए। लेकिन, 17 अक्टूबर 1999 को उन्होंने डॉ. श्रीराम नेने से शादी कर उन सारी अफवाहों पर ब्रेक लगा दिया।

माधुरी दीक्षित ने शादी के बाद कुछ समय के लिए दूरी बना ली, लेकिन फिर जबरदस्ती वापसी की और अपने एक्टिंग करियर में फिर से रम गईं। ये सब उनके पति के वजह से मुमकिन हो सका। माधुरी दीक्षित के पति डॉ. श्रीराम नेने ने पत्नी के करियर को संवारने के लिए अपना बना बनाया करियर दांव पर लगा दिया था और भारत वापस आ गए। लेकिन उनके इस फैसले से उनके माता-पिता बिलकुल खुश नहीं थे। डॉ. नेने ने अपने यूट्यूब चैनल पर भारत आने के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने कहा, 'मैं भारतीय हूं। मैं एक प्रवासी परिवार से आया हूं और मेरे माता-पिता निश्चित रूप से खुश नहीं थे कि मैं एक हार्ट सर्जन की नौकरी छोड़ रहा हूं, जो हर भारतीय का सपना होता है। मैं एक हॉस्पिटल का हैड था, अच्छी परिस्थितियां और बहुत सारे दोस्त थे। पर मैं ज्यादा से ज्यादा 3-5 मरीजों की ओपन हार्ट सर्जरी कर सकता था और एक साल में शायद 500 मरीजों का इलाज कर सकता था। डॉ. नेने ने अपने शुरुआती करियर के बारे में भी बताया, 'मैंने 14 साल की उम्र में एक सॉफ्टवेयर कंपनी के साथ एक टेक उद्यमी के रूप में शुरुआत की थी। मेरे माता-पिता ने कहा कि आगे बढ़ने का एकमात्र तरीका डॉक्टर या इंजीनियर बनना है। हालांकि, मेडिकल फील्ड में एंट्री करने के बाद, उन्हें यह पेशा बहुत संतोषजनक लगा और उन्हें अपने काम से प्यार हो गया', उन्होंने कहा, 'मुझे बहुत संतोष मिला और मरीजों को स्वस्थ होकर अस्पताल से जाते देखना और उनके परिवारों के साथ बातचीत करना और उनके जीवन में बदलाव लाना अद्भुत था, लेकिन जब मैंने दुनिया को देखा तो मैंने कहा कि यहां 7 अरब लोग हैं।

आपको बता दें कि साल 1999 में हार्ट सर्जन डॉ. श्रीराम नेने से शादी करने के बाद, माधुरी अमेरिका चली गईं, जहां उन्होंने पारिवारिक जीवन को अपनाया और अपने बॉलीवुड करियर से दूर हो गईं। इस दौरान, उन्होंने फिल्मों और टेलीविजन पर कभी-कभी ही उपस्थिति दर्ज कराई।

# श्रुति हासन के इस सरप्राइज से चौंक गए एक्टर नानी

## खुशी से अभिनेत्री को लगाया गले

तेलुगु अभिनेता नानी इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'हिट 3' के प्रमोशन में व्यस्त हैं। फिल्म की बाकी कास्ट के साथ वो अलग-अलग जगहों पर फिल्म का प्रमोशन कर रहे हैं। इस बीच चेन्नई में फिल्म के प्रमोशन के दौरान सेट पर नानी को एक सरप्राइज मिला। इस सरप्राइज विजिट ने नानी के चेहरे पर मुस्कान ला दी। ये सरप्राइज उन्हें अभिनेत्री श्रुति हासन ने दिया।

### श्रुति की सरप्राइज विजिट से खुश हुए नानी

'हिटः द थर्ड केस' के प्रमोशन में जुटे अभिनेता नानी चेन्नई में फिल्म के प्रचार के दौरान तब खुशी से चौंक गए जब उनसे और फिल्म की पूरी टीम से मिलने अभिनेत्री श्रुति हासन अचानक पहुंच गई। श्रुति हासन की इस सरप्राइज विजिट से हर कोई खुशी से हैरान रह गया। श्रुति हासन से मिलकर नानी काफी खुश हुए। श्रुति हासन का ये सरप्राइज वीडियो अब वायरल है। श्रुति अचानक नानी से मिलने उनकी वैनिटी में पहुंचती हैं। दोनों गले मिलते हैं। इसके बाद श्रुति और नानी के बीच एक लंबी बातचीत होती है। इस दौरान श्रुति जिम के कपड़ों में लग रही हैं। वो शार्ट और टीशर्ट में है और अपने कंधे पर एक बैग टांगे हुए हैं। जबकि अभिनेता नानी व्हाइट टीशर्ट और क्रीम कलर की फेडेड ट्राउजर में नजर आ रहे हैं।

### 1 मई को रिलीज होगी फिल्म 'हिट: द थर्ड केस'

अभिनेता नानी की फिल्म 'हिटः द थर्ड केस' 1 मई को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। सैलेश कोलानू द्वारा निर्देशित ये फिल्म हिट यूनिवर्स का हिस्सा बनने वाली तीसरी फिल्म है। इससे पहले इसके दो पार्ट आ चुके हैं। फिल्म एक गुस्सैल पुलिस अधिकारी की कहानी पर केंद्रित है, जिसे कई हत्याओं के लिए जिम्मेदार सीरियल किलर की जांच का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया है। फिल्म में नानी के अलावा श्रीनिधि शेट्टी, आदिल पाला, राव रमेश, ब्रह्माजी और मगंती श्रीनाथ जैसे कई कलाकार मुख्य भूमिकाओं में नजर आएंगे।





# इस वजह से अनुष्का और विराट देश छोड़ लंदन में हुए शिफ्ट



अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बी-टाउन के सबसे पॉपुलर कपल्स में से एक हैं। एक तरफ अनुष्का का सिनेमा जगत में सिक्का चलता है, दूसरी ओर विराट मैदान में बल्ला चलाते हैं। दोनों जब भी साथ में आते हैं तो अपनी केमिस्ट्री से छा जाते हैं। मगर जब से दोनों देश छोड़ विदेश में शिफ्ट हुए हैं, तब से फैंस उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं।

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली 2024 से ही लंदन में रह रहे हैं। एक्ट्रेस ने अपने दूसरे बच्चे की डिलीवरी भी लंदन में ही कराई थी। कपल ने चुपके-चुपके विदेश में शिफ्ट होने का प्लान बना लिया था और वे पिछले साल वहां बस भी गए। मगर इसका असली कारण क्या है, यह अभी तक साफ नहीं हुआ था। मगर अब एक एक्ट्रेस के पति ने बताया है कि क्यों कपल देश छोड़ विदेश बस गया।

क्यों अनुष्का-विराट ने छोड़ा देश?

माधुरी दीक्षित के पति और डॉ श्रीराम नेने ने एक हालिया इंटरव्यू में खुलासा किया है कि अनुष्का ने आखिर क्यों पति विराट के साथ लंदन में शिफ्ट होने का फैसला किया था। रणवीर इलाहाबादिया के साथ बातचीत में श्रीराम नेने ने कहा, ₹हमने एक दिन अनुष्का के साथ बातचीत की और यह बहुत दिलचस्प थी। वे लंदन जाने के बारे में सोच रहे थे क्योंकि वे अपनी सफलता (यहां) को एन्जॉय नहीं ले पा रहे थे और हम उनकी इस परेशानी की सराहना करते हैं, क्योंकि वे जो कुछ भी करते हैं वह ध्यान आकर्षित करता है। हम आइसोलेटेड हो जाते हैं।

# रेड हॉट लूक में नेहा मलिक ने बढ़ाया सोशल मीडिया का टेम्परेचर

भोजपुरी फिल्मों की ग्लैमरस और बोल्ड एक्ट्रेस नेहा मलिक एक बार फिर से सुर्खियों में हैं। नेहा एक बार फिर अपनी हॉट और बोल्ड अदाओं से सोशल मीडिया पर छा गई हैं। इस बार एक्ट्रेस ने रेड कलर की हॉट ड्रेस में सिजलिंग अवतार दिखाया है। फैंस उनकी फोटोज, खूबसूरत और अदाओं की जमकर तारीफ कर रहे हैं।



नेहा मलिक की तस्वीरें आते ही इंटरनेट पर वायरल हो गईं। हर तरफ उनकी खूबसूरती और स्टाइल की चर्चा हो रही है। यूजर्स उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर कमेंट्स कर रहे हैं। नेहा ने इस पोस्ट के साथ एक बड़ी खुशखबरी भी दी है, उन्होंने बताया कि अब उनका पर्सनल ऐप भी लाइव हो चुका है। इस ऐप के जरिए फैंस उनसे डायरेक्ट चैट और वीडियो कॉल कर सकेंगे. नेहा ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'बड़ी खबर! मेरा ऐप अब लाइव हो गया है... ये सिर्फ एक ऐप नहीं है, ये पूरी वाइब है.. इसमें आपको मिलेगा रॉ कंटेंट, बिहाइंड द सीन झलकियां और सबसे मजेदार बात? इस अनाउंसमेंट के बाद फैंस बेहद एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। सब उनके नए प्लेटफॉर्म से जुड़ने को बेताब हैं। वहीं, रेड ड्रेस में नेहा का बोल्ड लुक फैंस को दीवाना बना रहा है. किसी ने उन्हें 'Stunning Queen' कहा तो कोई 'Gorgeous Beauty' कहकर तारीफों की बौछार कर रहा है।


# रणबीर के साथ रिश्ते पर बोलीं दीपिका, ब्रेकअप के बाद इस तरह खुद को संभाला

फिल्म इंडस्ट्री में कदम रखने के बाद दीपिका पादुकोण और रणबीर कपूर ने एक दूसरे को कुछ दिनों तक डेट किया। कुछ दिनों के बाद दोनों के रिश्ते में कड़वाहट आ गई। बताया जाता है दीपिका ने रणबीर को धोखा देते हुए पकड़ लिया था। कॉस्मोपॉलिटन के साथ बातचीत में एक बार दीपिका पादुकोण ने अपने रिश्ते के में बारे में बात की थी।



### दीपिका पादुकोण को मिला धोखा

बातचीत में दीपिका ने बताया 'जब मजाक ही करना है, तो मैं किसी के साथ रिश्ते में क्यों रहूं? इससे अच्छा है कि आप अकेले रहें और मजे करें। लेकिन हर कोई ऐसे नहीं सोचता। शायद इसीलिए मुझे अतीत में दुख हुआ। मैं बेवकूफ थी जो उन्हें (रणबीर) दूसरा मौका दिया, हालांकि उन्होंने माफी मांगी। मेरे आस-पास के लोग बोल रहे थे कि वह अभी भी स्थिर नहीं है। इसके बाद मैंने उन्हें रंगे हाथों पकड़ा। इससे बाहर निकलने में मुझे वक्त लगा लेकिन मैंने अपने आपको संभाला। कोई ऐसी चीज नहीं थी जो मुझे वापस भेज देती। वह जहाज डूब चुका था।'



### दीपिका ने ब्रेकअप के बाद अपने आपको बेहतर किया

दीपिका ने आगे कहा 'पहली बार जब उसने मुझे धोखा दिया तो मुझे लगा कि रिश्ते में या मुझमें कुछ गड़बड़ है। लेकिन जब कोई इसकी आदत बना लेता है तो आपको समझ आता है कि दिक्कत उसी में है। मैंने अपने रिश्ते के लिए बहुत कुछ किया, बदले में कुछ नहीं मांगा। लेकिन बेवफाई की वजह से चीजें खराब हुईं। इसके बाद मुझे एहसास हुआ कि किसी भी चीज या इंसान के साथ ज्यादा लगाव मत रखो। ब्रेकअप के बाद मैंने अपने आपको बेहतर किया।'

### चारों लोग खुश हैं

ब्रेकअप के कई साल बाद दीपिका पादुकोण ने रणवीर सिंह से शादी कर ली। रणबीर कपूर ने आलिया भट्ट से शादी कर ली। चारों अपनी शादी से खुश हैं और मां-बाप भी बन चुके हैं।

# धूप में कहर ढा गई ये हसीना

## 37 की उम्र में भी दिखा 27 वाला ग्लैम!

टीवी की ये मशहूर एक्ट्रेस एक बार फिर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की वजह से सुर्खियों में हैं। सोशल मीडिया पर एक्टिव रहने वाली इस हसीना ने हाल ही में कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं, जिनमें उनका अंदाज देखते ही बन रहा है। 37 साल की उम्र में भी उनका कॉन्फिडेंस, स्टाइल और खूबसूरती देखकर फैंस उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

हम बात कर रहे हैं रुबीना दिलैक की, इस बार एक्ट्रेस ने ब्राउन कलर के स्टाइलिश गाउन में फोटोशूट करवाया है। खुले बाल, हाथ में घड़ी और ब्रेसलेट साथ में नेट का ट्रांसपेरेंट दुपट्टा उनकी खूबसूरती में चार चांद लगा रहा हैं। धूप में खड़े होकर दिए गए उनके पोज वाकई में 'कातिलाना' लग रहे हैं। तस्वीरों के साथ उन्होंने लिखा, सुनहरी धूप ने कुछ इस तरह से छुआ।।। और वाकई फोटोज देखकर ऐसा ही लग रहा है, कि धूप ने उन्हें और भी निखार दिया है।



फैंस भी उनकी इन तस्वीरों पर दिल खोलकर प्यार लुटा रहे है, किसी ने उन्हें अप्सरा कहा तो किसी ने ब्यूटी विद ब्रेन। एक यूजर ने लिखा, आप तो किसी क्वीन से कम नहीं लग रहीं। शिमला की रहने वाली रुबीना दिलैक ने 'मिस शिमला' जैसे ब्यूटी कॉन्टेस्ट्स जीते हैं। बहुत कम लोग जानते हैं, कि एक्ट्रेस बनने से पहले वह आईएएस अफसर बनना चाहती थीं। चंडीगढ़ में तैयारी कर रही थीं, तभी एक फ्रेंड ने उन्हें टीवी शो 'छोटी बहू' के ऑडिशन के लिए कहा, जिसके बाद वो ऑडिशन के लिए गईं और वहां वो सिलेक्ट कर ली गईं और यहीं से उनके एक्टिंग करियर की शुरुआत हुई।

'छोटी बहू' में राधिका के किरदार ने उन्हें घर-घर में पहचान दिलाई। इसके बाद उन्होंने 'पुनर्विवाह', 'शक्ति', 'सास बिना ससुराल', 'जीनी और जूजू' जैसे कई हिट शोज किए। इतना ही नहीं, रुबीना ने बॉलीवुड में भी कदम रखा और राजपाल यादव के साथ फिल्म 'अर्ध' में नजर आईं।

रुबीना दिलैक ने साबित कर दिया है, कि उम्र सिर्फ एक संख्या है, असली बात है आत्मविश्वास और मेहनत। सोशल मीडिया पर उनके लेटेस्ट लुक्स और दिल छू लेने वाली कैप्शन उनके फैंस के लिए एक ट्रीट की तरह हैं।